रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹75,680 10 ग्राम

₹87,950 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 80,109.85 | 84.275 |
| +992.74 | -0.161 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 26 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 291, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com




पेज-10 शाश्वत गोयनका बोले, ऋषभ पंत...

सबसे ज्यादा **संपत्ति**



रामेश्वर उरांव 42.20 करोड़



शशि भूषण मेहता 32.15 करोड़



संजय प्र. यादव 29.59 करोड़



सबसे कम संपत्ति

जयराम महतो 02.55 लाख

# झारखंड विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों में 89% 'करोड़पति'

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के लिए 2024 में नवनिर्वाचित विधायकों में 89 फीसदी 'करोड़पति' हैं। झारखंड इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के रामेश्वर उरांव 42.20 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ सबसे अमीर विधायक हैं। एडीआर ने चुनाव जीतने वाले 81 उम्मीदवारों में से 80 के हलफनामों का विश्लेषण किया। एडीआर ने पाया कि 71 नवनिर्वाचित विधायक 'करोड़पति' हैं। यह संख्या 2019 में चुने गए ऐसे विधायकों की संख्या से 20 फीसदी ज्यादा है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल 71 करोड़पति विधायकों में से 28 झामुमो, 20 भाजपा, 14 कांग्रेस, चार राजद, दो भाकपा (माले) लिबरेशन और एक-एक लोजपा (रामविलास), जद (यू) और आजसू पार्टी से हैं। यानी जेएमएम के सबसे ज्यादा विधायक करोड़पति हैं। इस चुनाव में झामुमो ने 34 विधानसभा सीटों जबकि उसके सहयोगी कांग्रेस ने



16, राजद ने चार और भाकपा (माले) लिबरेशन ने दो सीटों पर जीत दर्ज की। पांच साल पहले 2019 में चुने गए 81 विधायकों में से 56 'करोड़पति' थे। 2014 में करोड़पति विधायकों की संख्या 41 थी। इस चुनाव में जीतने वाले हर उम्मीदवार की औसत संपत्ति 6.90 करोड़ रुपये है। साल 2019 के चुनाव में हर उम्मीदवार की औसत संपत्ति 3.87 करोड़ रुपये थी।

पांकी सीट से जीतने वाले भाजपा के कुशवाहा शशि भूषण मेहता 32.15 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर नवनिर्वाचित विधायक हैं, जबकि गोड्डा सीट से जीतने वाले राजद के संजय प्रसाद यादव 29.59 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ तीसरे नंबर पर हैं। डुमरी सीट से जीते झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के जयराम कुमार महतो के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास करीब 2.55 लाख रुपये की संपत्ति है। 14 नवनिर्वाचित विधायकों ने एक करोड़ रुपये और उससे अधिक की देनदारियों की घोषणा भी की है।

**किस दल में कितने करोड़पति**

| झामुमो | भाजपा | कांग्रेस | आजसू | राजद | भाकपा | जदयू | लोजपा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | 20 | 14 | 01 | 04 | 02 | 01 | 01 |

71 करोड़पति विधायक हैं इस विधानसभा में

6.90 करोड़ रुपये औसत संपत्ति है विधायकों की

14 विधायक 1 करोड़ से अधिक के कर्जदार

# मंत्रिमंडल गठन की चर्चा में व्यस्त रहे हेमंत सोरेन

**कांग्रेस** और **राजद** कोटे के मंत्रियों का नाम इन दलों के आलाकमान तय करेंगे

**सीपीआई एमएल** ने अब तक मंत्रिमंडल में भागीदारी पर निर्णय नहीं लिया है

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड में चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हेमंत सोरेन नए मंत्रिमंडल के गठन को लेकर सोमवार को सीएम आवास में अपने विश्वस्त लोगों के साथ विमर्श में व्यस्त रहे। मालूम हो कि शपथ ग्रहण समारोह 28 नवंबर को दिन के 11.30 बजे मोरहाबादी मैदान में आयोजित होना है। इसे लेकर हरस्तर पर बड़े पैमाने पर तैयारी चल रही है। इसके पहले गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं के साथ बैठक में भी मंत्रिमंडल के गठन पर चर्चा हुई थी। स्पष्ट हो चुका है कि गठबंधन में शामिल कांग्रेस और राजद कोटे वाले मंत्रियों का नाम इन दलों के आलाकमान तय करेंगे।

गठबंधन की एक अन्य साझीदार सीपीआई (एमएल) ने अब तक मंत्रिमंडल में भागीदारी पर निर्णय नहीं लिया है। अगर वे मंत्रीमंडल में शामिल होते हैं तो ऐसा होता है तो राज्य में पहली बार सरकार में सीधे तौर पर किसी वाम पार्टी की भागीदारी होगी। झारखंड के मंत्रिमंडल में सीएम सहित अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। गठबंधन में झामुमो के 34, कांग्रेस के 14, राजद के 4 और सीपीआई (एमएल) के 2 विधायक हैं। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा से छह, कांग्रेस से तीन या चार, राजद से एक या दो और सीपीआई (एमएल) से एक विधायक को शामिल किया जा सकता है। इस मंत्रीमंडल में ईसाईयों के प्रतिनिधित्व पर भी विषेश ध्यान दिया जाएगा।



**कैबिनेट की पहली बैठक में हो सकते हैं अहम फैसले :** शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट की पहली बैठक की भी तैयारी चल रही है, जिसमें कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं। विभिन्न विभागों में लंबित बहालियों को लेकर बड़ा निर्णय होने की संभावना है।

## शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया ब्लॉक के बड़े नेता होंगे शामिल

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राजद सुप्रीमो लालू यादव, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सीपीआईएमएल के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री को आमंत्रण भेजा जा रहा है।

### झामुमो कोटे से ये बन सकते हैं मंत्री

झामुमो कोटे से इस बार नए मंत्रियों के रूप में जामा सीट से जीत दर्ज करने वाली लुईस मरांडी, महेशपुर के विधायक स्टीफन मरांडी, टुंडी के विधायक मथुरा महतो और भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव के नाम की चर्चा है। चाईबासा के विधायक दीपक बिरुआ और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन को मंत्री के रूप में रिपीट किया जाना तय माना जा रहा है। लुईस मरांडी भाजपा के रघुवर सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं।

### कांग्रेस कोटे से इन नामों की चर्चा

कांग्रेस कोटे के मंत्रियों में लोहरदगा के विधायक रामेश्वर उरांव, पोड़ैयाहाट के विधायक प्रदीप यादव, महागामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह और बेरमो के विधायक अनूप सिंह के नाम की चर्चा है। राजद कोटे से देवघर के विधायक सुरेश पासवान का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। अगर 28 नवंबर तक मंत्रिमंडल के सभी नामों पर सहमति नहीं बनी तो हेमंत सोरेन के साथ दो या तीन मंत्री शपथ ले सकते हैं।

### सीएम आवास में दिनभर लगी रही मुलाकातियों की भीड़

मुख्यमंत्री आवास में सोमवार को मुलाकातियों और नेताओं का तांता लगा रहा। कई नेता हेमंत व कल्पना सोरेन को व्यक्तिगत रूप से जीत की बधाई देने पहुंचे। वहीं पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी हेमंत सोरेन से मिलने पहुंचे। रांची प्रेस क्लब के प्रतिनिधियों ने भी हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें जीत की बधाई दी।

# विस में एंग्लो इंडियन का प्रतिनिधित्व समाप्त इस बार नहीं दिखेंगे विधायक नंबर 82

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद निर्वाचन आयोग ने 81 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची राज्यपाल को सौंप दी है। इसके साथ ही नई विधानसभा के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बार गठित होने वाली विधानसभा में सदस्यों की संख्या 82 से घटकर 81 रह गई है। इसकी वजह यह है कि विधानसभा में 82वें विधायक के रूप में एंग्लो इंडियन समुदाय के किसी व्यक्ति को मनोनीत करने की संवैधानिक व्यवस्था अब समाप्त हो गई है। वर्ष 2019 में झारखंड की पांचवीं विधानसभा का गठन होने के बाद राज्य सरकार ने मैकलुस्कीगंज निवासी ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन को सदन के 82वें सदस्य के रूप में मनोनीत किया था।



**2009 में जोसेफ ग्लेस्टिन का दूसरी बार मनोनयन हुआ। 2014 और 2019 में उनके पुत्र ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन मनोनीत किए गए**

पांचवीं विधानसभा के विघटन की अधिसूचना जारी होते ही उनका यह स्टेटस समाप्त हो जाएगा।

ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन कहते हैं कि उन्हें इस बात का दुख है कि अब एंग्लो इंडियन समुदाय का कोई भी व्यक्ति झारखंड की विधानसभा में नहीं दिखेगा। देश की संसद और कई अन्य राज्यों की विधानसभाओं में भी 1952 से चली आ रही संवैधानिक व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 334 बी में यह व्यवस्था की गई थी लोकसभा में एंग्लो इंडियन समुदाय के अधिकतम दो सदस्यों का मनोनयन भारत के राष्ट्रपति करते थे, वहीं अनुच्छेद 333 के अंतर्गत राज्यों की विधानसभाओं में अधिकतम एक सदस्य को मनोनीत करने का अधिकार राज्यपाल के पास था। जनवरी, 2020 में संसद में पारित 126वें संविधान संशोधन के जरिए संसद और देश के 13 राज्यों की विधानसभाओं में एंग्लो इंडियन समुदाय के मनोनयन की व्यवस्था समाप्त कर दी गई। झारखंड जब एकीकृत बिहार का हिस्सा था, तब वहां विधानसभा के सदस्यों की संख्या 325 होती थी। 324 विधायक विभिन्न क्षेत्रों से निर्वाचित होते थे। जबकि, 325वें सदस्य के रूप में एंग्लो इंडियन समुदाय से एक व्यक्ति का मनोनयन होता था। झारखंड जब वर्ष नवंबर 2000 में अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया, तब एंग्लो इंडियन विधायक का कोटा बिहार से झारखंड स्थानांतरित हो गया। इसके बाद जोसेफ पंचोली ग्लेस्टिन 2005 में पहले एंग्लो इंडियन विधायक मनोनीत किए गए। 2009 में उनका दूसरी बार मनोनयन हुआ। 2014 और 2019 में उनके पुत्र ग्लेन जोसेफ गॉलस्टेन विधायक मनोनीत किए गए थे।

## संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शीतकालीन सत्र के पहले दिन विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गयी। दोनों सदनों की कार्यवाही बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। अडानी रिश्वत और मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की मांग उठा रहे विपक्ष ने सरकार को इस मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही को पहले 12 बजे और बाद में दिनभर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। ऐसी ही स्थिति राज्यसभा की भी रही और कार्यवाही को बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को संविधान दिवस मनाया जाएगा। मालूम हो कि रविवार को हुए सर्वदलीय बैठक में ही इसके संकेत मिल गये थे। इंडिया गठबंधन के दलों ने आडाणी, मणिपुर और वक्फ संशोधन बिल पर अपना विरोध दर्ज करया था।

## हुड़दंगबाजी से संसद को नियंत्रित करने की कोशिश करने वालों को जनता ने नकारा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संसद का शीतकालीन सत्र बहुत उत्पादक होगा और उम्मीद जताई कि इससे भारत की वैश्विक स्थिति को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के बाहर शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि संसद के समय का उपयोग और सदन में हमारा व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे वैश्विक स्तर पर भारत को जो सम्मान मिला है, वह और मजबूत हो। विपक्ष पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 80-90 बार जनता ने जिनको लगातार नकार दिया है, वे ना संसद में चर्चा होने देते हैं, ना लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं, ना ही वो लोगों की आकांक्षाओं का कोई महत्व समझते हैं। परिणाम स्वरूप जनता को बार-बार उनको रिजेक्ट करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि



लोकतंत्र की शर्त है कि हम जनता की भावनाओं का सम्मान करें और उनकी आशाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह बार-बार खासकर विपक्ष के साथियों से आग्रह करते रहे हैं और कुछ विपक्षी बहुत जिम्मेदारी से व्यवहार करते भी हैं। उनकी भी इच्छा रहती है कि सदन में सुचारू रूप से काम हो लेकिन लगातार जिनको जनता ने नकार दिया है, वे अपने साथियों की बात को भी दबा देते थे, उनकी भावनाओं का भी अनादर करते थे, लोकतंत्र की भावनाओं का अनादर करते थे। इस सत्र के महत्व के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 2024 का ये अंतिम कालखंड चल रहा है और देश पूरे उमंग और उत्साह के साथ 2025 के स्वागत की तैयारी में भी लगा हुआ है। संसद का यह सत्र कई मायनों में विशेष है और सबसे महत्वपूर्ण बात संविधान के 75वें वर्ष में प्रवेश है। उन्होंने कहा कि कल (26 नवंबर) संविधान सदन में सब मिलकर इस संविधान के 75वें वर्ष की, उसके उत्सव की शुरूआत करेंगे। नए संसद सदस्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे नए साथियों के पास नए विचार हैं। भारत को आगे ले जाने के लिए नई-नई कल्पनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत की संसद से वो संदेश भी जाना चाहिए कि भारत के मतदाता, उनका लोकतंत्र के प्रति समर्पण, उनका संविधान के प्रति समर्पण, उनका संसदीय कार्य पद्धति पर विश्वास, संसद में बैठे हुए हम सबको जनता-जनार्दन की इन भावनाओं पर खरा उतरना ही पड़ेगा।

# इंडिया | जाना था रंगून पहुंच गए जापान पुराना हुआ और नया जानलेवा



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

तकनीक के युग में भारत में वैश्विक सुविधाएं उपलब्ध हैं और जब से गूगल के सैटेलाइट की सेवा भारत ले रहा है तब से बड़े शहरों में कहीं का पता पूछना जुर्म हुआ और तेज भागती जिंदगी में छोटे शहरों में किसी को रास्ता दिखाने की फुर्सत ही नहीं । ऐसे में सबसे भरोसेमंद गाइड गूगल मैप या गाड़ियों में लगा जीपीएस सिस्टम है जिसके बारे में कहा जाता है कि यदि किसी कारण से गूगल की सेवाएं बाधित हो जाए तो भागती हुई दिल्ली ठहर जाए क्योंकि प्रायः हर गाड़ी में लगे मोबाइल आधारित जीपीएस या गूगल मैप पर निर्भरता ऐसी हो गई है कि पहले की तरह ऑटो वाले या टैक्सी वाले गलियों या जगहों के नाम याद करना भूल गए हैं । यात्री भी इन सुविधाओं पर इतना भरोसा करते हैं कि किसी से पूछने या बाहर देखने की जहमत तक नहीं उठाते और अपनी ही दुनिया या सोशल मीडिया में लगे रहते हैं । तकनीक पर विश्वास करना ठीक है लेकिन अति विश्वास करना खतरनाक ही नहीं जानलेवा साबित हो रहा है। प्रेम में लोग क्या कुछ नहीं कर गुजरते हैं, लेकिन कभी-कभी प्रेम के चक्कर में जान जाने तक की भी नौबत आ जाती है। कुछ ऐसा ही यूपी के मऊ में मामला सामने आया था । जब प्रेमिका के बुलाने पर युवक बलिया जिले से मऊ उसके घर पहुंच गया, लेकिन मैप की गलती से प्रेमिका के कमरे की बजाय उसकी मां के कमरे में पहुंच गया, फिर क्या था, लोगों ने पकड़ कर कूट दिया। जान बचाने के लिए युवक दूसरी मंजिल से कूद गया। मामला 20 अक्टूबर का है।2023 की अंधेरी रात में भारी बारिश हो रही थी। एक अनाजान सड़क पर पांच युवक अपने एक दोस्त के बर्थडे सेलिब्रेट कर लौट रहे थे। रास्ता नहीं जानते थे इसलिए उन्होंने अपनी कार में जीपीएस चालू कर दिया। भारी बारिश होने के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ था और वे मैप देखकर सीधे आगे चलते जा रहे थे। उनकी कार नदी में चली गई जहां पानी ज्यादा होने के कारण दो लोगों की जान चली गई। होंडा सिविक कार में सवार तीन अन्य लोग खुद को किसी तरह बाहर निकालने में कामयाब रहे। दो दिन पहले उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक दुखद घटना घटी। तीन युवा गुरुग्राम से एक शादी के लिए बरेली जा रहे थे। वे दिशा-निर्देशों के लिए गूगल मैप्स का उपयोग कर रहे थे, जो अधूरे फ्लाईओवर से होते हुए सबसे तेज़ मार्ग दिखा रहा था।पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में तीन लोगों की मौत हो गई, जब गूगल मैप्स पर उनकी कार निर्माणाधीन पुल पर ले गई और कार नदी में 50 फीट की ऊँचाई से रामगंगा नामक उथली नदी में जा गिरी। विशेषज्ञ बताते हैं कि तकनीक आधारित जीपीएस या गूगल जहां नेटवर्क नहीं रहता या कमजोर रहता है वहां भ्रमित हो जाता है या अगर गूगल मैप गलत टाइम शो कर रहा है, तो इसके पीछे कई वजह हो सकती हैं अगर आपके फोन में जीपीएस सिग्नल सही से नहीं आ रहा है इससे गूगल मैप्स पर असर पड़ता है, वो जल्दी से लोकेशन को ट्रैक नहीं कर पाता है। फोन में कम नेटवर्क कवरेज के वजह से गूगल मैप एग्जैक्ट लोकेशन नहीं दिखा पाता है। कई बार आप अपने फोन में बैटरी बचाने के चक्कर में बैटरी सेविंग मोड ऑन करके रखते हैं। इससे फोन के कुछ फंक्शन ऑटोमेटिकली नहीं चलते हैं, नेट स्लो चलता है इसलिए गूगल मैप्स सटीक रास्ता नहीं दिखा पाता है। आजकल अत्याधुनिक सुविधाओं वाली गाड़ियों में अच्छी गुणवत्ता वाले जीपीएस लगे होते हैं पर कभी कभी कुछ खास क्षेत्रों में उनमें भी समस्या होती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि लोकेशन स्टार्ट होने पर व्हीकल मोड में कार मोड, वॉक मोड, बस मोड साइकिल मोड आदि में से एक सलेक्ट करना जरूरी होता है। कई बार आप इस पर ध्यान नहीं देते हैं और कार से जाते टाइम वॉक मोड सलेक्ट कर के गलियों में फंस जाते हैं. अगर आप कार मोड सलेक्ट करेंगे तो ये आपको उतना ही चौड़ा रास्ता दिखा सकता है। लेकिन वॉक मोड में पैदल का रास्ता दिखाता है जिसमें कार फंस सकती है। अगर आप गूगल मैप के जरिए सही मंजिल पर पहुंचना चाहते हैं तो अपने फोन में नेविगेशन सेटिंग्स में अवॉइड हाईवे का ऑप्शन सलेक्ट करके उसे बंद करें। आईफोन की सेटिंग्स में लोकेशन सर्विस का ऑप्शन सलेक्ट करने के बाद प्रिसाइस लोकेशन ऑन जरूर करें। अब आप गूगल मैप का इस्तेमाल कर सकते हैं इसके बाद आपके फंसने के चांस कम हो सकते हैं। हैकर्स जीपीएस स्पूफिंग वैध ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (जीपीएस) सिग्नल की नकल करने के लिए फर्जी रेडियो सिग्नल का उपयोग करते हैं, जिससे जीपीएस-प्राप्त करने वाले उपकरणों को उनके वास्तविक स्थान के बारे में गलत जानकारी मिलती है।



नितिन, मृतक

अमित, मृतक

अजीत, मृतक

**संविधान दिवस समारोह आज**

## राष्ट्रपति करेंगी संबोधित, संस्कृत व मैथिली में संविधान का संस्करण

**एजेंसी**


**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। इस दौरान एक सिक्का और डाक टिकट जारी किया जाएगा। पुस्तकों का विमोचन होगा। इसके साथ ही संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन किया जाएगा। गौरतलब है कि 26 नवंबर को संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ आयोजित की जा रही है। संविधान दिवस का यह कार्यक्रम संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में होगा। लोक सभा सचिवालय का कहना है कि भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने का यह 75वां वर्ष है।



देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मगंलवार को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करेंगी। लोक सभा सचिवालय के मुताबिक भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य, दिल्ली स्थित मिशनों के प्रमुख और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

शेष पेज 11 पर








## सभी ने हेमंत को जीत की दी बधाई

निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चौथी बार मुख्यमंत्री के रूप में आगामी 28 नवंबर को शपथ ग्रहण से पहले सोमवार को उनसे मिलने कई लोग आए। रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवास पर उनसे मुलाकात करने के लिए पहुंचे लोगों में पूर्व मंत्री  से लेकर आमलोग भी शामिल थे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया संविधान रक्षक अभियान चलाने का निर्देश

### आज से 26 जनवरी 2025 तक चलेगा अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान पांच विषयों को लक्षित कर चलाने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि संविधान और समानता की लड़ाई, संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा, भेदभाव का उन्मूलन, गरीबों के संविधान विरुद्ध पूंजीवादी सरकार के पक्षपात को उजागर करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा के हमलों को लेकर यह अभियान चलाया जाएगा। 26 नवंबर से 26 जनवरी, 2025 तक यह अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान के दौरान एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान समुदायों की स्थिति को खराब करने और इन्हें लक्ष्य करने वाली विभाजनकारी नीतियों को उजागर किया जाएगा।

सोनाल ने कहा कि अभियान के जरिए भाजपा द्वारा भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले आंकड़े, पूंजीपतियों के प्रति पक्षपातपूर्ण नीतियों, केंद्र सरकार के



*संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा के हमलों को लेकर यह अभियान चलाया जाएगा*

शासनकाल में उत्पन्न आर्थिक असमानता, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग से जनता को अवगत कराया जाएगा। जातिगत जनगणना की वकालत और आरक्षण प्रणाली पर भाजपा के भेदभाव पूर्ण विचारधारा को जनता के सामने लाना इस अभियान का अहम हिस्सा होगा।

उन्होंने बताया कि संविधान रक्षक अभियान के तहत रैलियां, जनसंपर्क, जमीनी स्तर पर जनसंवाद कर सभी मुद्दों को जनता के सामने लाया जाएगा। अभियान के द्वारा संविधान प्रदत अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा को प्रतिबद्धता का प्रमाण बनाया जाएगा।

### 28 को होगा नई सरकार का गठन, बोले सुप्रियो भट्टाचार्य

## सरकार बनते ही वादों को पूरा करेंगे

- *इंडिया गठबंधन की जीत को पचा नहीं पा रहा विपक्ष*
- *परिणाम के बाद भी भाजपा नेता बोल रहे घृणा की भाषा*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू स्थित झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में सोमवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 28 नवंबर को झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई सरकार का गठन कर लिया



जाएगा। इसके बाद यह सरकार किए गए वादों को पूरा करने में लग जाएगी। ये बातें उन्होंने झामुमो के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा, लेकिन विपक्ष यानी बीजेपी के नेता, जनता से मिले जनादेश और इंडिया गठबंधन की जीत को पचा नहीं पा रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि परिणाम के बाद भी भाजपा के नेताओं के मुंह से जो घृणा की भाषा निकल रही है, वह चिंताजनक है। जबकि, हम शुरू से शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव और मुद्दों पर चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने कहा, अभी बीजेपी की बैठक भी होगी। उसमें विधायक दल का नेता भी चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जहर फैलाया गया था, इन इलाकों से भी उनका सुपड़ा साफ हो गया। पूरे संथाल की 18 सीटों में से सिर्फ एक सीट उनको मिली है। राजमहल से जो उनके विधायक थे, वे भी घुसपैठ मामले को, अपनी सरकार रहते हुए भी सदन में उठाते थे। लेकिन, उनकी सरकार मानती थी कि यहां कोई घुसपैठ नहीं है। इस बार उनकी जिद के कारण बीजेपी का केंद्रीय नेतृत्व भी कथित घुसपैठ की बातें करने लगा। सुप्रियो ने कहा कि 2025 में जनगणना होने की संभावना है। इसके बाद परिसीमन भी होगी। हमलोगों ने पहले भी ये आशंका जाहिर की है कि जो यहां की आरक्षित सीटें हैं, आदिवासी और हरिजन के लिए, उन पर इनका प्रहार होने जा रहा है।




*दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में आज देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सम्मिलित हुए एवं झारखंड पवेलियन मे जा कर भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं झारखंड से आए लोगों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भ्रमण कर लोगों को प्रोत्साहित किया और उनका हौसला अफजाई की।*

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 10 साल की सजा

**रांची (हि.स.)।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने सोमवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश करने के मामले में दोषी करार अभियुक्त सुखैर उरांव उर्फ लंगड़ा को 10 साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही, अदालत ने उस पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अदालत ने उसे पिछले सप्ताह दोषी करार दिया था।

## निशिकांत ने झामुमो कार्यकर्ताओं पर लगाया हमला करने का आरोप

**रांची (हि.स.)।** गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने झामुमो पर भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। सांसद ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा है कि देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा सीट पर परिणाम आने के बाद झामुमो कार्यकर्ता रैली निकालकर जश्न मना रहे थे। इसी बीच, रैली में मौजूद कुछ कार्यकर्ताओं के जरिये मधुपुर के मदनकट्टा स्थित संजय गुप्ता नाम के भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला किया गया।

घटना को लेकर मधुपुर के भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने कहा कि जिस तरह से 24 नवंबर को जश्न मनाने के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ता संजय गुप्ता के घर पर हंगामा किया, यह निंदनीय है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायक हफीजुल हसन और उनके कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि रविवार को झामुमो के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ता संजय गुप्ता के घर पर हमला किया और उनके घर पर लगे भाजपा के झंडे को तोड़ने का प्रयास किया। गंगा नारायण सिंह ने कहा कि हफीजुल हसन अपनी ताकत और बल का इस्तेमाल करके मधुपुर की



जनता को परेशान करना चाह रहे हैं। जिस तरह से यह घटना हुई है, इससे स्पष्ट पता चल रहा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को टारगेट कर उन्हें तंग करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस मामले में करौ थाना के प्रभारी अमर कुमार ने कहा कि थोड़ी देर के लिए माहौल खराब जरूर हुआ था, जिसके चलते थोड़ी देर के लिए सड़क भी जाम कर दिया गया था। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को समझाकर शांत कराया गया।

झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि निशिकांत दुबे द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं। वह सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए इस तरह की बातों को लिखते हैं।

## शपथ ग्रहण से जुड़ीं सभी व्यवस्थाएं ससमय पूरी कर लें : रांची उपायुक्त



- *मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को होना है समारोह*
- *डीसी ने की बैठक, तैयारियों पर की चर्चा, दिए निर्देश*

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 28 नवंबर को राज्य के नए मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद के सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा बड़ी संख्या में लोगों के आने की संभावना है। इसके मद्देनजर उपायुक्त वरुण रंजन ने समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिनियुक्त कराने को लेकर निर्देश दिए। रांची उपायुक्त ने निर्देश दिया कि कार्यक्रम संबंधित सभी व्यवस्थाएं तय समय में पूरा करा लें। इसमें यातायात, खान-पान, दूसरे राज्यों से आने वाले मेहमानों के आवासन, पार्किंग, यातायात, वीवीआईपी गाड़ियों के मूवमेंट, कंट्रोल रूम, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, अग्निशमन एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह स्थल मोरहाबादी में हो रही तैयारियों का जायजा भी लिया। साथ ही, संबंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियां तय समय में पूरा कर ले।

### मुख्य सचिव ने शपथ समारोह की तैयारियों की समीक्षा में दिए निर्देश



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में 28 नवंबर को होने वाले हेमंत सोरेन के शपथ समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। इसे लेकर कई दिशा-निर्देश भी दिए। शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन का जिम्मा रांची जिला प्रशासन को सौंपा गया है। इसके लिए रांची डीसी वरुण रंजन को कई दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। कैबिनेट कोर्डिनेशन डिपार्टमेंट इस पूरे आयोजन की मॉनीटिरिंग करेगा।

### विधानसभा चुनाव संपन्न होने के साथ आचार संहिता समाप्त

**रांची।** झारखंड में आदर्श चुनाव आचार संहिता सोमवार को खत्म हो गई है। चुनाव आयोग ने आचार संहिता समाप्त करने की सोमवार को घोषणा कर दी है। इस संदर्भ में सभी कैबिनेट सेक्रेटरी, चीफ सेक्रेटरी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को लेटर जारी कर दिया गया है। विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में 15 अक्टूबर से आचार संहिता लागू था। ऐसे में कोई नया काम नहीं हो रहा था। अब सभी काम हो सकेंगे। झारखंड में चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के तहत 200 करोड़ से अधिक मूल्य के कैश, नशीली पदार्थ और शराब जब्त की गई थी। वहीं, एमसीसी के मामले में 100 से अधिक एफआईआर दर्ज किए गए हैं।

### आलमगीर के पीए संजीव और उनके नौकर की डिस्चार्ज पर फैसला आज

**रांची (हि.स.)।** टेंडर घोटाले में करोड़ों रुपये की मनी लॉड्रिंग करने के आरोपित आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट आज फैसला सुनाएगा।




# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में उत्पन्ना एकादशी व्रत का अनुष्ठान आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की उत्पन्ना एकादशी का व्रत मंगलवार (26 नवंबर) को मनाया जाएगा। इस दिन विशेष आराधना, स्तुति आदि पूजन के बाद प्रातः 7:00 बजे से आम श्रद्धालु एवं व्रती अपने-अपने अभीष्टों के लिए दर्शन पूजा कर सकेंगे। मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए प्रातः 7:00 से दिन में 12:00 बजे तक तथा सायं 4:00 बजे से 7:00 बजे तक खुले रहेंगे।





श्रीधाम वृंदावन से आए जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी का हुआ स्वागत

वहीं, सोमवार के सायं जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज पूरे एक सप्ताह के प्रवास पर रांची के प्रसिद्ध श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पधारे हैं। श्रीस्वामी जी के साथ श्री गोविंद दास जी महाराज और श्री दामोदर दास जी भी आए हैं। मंदिर में जगद्गुरु श्रीस्वामी जी का गंगाजल से पूर्ण आम्रपल्लव और नारियल युक्त कांस्य कलश निवेदन कर विशेष मत्रों के उच्चारण और स्वस्तिवाचन करते हुए आरती उतारी गई। फिर उन्हें मंदिर के अंदर प्रवेश कराया गया। इसके बाद भगवान वेंकटेश्वर की अर्चना और आरती की गई। फिर शठारी तीरथ प्रदान कर माला धारण कराया तथा पुनः स्वस्तिवाचन हुआ।

एकादशी के एक दिन पहले भगवान श्रीतिरुपति बालाजी का उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत दूध, दही, हल्दी, चंदन, डाभयुक्त जल, शहद एवं गंगाजल से महाभिषेक हुआ। आभूषणों का अलंकार और पुष्पों का शृंगार निवेदन कर महाआरती की गई।



## मुख्यमंत्री से मिला रांची के पत्रकारों का शिष्टमंडल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के पत्रकारों के एक शिष्टमंडल ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। साथ ही, उनके दोबारा चुने जाने पर बधाई देने के साथ अगली सरकार के लिए शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान एक संक्षिप्त और अनौपचारिक चर्चा में उन्हें पत्रकारों द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए भी आमंत्रित किया गया। इस पर सोरेन ने सहमति भी दी। वहां पर बधाई देने वालों की भारी भीड़ होने तथा कई प्रशासनिक बैठकों के बावजूद पत्रकारों की समस्याओं के मुद्दे पर चर्चा की। अपनी व्यस्तताओं के बीच भी सोरेन ने पत्रकारों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर पूरा ध्यान देकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। सोरेन से मिलने वाले पत्रकारों में जावेद अंसारी, सुरेंद्र सिंह, अमरकांत के अलावा पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह, शिव कुमार अग्रवाल, रतन लाल, जगदीश सिंह अमृत, नित्यानंद शुक्ला, शकील अख्तर, मनीष सिंह, विवेक सिंह, रमाकांत दुबे, सुनील चौधरी और रजत कुमार गुप्ता शामिल थे।

## परम ज्ञान सत्संग के समारोह में आएंगी साध्वी निर्मल बहन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम रायपुर चौड़ परमपुरी की रांची संगत शाखा द्वारा परम ज्ञान सत्संग वार्षिक समारोह मेकॉन इस्पात क्लब एवं मेकॉन नर्सरी श्यामली कॉलोनी डोरंडा रांची में आयोजित किया गया है। इस पुनीत अवसर पर संन्यास संघ परम धाम निजी न्यास के अध्यक्ष महामंडलेश्वर साध्वी निर्भयानंदपुरी जी निर्मल बहन जी का शुभागमन होने जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रांची संगत शाखा ने सभी सत्संग प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे सभी सत्संग में सपरिवार भाग लें।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के घर चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के घर में रविवार की देर रात चोरी के बाद उन्होंने सोमवार को थाने में मामला दर्ज कराया है। भाजपा प्रवक्ता के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू कॉलोनी के सहजानंद चौक पर स्थित घर में चोरी हुई है। शाहदेव ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि बदमाशों ने उनके घर के स्टोर रूम में घुसकर 2100 रुपये नकदी, पीतल और कांसा बर्तन चोरी कर फरार हो गए हैं। एक बदमाश की तस्वीर भी सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस शाहदेव के घर पहुंची और गहन-जांच पड़ताल की। इस दौरान एफएसएल टीम ने वहां से कई जांच के नमूने एकत्र किए। अरगोड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वर्ष 2011 में रांची में हुआ था 34वां राष्ट्रीय खेल

# नेशनल गेम्स घोटाले में सीबीआई ने शुरू की शिकायतकर्ताओं से पूछताछ

### शिकायतकर्ता ने दायर किया था प्रोटेस्ट पिटीशन

### सीबीआई कोर्ट ने दिया था दोबारा जांच का आदेश

**रांची (हि.स.)।** 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले में सीबीआई ने शिकायतकर्ता से पूछताछ शुरू कर दी है। इस मामले के शिकायतकर्ता पंकज यादव के अलावा सुशील सिंह मंटू और सूर्य सिंह बेसरा से सीबीआई उनका पक्ष जान रही है। सीबीआई विधानसभा जांच कमेटी के अध्यक्ष सरयू राय से भी मामले में पूछताछ कर तथ्यों की जानकारी ले सकती है। शिकायतकर्ता पंकज यादव ने यह जानकारी सोमवार को दी। राष्ट्रीय खेल घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश झारखंड हाई कोर्ट ने दिया था। इसके बाद सीबीआई ने जांच कर इस मामले में क्लोजर रिपोर्ट जमा कर दी थी। स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण में और स्पोर्ट्स उपकरण की खरीदारी को लेकर तीन अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर झारखंड हाई कोर्ट ने फरवरी, 2022 में जांच के आदेश दिए थे। कसल्टेंसी के चयन से लेकर



उपकरण की खरीदारी में अनियमितता का आरोप लगाया गया था।

सीबीआई जांच में आरोपितों को क्लीनचिट दे दी गई थी और केस को बंद करने से पहले सीबीआई कोर्ट ने याचिकाकर्ता पंकज यादव सहित दो अन्य शिकायतकताओं को समन भेजकर अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया था।

शिकायतकर्ता पंकज यादव ने सीबीआई कोर्ट में प्रोटेस्ट पिटीशन दायर कर सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट को चैलेंज किया था। उन्होंने सीबीआई कोर्ट को बताया कि सीबीआई ने अपनी जांच रिपोर्ट में लापरवाही बरती है। जिस पर विधानसभा जांच कमिटी ने मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण में अनियमितता की बात कही है, उस जांच कमिटी से ना तो बात की है और ना ही उस पहलू पर जांच की है। याचिकाकर्ता का यह भी आरोप था कि सीबीआई ने उनसे भी पूछताछ नहीं की है।

सीबीआई कोर्ट ने शिकायतकर्ता पंकज यादव की मांग पर गत 13 सितंबर को दोबारा से सीबीआई को सभी बिंदुओं पर जांच के आदेश दिए थे। उल्लेखनीय है कि 34वां राष्ट्रीय खेल साल 2011 में रांची में हुआ था। इसके आयोजन के बाद कई तरह की वित्तीय अनियमितता और करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामले सामने आए थे। यह मामला 457 करोड़ के घोटाले से जुड़ा है। इस संबंध में आरसी 2/2022 के तहत सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी। मामले में सीबीआई ने गत 08 फरवरी क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी।





## झामुमो नेता अकील अख्तर ने हेमंत और कल्पना को दी जीत की बधाई

**रांची/धनबाद।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता अकील अख्तर उर्फ रिजवान ने रविवार को हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को आईएनडीआईए की प्रचंड जीत पर बधाई दी। ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन आगामी 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। वहीं, संभावना है कि कल्पना सोरेन भी मंत्री पद की शपथ लेंगी। रिजवान ने उन्हें शुभकामना देने के साथ ही उनसे कई बातों पर चर्चा भी की। ज्ञात रहे कि गांडेय विधानसभा सीट से रिजवान जेएलकेएम के उम्मीदवार थे। लेकिन, झामुमो में शामिल होकर उन्होंने कल्पना सोरेन की जीत का रास्ता साफ कर दिया था। कारण, जिस प्रकार से जेएलकेएम के प्रत्याशियों को एनडीए गठबंधन की हार का वजह बताया जा रहा है, गांडेय विधानसभा सीट पर भी कुछ वैसा ही होने की संभावना हो सकती थी। झामुमो में रिजवान के शामिल होने के बाद से ही चर्चा जोरों पर है और उम्मीद की जा रही है कि पार्टी में रिजवान को राज्य स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है।

## समय से पूरा नहीं हो पाएगा रिम्स का निमार्णाधीन आई हॉस्पिटल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चालीस करोड़ रुपये की लागत से रिम्स परिसर में आई हॉस्पिटल बन रहा है। इसमें चार लिफ्ट, तीन सीढ़ियां, एक रैंप, तीन मॉड्यूलर ओटी, दो सेमी मॉड्यूलर ओटी ओर एक माइनर ओटी होगी।

एक लाख तीस हजार स्क्वायर फीट में बन रहे इस सौ बेड के इस नेत्र अस्पताल का निर्माण आरएस अग्रवाल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी कर रही है। इस निर्माण को दिसंबर 2024 तक पूरा करना था। अभी की हालत को देखकर नहीं लगता है कि यह अगले महीने तक

सौ बेड का बन रहा है नेत्र अस्पताल



पूरा हो पाएगा। दिसंबर से इलाज की आस लगाए लोगों को गहरी निराशा हुई है।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन से बात की। उन्होंने कहा कि आई हॉस्पिटल के निर्माण में हो रही देरी को लेकर रिम्स में बैठक की गई थी। इस बैठक में कंपनी ने कमिटमेंट दिया था कि दिसंबर 2024 तक आई हॉस्पिटल बन जाएगा। मगर देरी क्यों हो रही है, यह तो कंपनी ही बता सकती है।

## जलापूर्ति शाखा ने जल कर संग्रहण के लिए की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में जल कर संग्रहण के लिए चयनित एजेंसी श्री पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स प्रा. लि. के साथ जलापूर्ति शाखा के कर्मियों की सोमवार को एक बैठक हुई।

इसमें दिशा-निर्देश दिया गया कि प्रत्येक घरों में जाकर संग्रहकताओं के माध्यम से शत-प्रतिशत विपत्र सभी उपभोक्ताओं को देना सुनिश्चित करें। नगर निगम के उप प्रशासक ने कहा कि राजस्व वसूली के कार्य में गति लाते हुए शीघ्र दिए गए लक्ष्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें। जिन उपभोक्ताओं का मीटर खराब हो चुका है या



बदल लिया गया है, उन्हें जल्द से जल्द एक औसत बिल देना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अवैध रूप से लिए गए जल संयोजन के उपभोक्ताओं को चिह्नित करते हुए उनके जल संयोजन को रेगुलराइज करने के लिए नियमानुसार कार्रवाई करें। इसके अलावा, विपत्र से जुड़ी त्रुटियों के शीघ्र समाधान के लिए टीम गठित करते हुए कार्रवाई करें। बैठक में जलापूर्ति शाखा के अधीक्षण अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, कार्यालय सहायक तथा एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## रांची में महिला ने की आत्महत्या

**रांची (हि.स.)।** शहर के लोअर बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थरकुदवा में किराए के मकान में रहने वाली एक महिला ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। महिला की शिनाख्त सीमा परवीन के रूप की गई है। पुलिस ने सोमवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। बताया जा रहा है कि महिला का सोहराम के साथ विवाह हुआ था। उसके दो बच्चे भी हुए। बाद में महिला ने सोहराम को तलाक दे दिया। इसके बाद महिला तीन साल से अजीम के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। अजीम ने शादी से इनकार किया, तो महिला ने धोखा देकर यौन संबंध बनाने को लेकर अजीम के खिलाफ वर्ष 2022 में केस दर्ज कराई थी, जिसमें अजीम बेल पर था।

## रांची के ग्रामीण एसपी ने की क्राइम मीटिंग, दिए दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभा कक्ष में क्राइम मीटिंग की। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के सभी डीएसपी, थाना प्रभारी और ओपी प्रभारी मौजूद थे।

ग्रामीण एसपी ने विगत माह में दिए गए निदेर्शों की समीक्षा बारी-बारी से सभी थाना प्रभारियों से की। साथ ही, लंबित मामलों, मामलों की समीक्षा के दौरान तकनीकी शाखा से टेक्निकल सहयोग लेने, एनबीडब्ल्यू वारंट का ससमय निष्पादन करते हुए न्यायालय को सूचित करने, लंबित पासपोर्ट का





सत्यापन, यूडी कांडों का समीक्षा करने, विगत एक वर्षों में जेल से छूटे आरोपियों का सत्यापन, संपत्तिमूलक कांडों के खुलासे, जुआ-शराब के अड्डेबाजी पर छापेमारी करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा, अनुसंधान नियंत्रण में प्रॉपर्टी ऑफेंस कांड, छिनतई, रेप, पॉक्सो, चोरी, लूट की समीक्षा करते हुए उसके निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। एसपी ने इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## सहिया-एएनएम मासिक बैठक हर महीने हो : डॉ माझी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वास्थ्य विभाग रांची के तत्वावधान में सोमवार को शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ असीम माझी जिला प्रजनन और बाल स्वास्थ्य अधिकारी (डीआरसीएचओ) रांची ने की। इस बैठक का उद्देश्य शहरी क्षेत्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा एवं आगामी माह की योजना के ऊपर चर्चा करना था। बैठक में परिवार नियोजन सेवाओं की समीक्षा, एनसीडी रिपोर्टिंग, एचएमआईएस पोर्टल पर सटीक डाटा प्रविष्टि और गुणवत्ता मूल्यांकन पर प्रमुख रूप से चर्चा की गई। इसका उद्देश्य शहरी

शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम की हुई समीक्षा बैठक



स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना था। डॉ असीम माझी ने कहा कि सभी केंद्र के पीएचएम को सहिय-एएनएम मासिक बैठक हर महीने करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में सभी सहिया व एएनएम का भाग लेना अनिवार्य है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को क्यूआईसी कमिटी सह डाटा कमिटी की बैठक में मासिक डाटा की समीक्षा करने के उपरांत ही पोर्टल पर डाटा एंट्री करना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही, उन्होने टीसीआई कार्यक्रम के द्वारा दिए जा रहे परिवार नियोजन एवं अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम सहयोग की सराहना की।

बैठक में परिवार नियोजन सेवाओं की मौजूदा स्थिति और उनकी गुणवत्ता में सुधार के उपायों पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी चर्चा की गई कि परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच को बढ़ाने के लिए किस प्रकार की रणनीतियों को लागू किया जा सकता है। साथ ही, इन सेवाओं के प्रति समुदाय की जागरूकता को भी बढ़ाने के उपायों पर विचार किया गया।

शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक कुलभूषण बाड़ा ने सभी सहियाओं को योग्य दंपति रजिस्टर बनाने एवं उसमें डाटा को अपडेट रखने का सुझाव दिया, जिससे कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उसे देखा जा सके एवं उसका मिलान भी किया जा सके।

### आज | कल





### जेएमएम महासचिव के बयान पर भाजपा के विजय चौरसिया ने किया पलटवार, कहा

# झारखंड मुक्ति मोर्चा अपने किए वादे पूरा करने पर ध्यान दे

- बोले प्रदेश प्रवक्ता
- वादे को पूरा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरे
- एनडीए राज्यहित में सहयोग के लिए हमेशा तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) महासचिव के बयान पर प्रहार करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने सोमवार को कहा कि जेएमएम के महासचिव को अब सरकार का गठन करवाकर जनता से किए अपने वादे पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। झारखंड की जनता ने उन्हें उनके किए वादे पर बहुमत दिया है। अब वे अपने किए वायदे को लागू करवा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरें। एनडीए राज्यहित में हमेशा सहयोग को तैयार है। चौरसिया ने कहा कि शायद जेएमएम के महासचिव को अभी से अपने किए वायदे को न पूरा कर सकने का डर सताने लगा है। शायद इसलिए वे राज्य की जनता का ध्यान भटकाने के लिए अलग-अलग कहानियां गढ़ने में लग गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा, हमें डर है कि फिर से 2019 की तरह ही वे अपने खुद के लिए वायदे को भूल न जाएं। हालांकि, इंडी गठबंधन के लोग इसे भूलने का प्रयास भी करेंगे, तो एनडीए उसे भूलने नहीं





देगी। दूसरी बात यह है कि इस सरकार में राज्य के संथाल में लगातार हो रहे घुसपैठ को एनडीए बिसार नहीं सकती है। यह हमारा राष्ट्रहित का विषय है। यह आदिवासी समाज और उसकी अस्मिता का विषय है। इस पीड़ा को हम तब और ज्यादा समझते और महसूस करते हैं, जब जेएमएम की जीत पर उनके लोग घुसपैठ जिंदाबाद के नारे लगाते हुए वीडियो जारी करते हैं, जब इस सरकार के घटक दल कांग्रेस के प्रभारी घुसपैठियों को भी रियायत दर 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात करते हैं।

उन्होंने कहा कि एक तरफ हेमंत सोरेन यह नहीं मानते हैं कि राज्य में कोई घुसपैठ हुआ है और दूसरी ओर इनके लोग घुसपैठ जिंदाबाद के नारे लगाते हैं। कहा, हम चुनाव जरूर हारे हैं, लेकिन हम जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों से कोई समझौता न कभी किया है और न कभी करेंगे। जेएमएम ने आने वाले दिसंबर माह से ही मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 भेजने का वायदा किया था सूबे की गृहणियों और किशोरियों से। हम कहेंगे कि शीघ्र मंत्रिमंडल का गठन कर वे दिसंबर माह से 2500 की राशि सभी को भेजें। जो किशोरियां और बहनें छुटी हुई हों, इस योजना से उन्हें शीघ्र जोड़ा जाए। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने के अपने वायदे को अमलीजामा पहनाना शुरू करें। इसी तरह किसानों से, युवाओं से किए अपने वायदे को पूरा करने में ध्यान दें। एनडीए के सभी घटक दलों का पूरी तरह से सहयोग रहेगा।

चौरसिया ने कहा हम आशा करते हैं कि इस सरकार में राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था सुचारू चलेगी, कानून का राज चलेगा। देखा जा रहा है कि इंडी गठबंधन की जीत के साथ ही राज्य में आपराधिक तत्व सिर उठाने लगे हैं। चोरी छिनतई के मामले अचानक से बढ़ गए हैं। कहा, हम आशा करते हैं कि इस बार इनके मंत्रीगण रिश्वतखोरी में जेल के सलाखों के पीछे नहीं जाएंगे।

## एक नजर

### नामकुम और टाटीसिलवे से बालू लदे तीन हाइवा जब्त

**नामकुम।** नामकुम और टाटीसिलवे थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार की सुबह बालू लदे तीन हाइवा को जब्त कर लिया। टाटीसिलवे से दो और नामकुम थाना क्षेत्र से एक हाइवा जब्त किया गया है। इस मामले में पुलिस ने वाहन मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बताया जाता है कि बालू तस्कर वाहनों से रात के अंधेरे में गांव और जंगल के रास्ते रांची में बालू की सप्लाई करते हैं। इससे पहले सोमवार की भोर साढ़े तीन बजे टीम कार से छापेमारी में निकली थी जिससे तस्कर धोखा खा गए और पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया।

### सेना के जवान की बीमारी से मौत

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के नयासराय नयाटोली निवासी भारतीय सेना के जवान लांस नायक मो रिजवान अंसारी (सिग्नल रेजिमेंट) की दिल्ली के सैन्य अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई। मो रिजवान अंसारी का पिछले दो माह से दिल्ली में इलाज चल रहा था। रविवार की शाम सात बजे रिजवान अंसारी का पार्थिव शरीर सेवा विमान से रांची एयरपोर्ट लाया गया। सोमवार को सुबह साढ़े नौ बजे सैन्य सम्मान के साथ उनके शव को नयासराय स्थित कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज पढ़कर मिट्टी दी गई। बताया जाता है कि सेना में जम्मू में तैनात थे तभी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे और उन्हें बेहतर इलाज के लिए दो माह पहले दिल्ली में भर्ती कराया गया था। जवान की मौत पर देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, ऐनुल हक, कुशवाहा विजय मेहता, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी और बजरंग महतो आदि ने गहरा शोक जताया है।

### चान्हो में चोरों ने चार घरों में दिनदहाड़े चोरी की

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के टांगर गांव में सोमवार को दिनदहाड़े चोरों ने चार घरों का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान और नगदी चुरा लिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर खेदू उरांव के घर से 50 हजार रुपये नगद, एक छोटा फोन और एक जोड़ा चांदी का पायल, परमेश्वरी उराइन के घर से 6000 रुपये नगद, बर्तन, चांदी का पायल और सोने का नेकलेस, चंपा उरांव के घर से 15 हजार रुपये नगद और 15 हजार के जेवरात तथा चंदू उरांव के घर से 15 हजार नगद चुरा लिया। बताया जाता है कि अभी गांव-देहात में धनकटनी चल रही है, गांव के अधिकांश लोग दिन में घर का ताला बंदकर खेत चले जाते हैं। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने कहा है कि फिलहाल पुलिस जांच कर रही है, जल्द ही चोरी की घटना को अंजाम देनेवाले सलाखों के पीछे होंगे।

हेमंत सोरेन ने बधाई देने वालों से कहा

# मुझसे मिलने के लिए आने वाले गुलदस्ता नहीं, किताब दें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य विधानसभा में पार्टी की जीत के बाद बधाई देने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बीते रविवार को उनसे मिलने आने वाले लोगों से आग्रह किया कि वे उन्हें फूलों के गुलदस्ते नहीं, बल्कि किताबें भेंट करें। सोरेन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, देशभर से मिल रही शुभकामनाओं के लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। 2019 की तरह मैं फिर सभी से अनुरोध करूंगा कि अगर आप मुझसे मिलने आ रहे हैं तो मुझे गुलदस्ते की जगह किताब दें।" उन्होंने कहा, जब मैं जेल में था, तो मुझे आप सभी द्वारा उपहार स्वरूप दी गई पुस्तकों को पढ़ने के लिए काफी समय मिला। इसके लिए आप सभी का धन्यवाद। बता दें कि सोरेन 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और तब तक वह कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहेंगे। सोरेन ने 2019 में लोगों से यही अनुरोध किया था और उन्हें दिए गए गुलदस्ते की तस्वीरें साझा करते हुए कहा था कि उन्हें बुरा लगता है जब वह फूलों की देखभाल नहीं कर पाते हैं। ज्ञात हो कि हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने राज्य में लगातार दूसरी बार सत्ता हासिल की और 81 सदस्यीय सदन में 56 सीट पर जीत दर्ज की। वहीं, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को केवल 24 सीट पर ही जीत हासिल हुई।

आईएमए ने झोलाछाप डॉक्टर को डॉक्टर लिखे जाने पर जताई आपत्ति, कहा

# झोलाछाप डॉक्टरों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई करे सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रातू रोड में रविवार को महिला मरीज की शिकायत पर मामला दर्ज हुआ था कि इलाज के बहाने डॉक्टर उसके साथ छेड़खानी कर रहा था। कुछ समाचार पत्रों ने (राष्ट्रीय नवीन मेल नहीं) इसे प्रकाशित किया किया था।
इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने झोलाछाप फर्जी डॉक्टर को डॉक्टर लिखने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आईएमए रांची ब्रांच ने इसकी घोर निंदा की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार रामाधीन ने कहा कि आईएमए प्रिंट मीडिया से अपेक्षा रखता है कि भविष्य में इस तरह का समाचार प्रकाशित करने से पहले दोषी की डिग्री के बारे में सरकार से आश्वस्त हो ले और उसके पश्चात ही इस तरह के समाचार का प्रकाशन करे, जिससे कि डॉक्टर समुदाय की छवि जनमानस में धूमिल न हो।

**❑आईएमए सरकार से लगातार मांग करता आ रहा था कि इस तरह के फर्जी डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई हो**

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने डॉ रामाधीन से पूछा कि डॉक्टर की उपाधि का दुरुपयोग न हो, इसके लिए आईएमए क्या कदम उठाएगी? उन्होंने कहा कि आईएमएम सरकार से लगातार मांग करती आ रही थी कि झोलाछाप डॉक्टरों को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई करे। हम पुनः सरकार से मांग करते हैं कि झोलाछाप डाक्टरों पर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भोले-भाले लोग इनके शिकार नहीं हो पाएं। झोलाछाप डॉक्टर वास्तव में डॉक्टर नहीं हैं, वे क्रिमिनल हैं।

## न्यूज बॉक्स

### विदाई समारोह का आयोजन



**सिल्ली/मुरी।** सोमवार के दिन बुद्धा पब्लिक स्कूल में शिक्षिका शालिनी कुमारी की विदाई दी गयी। मौके पर विद्यालय के निदेशक रणधीर कौशिक ने कहा कि विद्यालय के प्रति आपका समर्पण, आपका जुनून और उत्कृष्टता के प्रति आपकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। आपने विद्यालय और हम सभी के लिए उच्च मानक स्थापित किए हैं। मैं पूरे विद्यालय परिवार की ओर से आपके भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। प्राचार्य वी सुधीर राव ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आपको अपनी नई यात्रा में सफलता जरूर मिलेगी। जीवन आपको जिस भी स्थान पर ले जाए आप वहां खुश रहें। समारोह के दौरान शिक्षिका शालिनी काफी भावुक हो गई और कहा कि मुझे आप सभी को छोड़कर जाने का काफी दुख है। हमने विद्यालय में सभी के साथ मिलकर काम किया उस पर मुझे बहुत गर्व है। समारोह में राहुल भद्रा, नकुल बड़ाईक, गोविंदर सिंह, लंकेश्वर, हर्षा कुमारी, अंजली कुमारी, आशा चौधरी, प्रेमचंद, सुजाता, शालिनी, जितेंद्र महतो, राकेश समेत विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### अमित महतो ने निकाला विजय जुलूस




**सिल्ली।** सिल्ली विधानसभा झामुमो कमेटी की नेतृत्व में सिल्ली के नवनिर्वाचित विधायक अमित कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं संग अनगड़ा, जोन्हा और सिल्ली प्रखंड में विजय जुलूस निकाला। साथ में नवनिर्वाचित विधायक की पत्नी पूर्व विधायक सीमा महतो भी शामिल थी। सिल्ली विधानसभा से दूसरी बार जीतने के लिए लोगों को आभार जताया और कहा कि यह जीत मेरी नहीं बल्कि जनता की जीत है। विजय जुलूस अनगड़ा से जोन्हा, बिरसा चौक, स्कूल मोड़, जोन्हा, बाजारटांड़ बरवादाग, बुढ़ाम होते हुए सिल्ली पहुंची। जुलूस के सिल्ली पहुंचते ही महागठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा नवनिर्वाचित विधायक को फूल माला पहनाकर और पारंपरिक तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया गया। मौके पर अमित महतो ने कहा कि यह जीत हमारी माताओं, बहनों और सिल्ली के युवाओं की है। इस जीत में बड़े भाई हेमंत सोरेन ने निर्णायक भूमिका निभाई है जिसके बदौलत यह संभव हुआ है। सिल्लीवासियों का आशा हमारे ऊपर है, उस आशा पर हम खरा उतरने का काम करेंगे। सिल्ली विधानसभा अंतर्गत सभी सरकारी कार्यालय को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। पूर्व विधायक सीमा महतो ने अपने संबोधन ने कहा कि यह जीत सिल्ली विधानसभा की जीत है। एक-एक युवा, बुजुर्ग और महिलाओं के समर्थन से यह जीत संभव हुआ है और आगे बहुत सारी जिम्मेदारियां हैं हमलोग सब साथ मिलकर जिम्मेदारियों को पूरा करेंगे।'इस मौके पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो, सिल्ली कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो, अभय कुमार, नौशाद आलम, अशरफ अली, संतोष महली,अखिलेश कुमार, मोहम्मद इमाम, शुभम सोनार, रजिया खातून, अनवरी बेगम, जोबा सेन, देवाशीष दत्ता समेत बहुत सारे सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जरियागढ़ से युवती का कंकाल बरामद, युवक के खिलाफ मामला दर्ज

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के जोजोदाग गांव स्थित भगवान पांजी टोंगरी से पुलिस ने सोमवार को एक युवती का कंकाल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार रविवार को ग्रामीणों द्वारा जरियागढ़ थाना की पुलिस को सूचना मिली कि जोजोदाग गांव के पास एक कंकाल और बैग में रखे कपडे, आधार कार्ड की फोटो कांपी और एक युवती की फोटो मिली है। पुलिस ने सोमवार को घटनास्थल से युवती की खोपड़ी, जबड़ा सहित अन्य सामान बरामद किया। युवती की फोटो और अन्य दस्तावेज के अनुसार युवती की शिनाख्त लापुंग थाना क्षेत्र के मलगो पतराटोली गांव की गांगी कुमारी (24), पिता चपा उरांव के रूप में की गई है। घटनास्थल पर तोरपा के एसडीओपी ख्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी राजु कुमार भी पहुंचे और मामले की जांच की। इसकी सूचना युवती के परिजनों को मिलने के बाद युवती के परिजनों द्वारा जोजोदाग के युवक नरेश भेंगरा, पिता मोहर भेंगरा के खिलाफ नामदर्ज प्राथमिकी दर्ज करायी गई। जरियागढ पुलिस की ओर से आरोपित युवक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने काटा एनडीए का वोट

# जेएलकेएम ने बिगाड़ा आजसू-भाजपा का खेल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने विधानसभा चुनाव 2024 में एनडीए का खेल बिगाड़ दिया। अगर चुनाव में जेएलकेएम नहीं रहता, तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) करीब और 16-17 सीटों पर जीत हासिल कर लेती। और, सारा नजारा ही बदल जाता। प्राप्त वोटों की स्थिति को देखकर यही कहा जा सकता है कि झामुमो और इंडी गठबंधन ने कोई कमाल नहीं किया है, बल्कि जो भी कमाल किया है, वह जेएलकेएम ने किया है। वहीं, तीन सीटों पर आजसू और भाजपा जीती तो जरूर है, पर वहां भी जेएलकेएम ने लगभग काम कर ही दिया था। मांडू में आजसू और लातेहार में भाजपा की जीत बहुत कम मतों से हुई है। यहां

17 सीटों पर जेएमएम, बीजेपी/आजसू और जेएलकेएम को मिले वोट :
1. ईचागढ़ - जेएमएम जीता उसे 57125 वोट मिले आजसू को 45070 वोट और जेएलकेएम को 38974 वोट।
2. जुगसलाई - जेएमएम जीता उसे 120230 वोट आजसू को 77105 और जेएलकेएम को 36698 वोट।
3. कांके - कांग्रेस जीता उसे 133499 वोट मिले बीजेपी को 132531 वोट और जेएलकेएम को 25965 वोट।
4. खरसावां - जेएमएम जीता उसे 85772 वोट मिले बीजेपी को 53157 वोट और जेएलकेएम को 33841 वोट।
5. तमाड़ - जेएमएम जीता उसे 65655 वोट मिले जेडीयू को 41409 और जेएलकेएम को 26562 वोट।
6. रामगढ़ - कांग्रेस जीता उसे 89818 वोट मिला आजसू को 83028 वोट और जेएलकेएम को 70979 वोट
7. सिल्ली - जेएमएम जीता उसे 72741 वोट मिले आजसू को 48862 वोट और जेएलकेएम को 41129 वोट।
8. खिजरी - कांग्रेस जीता उसे 122834 वोट मिला बीजेपी को 94274 वोट और जेएलकेएम को 26827 वोट।
9. चंदनक्यारी - जेएमएम जीता उसे 90027 वोट मिला जेएलकेएम को 56294 वोट और बीजेपी को 56091 वोट।
10. गोमियों - जेएमएम जीता उसे 95170 वोट मिले जेएलकेएम को 59077 वोट और आजसू को 54508 वोट।
11. सिंदरी - सीपीई जीता उसे 105136 वोट मिले बीजेपी को 101688 वोट और जेएलकेएम को 42664 वोट।
12. टुंडी - जेएमएम जीता उसे 95527 वोट मिला बीजेपी को 69924 वोट और जेएलकेएम को 44464 वोट।
13. निरसा - सीपीई जीता उसे 104855 वोट मिला बीजेपी को 103047 वोट और जेएलकेएम को 16316 वोट।
14. बोकारो - कांग्रेस जीता उसे 133438 वोट मिला बीजेपी को 126231 वोट और जेएलकेएम को 39621 वोट।
15. गिरीडीह - जेएमएम जीता उसे 94042 वोट मिला बीजेपी को 90204 वोट और जेएलकेएम को 10787 वोट।
16. बेरमो - कांग्रेस जीता उसे 90246 वोट मिला जेएलकेएम को 60871 वोट और बीजेपी को 58352 वोट।
17. डुमरी - जेएलकेएम जीता उसे 94496 वोट मिला जेएमएम को 83551 वोट और आजसू को 35890 वोट।
(नोट : उपरोक्त सभी सीटों का अंतर देखें और तीसरी पार्टी का वोट देखें। सभी को पता है कि जेएलकेएम को मिले 90% वोट एनडीए के ही हैं।)

## तमाड़ में कुएं से अज्ञात शव बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। तमाड़**
थाना क्षेत्र के पंडरानी-डेरो सड़क के बीच झाड़ियों के मध्य स्थित एक कुएं से पुलिस ने अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। बताया जाता है कि मवेशी चरा रहा एक चरवाहे ने कुएं में शव देखने पर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शव छिपाने की नीयत से पूरे शरीर को रस्सी और पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक के सिर पर जिस तरह चोट के निशान हैं उसे देखकर लगता है कि उसकी हत्या की गई है।

## पंडाडीह गांव में किया गया झूमर गीत कार्यक्रम

**सोनाहातू।** राज्य में विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को भारी बहुमत आने की खुशी पर पंडाडीह गांव में रविवार रात को झूमर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कांग्रेस नेता निशिकांत गंझू ने किया। नर्तकी संपति देवी की टीम द्वारा रात भर झूमर संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## तोरपा में झामुमो ने निकाला विशाल विजय जुलूस सह आशीर्वाद यात्रा

**खूंटी।** तोरपा विधानसभा सीट से झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी सुदीप गुड़िया की जित पर पार्टी कार्यकताओं ने सोमवार की शाम को तोरपा में विशाल विजय जुलुस सह आशीर्वाद यात्रा निकाली। विजय जुलूस के दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता ढोल-नगाडों की धुन पर नाचते-गाते शामिल हुए। मौके पर जमकर अतिशबाजी कर कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया। कई घंटों तक पूरा वातावरण पटाखों की आवाज और जय झारखंड, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद और जुबैर अहमद जिंदाबाद के नारों से गूंजता रहा। सबसे पहले विधायक सुदीप गुड़िया और झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने एनएचपीसी परिसर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# ट्यूलिप हॉस्पिटल में डॉक्टरों के मिलन समारोह का आयोजन 30 नवंबर को



**राजेंद्र चिकित्सा महाविद्यालय के 1969 बैच के डॉक्टर 55 वर्षों बाद कर रहे पुनर्मिलन समारोह**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिटी ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सोमवार को प्रेस वार्ता में डॉक्टरों ने कहा कि राजेंद्र चिकित्सा महाविद्यालय रांची के 1969 बैच के डॉक्टर 55 वर्षों के बाद पुनर्मिलन का आयोजन कर रहे हैं। इस पुनर्मिलन में इंग्लैंड, अमेरिका एवं भारत के विभिन्न राज्यों एवं शहरों के सहपाठी इक्कठे होंगे, जिन्होंने राजेंद्र चिकित्सा महाविद्यालय की ख्याति कोने कोने तक फैलाई है। डॉक्टरों ने कहा, इस पुनर्मिलन में हम सभी डॉक्टर खुशियां मनाएंगे।
उन्होंने बताया कि आगामी 30 नवंबर को डॉ एमएन सिंह के सौजन्य से ट्यूलिप हॉस्पिटल रिंग रोड में मिलन समारोह का आयोजन होगा। 01 दिसंबर को कैपिटल हिल होटल में सभी डॉक्टर अपने-अपने विचार एवं तजुर्बा साझा करेंगे। 02 दिसंबर 2024 को पतरातू डैम में पिकनिक एवं खुशियां मनाई जाएंगी। इस तरह के कार्यक्रम में एक दूसरे को समझने और ज्ञान मिलने की बात होती है।
मौके पर डॉ त्रिलोचन सिंह, डॉ एमएन सिंह, डॉ मनोज कुमार राय, डॉ एके जगनानी, डॉ अशोक कुमार सिन्हा, डॉ पीजी सरकार, डॉ साबिर घोष, डॉ यूएस वर्मा, डॉ रमेश प्रसाद एवं जनसंपर्क पदाधिकारी शिव किशोर शर्मा उपस्थित थे।

# तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, चार घायल

*पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने अस्पताल पहुंचकर इलाज का लिया जायजा*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी पुल सहित तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, वहीं चार लोग घायल हो गए। पहली घटना तब घटी जब बेड़ो- लोहरदगा सड़क पर करांजी पुल के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक टेंपो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चालक सहित दो लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। गिरने से लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो निवासी बाइक चालक नारायण महतो की मौके पर ही मौत हो गई। उसके सिर पर गंभीर चोटें आई थी। वहीं उसके साथ पीछे बैठा बाइक सवार किशुन महली घायल हो गया। दोनों लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव से बेड़ो बाजार आए थे। घायल किशुन महली ने बताया कि होंडा शाइन बाइक से दोनों बेड़ो बाजार से वापस अपने गांव लौट रहे थे। घायल एवं मृतक को उठाकर हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस (पांच) के चालक सीताराम बड़ाईक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो लेकर आए जहां घायल का उपचार कर रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। वहीं दूसरी घटना बेड़ो ककरिया सड़क पर बैरटोली गांव के समीप 6:30 बजे हुई जहां बाइक सवार बेड़ो थाना क्षेत्र के पंडरा कुसुम टोली निवासी आकाश उरांव एवं उसके चाचा बिरसा कच्छप बाइक के असंतुलित होने पर गिरकर घायल हो गए। दोनों बाइक से बेड़ो बाजार से वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी गिरकर दोनों घायल हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने दोनों को उठाकर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। बिरसा का प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं तीसरी घटना में बेड़ो थाना क्षेत्र के बोदा गांव में बेड़ो बाजार से वापस लौटते समय बाइक पर सवार 55 वर्षीय बोदा निवासी मैजू मुंडा पिता पिता जतरु मुंडा एवं बाइक चालक चरकु मुंडा गाड़ी असंतुलित होने पर गिर गए। बाइक चालक तो बच गया लेकिन उसमें सवार मैजू मुंडा घायल हो गया। उसके परिजनों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाकर इलाज कराया। दोनों स्प्लेंडर बाइक में सवार थे।

# मानव संसाधन विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में एक दिवसीय मानव संसाधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि निशि कांत नीरज ने प्रशिक्षु के प्रशिक्षण का लक्ष्य पूरा होने पर केक काट कर बधाई दी व कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में रांची जिला के सभी प्रखंड से आए बीपीएम ने भाग लिया। मुख्य अतिथि ने संदेश दिया कि रुडसेट संस्थान में हो रहे प्रशिक्षण को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है और वित्तीय वर्ष के टारगेट को कैसे पूरा किया जाए इस पर विशेष चर्चा किए। इस कार्यक्रम में शिव कुमार रमन , प्रमोद कुमार, दीपक कुमार, सचिन प्रकाश उपस्थित रहे और सभी लोग ने प्रशिक्षण से संबंधित अपनी विचार को रखे। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने रुडसेट संस्थान के सभी कार्यक्रम को पीपीटी के माध्यम से दिखाये और साथ मिलकर कार्य करने की बात कही । मौके पर अनिल कुमार, जगदीश चंद्र महतो, दशरथ महतो, महेश रुहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति थे।

# शिल्पी नेहा तिर्की ने विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली





**नवीन मेल संवाददाता। मांडर/चान्हो**
प्रखंड क्षेत्र में निर्वाचित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली। इस जुलूस मे सैकड़ों कार्यकर्ता और आम जनता दो पहिया, चार पहिया वाहन में झामुमो, कांग्रेस की झंडा लगाकर शामिल हुए। यह यात्रा मांडर के ब्राम्बे चौक से शुरू हुई और चान्हो के पंडरी में समाप्त हुई। इस बीच सभी चौक- चौराहों पर शिल्पी नेहा तिर्की के स्वागत के लिए महिला, पुरुष, बुजुर्ग, स्कूली छात्र- छात्राएं कतारबद्ध होकर रास्ते मे खड़े थे। सबके हाथों में फूल माला एवं कांग्रेस पार्टी का झंडा था। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की सबसे पहले मुड़मा स्थित शक्ति स्थल जाकर जतरा खुटा में पूजा अर्चना की और फिर वहां से विजय जुलूस मांडर चौक की ओर गयी।
कार्यकर्ताओं का उत्साह आसमान छू रहा था। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद, बंधु तिर्की, जिंदाबाद, शिल्पी नेहा तिर्की जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लग रहे थे। रंग गुलाल के साथ-साथ आतिशबाजी भी हो रही थी। साथ ही सभी चौक-चौराहों पर शिल्पी नेहा तिर्की ने जनता का आभार व्यक्त किया। वहीं कहा कि यह हमारी जीत नहीं है बल्कि आपकी जीत है। यह जीत अमन पसंद करने वालों की है, मोहब्बत की जीत है। मैं सभी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं जो मुझे दोबारा सेवा करने का मौका दिया। आपके सेवा में हर समय तत्पर रहूंगी। यात्रा के दौरान विधायक ने बीजूपाड़ा चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय सोमा टाना भगत के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की और उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो ।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित नवादा चौक पर चार पहिया वाहन के धक्के से बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान फुलवरिया पंचायत के रामनगर निवासी 56 वर्षीय शिवनारायण मेहता के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार चार पहिया वाहन ने पुरनाडीह की ओर से आ रही बाइक को अपनी चपेट मे ले लिया। इससे बाइक सवार घायल हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए निजी क्लिनिक पुरनाडीह ले जाया गया, जहां घायल व्यक्ति को प्राथमिकी उपचार कर धनबाद रेफर कर दिया गया। वहीं घटनास्थल पर चार पहिया वाहन को छोड़कर चालक वाहन को लॉक कर फरार हो गया।

### डॉ नीरा की जीत पर आरएसवाई कॉलेज के शिक्षकों ने दी बधाई



**झुमरी तिलैया।** कोडरमा विधानसभा चुनाव में डॉ नीरा यादव की जीत पर रामलखन सिंह यादव इंटर कॉलेज में कॉलेज शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। कॉलेज प्राचार्य डॉ जितेन्द्र बहादुर ने डॉ नीरा को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह जीत क्षेत्र के विकास और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है। मौके पर प्रो आरके गुप्ता,प्रो कमलेश कमल, प्रो उमेश प्रसाद सिंह, डॉ पीएल यादव, ड़ॉ नीता कुमारी,प्रो समसुद्दीन, प्रो दिनेश यादव, प्रो नित्यानंद पांडेय, प्रो उषा कमल, प्रो चंदन कुमार आदि मौजूद थे।

### मेगा टिकट चेकिंग अभियान में 1307 यात्रियों से वसूले गए 6 लाख

**झुमरी तिलैया।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत विगत रविवार को मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया, इसमें कोडरमा स्टेशन को भी विशेष रूप से शामिल किया गया, जहां व्यापक स्तर पर टिकट चेकिंग की गई। धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों और खंडों धनबाद, गोमो, चंद्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, और सिंगरौली जैसे स्टेशन भी शामिल हैं, रात-दिन यह अभियान जारी रहा। कोडरमा स्टेशन पर चेकिंग टीमों ने सख्ती से जांच की और बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों पर जुमार्ना लगाया। मंडल के अनुसार, इस मेगा अभियान के तहत कुल 1307 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले और बिना बुक किए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे।

# स्वतंत्रता सेनानियों व समाजसेवियों से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए : उमेश प्रसाद



*प्राचार्य उमेश प्रसाद ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों और समाज सुधारकों के जीवन पर प्रकाश डाला*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को 'हमारे स्वतंत्रता सेनानी और समाजसेवी' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें वाटिका खंड के कक्षा अरुण से द्वितीय के छोटे नन्हें मुन्हे भैया बहन उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के योगदान और बलिदानों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों और समाज सुधारकों के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास होता हैं। इस आयोजन ने स्वतंत्रता सेनानियों और समाजसेवियों के महान कार्यों को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान किया है। कार्यक्रम में बच्चों ने महात्मा गांधी, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चन्द्र बोस, बाल गंगाधर तिलक आदि के वेशभूषा में सजकर विद्यालय आये थे। विद्यार्थियों ने कविताएं, गीत और भाषणों के माध्यम से इन महान व्यक्तियों के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वाटिका प्रमुख अमृता चौधरी, ललिता गिरी, पूनम सिंह, रानी कुमारी सहित अन्य शिक्षकों की प्रमुख भूमिका रही।

### रेलवे भर्ती परीक्षा को लेकर तीन जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

**कोडरमा ।** रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के मद्देनजर रेलवे ने झारखंड के विभिन्न स्टेशनों से होकर तीन जोड़ी परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया है। यह विशेष ट्रेनें 24 से 27 नवंबर तक चलेंगी, जिससे परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि ये ट्रेनें पटना-रांची, बरौनी-धनबाद, और गढ़वा रोड-बिलासपुर के बीच चलेंगी। सभी ट्रेनों में साधारण श्रेणी के 14 कोच होंगे। पटना और रांची के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 03219/03220 परीक्षा स्पेशल ट्रेन 24 और 27 नवंबर को पटना से दोपहर 3 बजे प्रस्थान करेगी और रात 11:45 बजे रांची पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 25 और 29 नवंबर को रात 11:00 बजे रांची से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 7:45 बजे पटना पहुंचेगी। इस ट्रेन का अप और डाउन यात्रा में कोडरमा स्टेशन पर ठहराव रहेगा।

### अंडर-14 इंटर डिस्ट्रिक्ट के लिए लिए टीम की हुई घोषणा

# खिलाड़ी टीम धनबाद के लिए हुई रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
अंडर-14, इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट सत्र 2024-25 में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला की टीम धनबाद एवं बोकारो में पांच जिला के साथ लीग मैच खेलेगी। रामगढ़ जिला की टीम के लिए पिछले सप्ताह रविवार को स्थानीय छावनी फुटबॉल ग्राउंड में ट्रायल लिया गया था । कोच एवं सेलेक्टरों ने उपस्थित 33 खिलाड़ियों के बीच ट्रायल लिया। जिसमें प्रथम शॉर्टलिस्ट 22 खिलाड़ियों को किया गया था । उन्हें महेंद्र राणा कोच द्वारा तैयार कर 24 नवंबर को टीम की घोषणा की गई। जिसमें 15 खिलाड़ियों को टीम के मैनेजर एवं कोच सूरज प्रसाद एवं अभिषेक कुमार के नेतृत्व में सोमवार को धनबाद रवाना किया गया। रामगढ़ जिला का प्रथम मैच पश्चिमी सिंहभूम के साथ 26 नवंबर को धनबाद में होगा। रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, सह सचिव एवं सेलेक्टर वीरेंद्र प्रसाद पासवान, कोषाध्यक्ष एवं सेलेक्टर सूरज प्रसाद, कोच महेंद्र राणा ने टीम की घोषणा की। टीम का कप्तान सुमित कुमार को बनाया गया। तुषार मांझी को उप कप्तान बनाया गया है। टीम के अन्य सदस्यों में शिवम कुमार गोप, अमन प्रसाद, उमर रजा, मृत्युंजय कुमार शर्मा, आलोक टुडू, विद्यासागर, अरविंद राज, पुरोहित कुमार, कुमार सूर्यवंश राज, शशांक, रौनक पासवान, रमित सिंह, सार्थक सिंह के अलावा पांच खिलाड़ियों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। वहीं पुनित महतो, अर्चित कुमार, अर्णव राज, संस्कार पटेल, पराग गुप्ता के अलावा टीम मैनेजर सूरज प्रसाद एवं टीम के कोच अभिषेक कुमार को बनाकर टीम के साथ रवना किया गया। मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू ,मानद सचिव अरुण कुमार राय, सह सचिव रोहित कुमार, कोच महेंद्र राणा आदि टीम को शुभकामना देकर रामगढ़ से धनबाद के लिए रवाना किया।

# अनियंत्रित ट्रेलर ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को कुचला, मौत

### तीन गंभीर रूप से घायल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग में सोमवार की सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ। अनियंत्रित ट्रेलर ने ड्यूटी पर तैनात जवानों को कुचल दिया, हादसे में जैप-7 के हवलदार की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, घटना चोरदाहा चेकपोस्ट के पास की है। मृतक की पहचान जैप 7 के हवलदार अरुण कुमार दुबे के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि चोरदाहा चेकपोस्ट के पास एक टेलर ने पहले मवेशी लदे पिकअप में जोरदार टक्कर मारी। जिससे पिकअप सड़क पर ही पलट गया। वहीं अनियंत्रित टेलर ने चैक पोस्ट पर ड्यूटी पर तैनात जैप 7 के हवलदार को रौंद डाला जिससे अरुण कुमार दुबे की मौत हो गई। वहीं तीन जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसमें से एक की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह और बरही डीएसपी समेत कई अधिकारी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### जल एवं स्वच्छता समिति की हुई बैठक

# सभी गांव को ओडीएफ प्लस करना सुनिश्चित करें : डीसी

*उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों से कहा कि शेष छुटे हुए पंचायतों का स्थल चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन यथाशीघ्र करायें*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिला स्तरीय जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार में हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन तथा जल जीवन मिशन के प्रगति के संबंध में समीक्षा किया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 319 गांव में से 245 गांव ओडीएफ प्लस घोषित है जबकि 74 गांव को ओडीएफ प्लस घोषित किया जाना शेष है। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि संबंधित गांव में ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित संरचनाओं का निर्माण करते हुए सभी गांवों को ओडीएफ प्लस करना सुनिश्चित करें। प्लास्टिक कचरा के संग्रहण तथा पृथक्करण पर यूनिसेफ के निर्भय कुमार ने बताया कि जिला अंतर्गत कुल 125 पंचायतों में से 25 पंचायतों का भूमि प्रतिवेदन प्लास्टिक पृथक्करण केंद्र के निर्माण के लिए प्राप्त हुआ है। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों से कहा कि शेष छुटे हुए पंचायतों का स्थल चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन यथाशीघ्र करायें। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# अपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले ही रामगढ़ पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अजय कुमार ने सोमवार को एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि उनको गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के इफिको कॉलोनी गेट के आस-पास एक व्यक्ति देसी कट्टा रखकर घुम रहा है। वह छिनतई और बाइक चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में है। इसके बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए महेंद्र ठाकुर नाम के अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक हथियार भी बरामद किया है। पकड़े गये अपराधी ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि वह बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, धनबाद आदि क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ छिनतई और बाइक चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पिछले आठ दिनों से वह रामगढ़ क्षेत्र में आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहा था।

### अरबिंद ओझा ने जनता का जताया आभार



**हजारीबाग ।** सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार पूर्व सैनिक अरबिंद कुमार ओझा ने क्षेत्र वासियों को आभार प्रकट किया है। वहीं कहा भले ही चुनाव हारा हूं लेकिन हौसला नहीं। 23 प्रत्याशी में किसी एक को ही चुनाव जीतना था। मेरे लिए हार कोई मायने नहीं रखता, मैने तो शून्य से शुरूआत किया। साथ ही चुनाव को सम्पन्न कराने में लगे सभी कर्मचारी एवं अधिकारी को भी आभार जताया। आप सभी के कार्य कुशलता की वजह से ही शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो पाया हैं। आप सभी विधानसभा वासी से प्यार और विश्वास का रिश्ता अब जुड़ गया है। मैं अपने तरफ से सकारात्मक पहल करते हुए, आपके हर एक सुख दुख में सहभागी बनकर हमेशा खड़ा रहूंगा।

# सरिया लदा ट्रेलर पलटा, बाल बाल बचा चालक



**बरही ।** पहले एनएच-2 गया रोड रेलवे ओभर ब्रिज के समीप सरिया लदा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर अद्धनिर्मित मकान से टकरा गया. मौके पर ही ट्रेलर पलटी कर गया. ट्रेलर पलटने से वाहन के सामने का शीशा टूट गया. चालक इसी हिस्से से निकल कर अपनी जान बचाई. हइस घटना में किसी की भी हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है. स्थानीय लोगो से मिली जानकारी के अनुसार वाहन धनबाद की ओर से डोभी की ओर जा रहा था. घटना का मुख्य कारण धुंध यह चालक का ऊंघना बताया जा रहा है. घटना में चालक बाल बाल बच गया. जिसका प्राथमिक इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गए.

### सड़क हादसा में मां-बेटे की हुई मौत

# सदर विधायक ने परिवार वालों को दिलाया न्याय का भरोसा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शंकरपुर में सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 वर्षीय अमन कुमार और उनकी मां लीला की मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना तब हुई जब लीला देवी डीपीएस स्कूल से अपने बेटे अमन, जो कक्षा 4 का छात्र था, को लेकर स्कूटी से घर लौट रही थीं। स्कूल से महज 200 गज की दूरी पर एक तेज रफ्तार हाईवे ने उन्हें कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका लीलावती के पति कोडरमा में सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। इस दुर्घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ विरोध करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही सदर विधायक प्रदीप प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मौजूद आक्रोशित लोगों को समझाते हुए उन्होंने कहा यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मै इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हूं इस मार्ग पर जल्द ही ट्रकों एवं हाईवे के लिए नो एंट्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। स्थानीय लोग प्रशासनिक व्यवस्था और सड़क पर ट्रकों की तेज रफ्तार को लेकर नाराज थे। उन्होंने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सदर विधायक ने प्रदर्शनकारियों से शांत रहने की अपील की और प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलाकर लोगों की समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

#### प्रशासन से की प्रमुख मांगें

विधायक ने अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए जाएं। स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत दुर्घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर और स्पष्ट चेतावनी संकेत लगाने की मांग की। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस मार्ग पर पुलिस गश्ती बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है। परिजनों ने बताया कि लीलावती अपने बेटे अमन को लेकर उसके उज्वल भविष्य के सपने देख रही थीं, लेकिन यह हादसा उनके सपनों को भी छीन ले गया। जनप्रतिनिधि ने इस दुखद घड़ी में परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा की अनदेखी और प्रशासनिक लापरवाही को उजागर किया है। सदर विधायक ने अंत में कहा मैं इस घटना से बहुत आहत हूं और वादा करता हूं कि यह मामला सिर्फ एक औपचारिकता बनकर नहीं रहेगा। जल्द ही इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।


### राणी सती मंदिर में मार्गशीर्ष महोत्सव महाआरती के साथ हुआ संपन्न

# 13 सुहागन महिलाओं ने की सामूहिक महाआरती, भजनों पर झूमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर में रविवार देर शाम भव्य महाआरती के साथ दो दिवसीय मार्गशीर्ष महोत्सव ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। भक्ति और आस्था से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ शामिल हुए। महोत्सव के दूसरे दिन रविवार सुबह पाटा पूजन और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इसके बाद संध्या में मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें तेरह सुहागन महिलाओं ने सामूहिक रूप से दादी की महाआरती की। इसके बाद भक्तों के बीच भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। महाआरती की समाप्ति पर भक्तगण दादी के भजनों पर झूम उठे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिनमें चुनरी ओढ़ के आई दादी म्हारी नैया पार लगा दे, और जय-जय राणी सती जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भजनों की धुन पर तेरह सुहागन महिलाओं ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। राणी सती मंदिर में हर वर्ष मार्गशीर्ष महोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। इस बार भी भक्तों ने पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाया। गुलाबी ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की उत्साह चरम पर था। मौके पर दादी भक्तों ने कहा ने राणी सती की असीम कृपा और आशीर्वाद से यह आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। भक्तों ने कामना की दादी का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लाए। इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने सभी दादी भक्तों के बीच आस्था और समर्पण की अद्वितीय मिसाल पेश की।

# वरिष्ठ भाकपा नेता ने हेमंत सोरेन को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री बनने पर हेमंत सोरेन को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में 81 विधानसभा सीटों से 56 विधानसभा सीट हेमंत सोरेन एवं सहयोगी दलों ने जीत हासिल हुई की। ऐसे मेंराज्य को एक सांप्रदायिक आग में झोंकने से बचाने का काम हेमंत सोरेन एवं उनके सहयोगियों को जनता ने सौपा है। 28 नवंबर को शपथ ग्रहण करेगे, जिसमें हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार, जल-जंगल और जमीन की रक्षा करने, भूमि बैंक में 23 लाख हेक्टेयर जमीन को खत्म करने, जोत अबाद, गैर मजरूआ जमीन का रसीद काटने, विस्थापन एवं नियोजन नीति को बनाने, सरकारी पदों में 2 लाख 87 हजार पद जो आज कई वर्षों से खाली पड़ा हुआ है उसे भरने एवं झारखंड में अलग राज्य आंदोलनकारी को चिन्हित करते हुए, जो चिन्हित हो चुके हैं। उन्हें पेंशन सहित अन्य सुविधाओं के मुहैया कराने का काम करेंगे। इससे झारखंड की जनता पूरे विश्वास के साथ हेमंत सोरेन एवं उनके सहयोगियों को इस बार कमान सौंपने का काम किया।

### बढ़ती ठंड से सर्दी, खांसी,बुखार व सिर दर्द के मरीज बढ़े

**कोडरमा।** लगातार बढ़ती ठंड से मौसमी बीमारियों में बढ़ोतरी हुई है। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार और सिर दर्द के मरीज शामिल हैं। ऐसे मरीजों की सदर हॉस्पिटल में भारी इजाफा हुआ है। इस तरह के मरीज बड़ी संख्या में सदर हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इलाज कराने पहुंचे मरीजों 50 फीसदी इसी तरह के मरीज है। सोमवार को पूर्वाह्न 11.15 बजे तक ओपीडी में 40 मरीजों को डॉक्टर द्वारा देखा गया। इसमें 20 मरीजों में इसी तरह की बीमारियां मिली। बता दें कि सदर हॉस्पिटल में रोजाना औसतन 500-600 मरीज जिले के विभिन्न इलाकों से इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसके लिए यहां कई ओपीडी संचालित हैं। सदर हॉस्पिटल के ओपीडी में मरीजों का इलाज कर रहे डॉ रविकांत सिंह पूछे जाने पर बताते है कि इन दिनों बढ़ती ठंड के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और माथा दर्द के मरीजों में भारी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि ठंड में सभी को इससे बचने खासकर बुजुर्ग और बच्चों को बचने की जरूरत है।

### निर्मल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, कहा

# क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर को बदलने का काम करूंगा : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मांडू विस से नवनिर्वाचित आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो का विष्णुगढ़ में एनडीए गठबंधन के कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया. इस मौके पर जमकर सतरंगी आतिशबाजी की गई. समर्थकों जमकर नारे लगाए. वहीं उन्होंने श्री संकटमोचन मंदिर में मत्था टेका. कहा कि विष्णुगढ़ प्रखंड की जनता ने जीत में अहम योगदान दिया है. यह जीत यहां के जनमानस को समर्पित करता हूं. आपलोगों ने सेवा का जो अवसर दिया है. उस पर खरा उतरूंगा. क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर को बदलने का काम करूंगा. किए गए सभी वादों को पूरा करने का काम होगा. अखाड़ा चौक, करोंज मोड़, नवादा में भी विधायक का जोरदार स्वागत हुआ. वहीं बनासो चौक पर निर्मल समर्थकों के साथ पैदल चलते हुए मां बागेश्वरी मंदिर पहुंचे. इस दौरान उनकी पत्नी सोनिका देवी भी थी. मंदिर प्रांगण में मत्था टेकने के बाद कहा कि मातारानी से मांगी गई मन्नत पूरी हुई है. मंदिर परिसर में पुनः धूमधाम से पूजा-अर्चना के लिए पहुंचेगे. उन्होंने प्रखंड से रिकार्ड तोड़ मत के लिए सभी को बधाई दी और आभार जताया. मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मंडल, भुवनेश्वर पटेल, दीपू अकेला, हेमंत आर्या मौजूद थे.

## एक नजर

### भाजपा प्रत्याशी ने मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का जताया आभार

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी श्रध्दानंद बेसरा ने सिमडेगा विधानसभा के सभी मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं द्वारा जीतोड़ मेहनत किए गए। आप सभी के अथक प्रयास से ही सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र में रिकॉर्ड 66134 वोट प्राप्त हुआ। श्री बेसरा ने अथक प्रयास के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। श्री बेसरा ने कहा कि हार जीत ज़िन्दगी का हिसा है। अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, जीत और हार जीवन का एक हिस्सा है, जिसे समानता के साथ देखा जाना चाहिए। साथ ही श्रद्धानन्द बेसरा ने जिला प्रशासन, केंद्रीय पुलिस बल, मीडिया कर्मी एवं तमाम उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने शांतिपूर्ण मतदान और मतगणना में अपनी भूमिका निभाई।

### कांग्रेस पार्टी पर लोगों का विश्वास रहा कायम

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव में सिमडेगा जिला में भाजपा को करारी शिकस्त मिली है। भाजपा बटेगें तो कटेगे के नारे के सहारे विस का चुनाव लड़ रही थी। लेकिन भाजपा का यह नारा कांग्रेस ने अपना लिया जिसका परिणाम हुआ कि कांग्रेस का वोट न बटा, न कटा और कांग्रेस ने कोलेबिरा और सिमडेगा विस में शानदार जीत हासिल कर भाजपा को करारी शिकस्त दी। कोलेबिरा विस में कांग्रेस प्रत्याशी नमन विक्सल कोंगाड़ी ने 75376 मत प्राप्त किया जो अबतक का एक रिकॉड है। मई माह में हुए लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को कोलेबिरा विस से 80951 मत प्राप्त हुए थे। विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने अपना प्रदर्शन दुहराते हुए अपने वोट को एक ओर सेफ रखा और वोट को न कटने दिया न बटने दिया।

### सिख रेजिमेंट सेंटर में परिवार कल्याण कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़।** रामगढ़ सिख रेजीमेंट सेंटर में परिवार कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां मिलिट्री हॉस्पिटल की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट रेनू गहलोत को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया. इन्होंने सिख रेजीमेंट में कैसे स्वस्थ जीवन जिएं, किस तरह का आहार का सेवन करें, जिससे मन शरीर दोनों ही स्वस्थ रहे, इस पर चर्चा किया. वहीं कौन सी फिजिकल एक्टिविटी से हम स्वस्थ रह सकते हैं और फिजिकल एक्टिविटीज का हमारे जीवन में क्या महत्वपूर्ण योगदान है, इस पर भी विस्तार से चर्चा किया. इसके साथ ही मानसिक बीमारियों से हम कैसे दूर रह सकते हैं इस पर भी लोगों को जानकारी देते हुए ऑफिसर्स फैमिली को जागरूक किया. कार्यक्रम में 100 से अधिक ऑफिसर्स फैमिली और ऑफिसर्स ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पहुंची डॉ रेनू गहलोत ने कहा कि मनोवैज्ञानिक समस्याओं से लोगों को दूर भागना नहीं चाहिए, बल्कि उनके समाधान के लिए उचित परामर्श लेना चाहिए.

# जलडेगा की बेटी प्रशिक्षण के बाद जल्द बनायेगी लड़ाकू विमान





**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखण्ड के कोनमेरला पंचायत अंतर्गत कोनमेरला पहान टोली की महिमा कंडुलना का चयन टाटा लॉकहीड मार्टिन एयरोस्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद में प्रोडक्शन पद के लिए हुआ है। बता दें महिमा कंडुलना की शादी 2018 में हुई है एवं उनके एक पुत्र भी है। वे 2024 के इंटर परीक्षा में जलडेगा प्रखंड की तीसरे टॉपर रही। इंटर की पढ़ाई धनुर्जय सिंहदेव +2 विद्यालय लोम्बोई से पूरी की। पढ़ाई के साथ वह जेएसएलपीएस पर कैडर के रुप में भी काम की। जेएसएलपीएस द्वारा डीडीयूजीकेवाई के तहत वह रांची में सिलाई की ट्रेनिंग कर रही थी। इस दौरान उसे टाटा लॉकहीड मार्टिन एयरोस्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड में काम करने का ऑफर मिला। इसके लिए तीन राउंड में लिखित मौखिक साक्षात्कार के बाद उनका चयन प्रोडक्शन के पद पर टाटा लॉकहीड मार्टिन एयरोस्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद में हो गया। कुल 190 लोगों ने इस परीक्षा में भाग लिया था जिसमें मात्र 51 लोगों का चयन हुआ। उन्होंने बताया कि वे अभी एक साल तक ट्रैनिंग पर हैं उन्हें अंग्रेजी में निशुल्क ट्रैनिंग दी जी रही है। साथ ही ट्रेनिंग के दौरान उन्हें स्कॉलरशिप भी मिल रही है। साल भर के बाद उन्हें लड़ाकू विमान सी-130 जे एवं एफ-16 बनाने के लिए काम पर लगाया जाएगा।

मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान प्रारंभ

# शादी या काम का लोभ देकर करते हैं मानव तस्करी : संतोष

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से टीम ग्रामीणों को कर रहे हैं जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** जन विकास केंद्र हजारीबाग की ओर से मानव तस्करी को लेकर जगत अभियान चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत सोमवार को प्रखंड खोड़ाहर, गौरिया करमा, केदारुत, दौरवा, कुंडवा आदि गांवों से किया गया। इस दौरान लोगों को मानव तस्करी के कारण, उससे बचने और सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। नाटक के माध्यम से यह दिखाने का प्रयास किया गया कि मानव तस्कर कैसे प्रलोभन देकर या बच्चो को काम अथवा शादी का लालच देकर खरीद फरोख्त करते है जो अपने आस पास या परिचित लोगो की मदद से किया जाता है। संस्थान के कार्यकर्ता संतोष हांसदा ने लोगो से अपील किया की ऐसे लोगो से बचे और किसी भी अनजान से संबंध नही बनाए। जागरूकता और सावधानी से ही ऐसे घटनाओं को रोका जा सकता है। नुक्कड़ नाटक टीम लीडर अमजद अली, दीपक कुमार, मनोज पासवान, राहुल कुमार, विकास कुमार और सुनीता कुमारी की छः सदस्यीय टीम ने प्रस्तुत किया। श्री हांसदा ने बताया कि मंगलवार को भी यह कार्यक्रम प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जायेगा। जा अवसर पर दर्जनों महिला पुरुष और बच्चे मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### झामुमो प्रखंड समिति का विजय जुलूस कल




**बानो।** झामुमो प्रखण्ड कमिटी की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष बिरजो कंडुलना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तोरपा विधानसभा से झामुमो से विधायक सुदीप गुड़िया के भारी मतों से जीत हुई। इसी खुशी में बुधवार को बानो में विजय जुलूस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विजय जुलूस डाकबंगला से निकलकर जयपाल सिंह मुंडा मैदान पहुंचेगी। मैदान में लगे शिलापट्ट पर माल्यार्पण के पश्चात मुख्य मार्ग होते हुए बिरसा मुंडा चौक पहुंचेगी। वहां भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। उसके बाद स्टेशन रोड स्थित सरना स्थल में पूजन के बाद पार्टी कार्यालय पहुंच कर कार्यक्रम समाप्त किया जाएगा। कार्यक्रम 11बजे सुबह से आरंभ करने का निर्णय किया गया। विजय जुलूस में नव निर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया भाग लेंगे। बैठक में सुधीर डांग, अमित बडिंग, अटल लुगुन, मो तनवीर, नवीन तोपनो, तुरतन, एसकरन लुगुन आदि लोग उपस्थित थे।

### 30 से राष्ट्रीय आरएसएस का तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग शुरू



**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के वनदुर्गा मन्दिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड बोलबा द्वारा आगामी 30 नवम्बर से तीन दिवसीय प्रारंभिक शिक्षा वर्ग शुरू होगा। स मौके पर संजीत प्रसाद के अध्यक्षता में खंडानिशान गांव में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि आगामी 30 नवम्बर से 2 दिसंबर तक बोलबा एवं केरसई खण्ड के लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस मौके पर 150 प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसमें 15 से 60 वर्ष के लोग भाग ले सकते हैं। इस दौरान बताया गया कि प्रतिभागी दैनिक उपयोग के सामग्री के साथ आना है। जबकि मोबाइल कैमरा अथवा मूल्यवान वस्तु नही लाने की बात कही गई। मौके पर बताया गया कि संघ विगत 99 वर्षों से धर्म, संस्कृति एवं समाज का संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य कर रही है। इस कार्य को और गति मिले इस उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर संतोष दास, सत्यनारायण सिंह, प्रणव कुमार, केशरी सिंह, तकबर सिंह, सुरजन बड़ाईक, बिनोद बड़ाईक, रामसुभग प्रधान, ललन सिंह, जोगेन्द्र मांझी, सुरेश मोदी, नीलाम्बर महतो, जगरनाथ सिंह, जहुरण सिंह, मनोज सिंह एवं अन्य लीग मौजूद थे ।

### मुख्यमंत्री से मिले भूषण बाड़ा, प्रचंड बहुमत मिलने पर दी बधाई



**सिमडेगा।** सिमडेगा के नवनिर्वाचित विधायक भूषण बाड़ा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मुर्मू से मुलाकात की। वहीं झारखंड में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत पर बधाई दी। उन्होंने रांची स्थित आवास पर पहुंच कर प्रचंड जीत पर बुके देकर बधाई दी। भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रचंड जीत हुई है। राज्य की जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झामुमो, कांग्रेस, राजद, सीपीआई (एमएल) गठबंधन का लगातार दूसरी बार सत्ता सौंपी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सच की जीत हुई है। राज्य में इंडिया गठबंधन के शासन में ही महिलाओं और आदिवासियों को सम्मान मिलता है।

### लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रन का हुआ गठन

**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के आदेशानुसार लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम होंगी। इस कमेटी में पैनल अधिवक्ताओं और पारा विधिक स्वयं सेवकों को भी शामिल किया गया है। साथ ही इस कमेटी में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष और चीफ एलएडीसी,डिप्टी एलएडीसी और असिस्टेंट एलएडीसी को भी शामिल किया गया है। यह समिति बच्चों के साथ मधुर संबंध स्थापित करने सहित उनके हित की दिशा में कार्य करेगी। प्राधिकार की सचिव ने बताया कि समिति में शामिल लोगों के लिए बुधवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कमेटी में प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,चीफ एलएडीसी प्रभात कुमार श्रीवास्तव,उप प्रमुख एलएडीसी बृखभान अग्रवाल,सहायक एलएडीसी सुकोमल,अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत रमेश कुमार श्रीवास्तव,पैनल वकील कैलाश प्रसाद,विजय कुमार मिश्रा,संजय कुमार महतो,जगदीश्वर साहू,प्रेमानंद शील टोपनो,अरुण उन्मेश तिर्की,सुरेश प्रसाद,कुमारी अनुपा खलखो,पीएलवी लक्ष्मी कुमारी,सुनीता कुल्लू,पुनिता कुमारी,काजल कुमारी, सुषमा कुमारी,अशोक कुमार तिवारी,दीपक कुमार,मो. शहजादा सरफराज,विष्णु प्रसाद और सुरजीत प्रसाद को शामिल किया गया है।

### यात्री बस से गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**सिमडेगा।** बांसजोर पुलिस ने ओपी अंतर्गत बनाए गए चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान यात्री बस से 3 किलो 900 ग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सोमवार को जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने बताया कि सोमवार की सुबह सूचना मिली थी कि यात्री बस से गांजा की तस्करी हो रही है। सूचना के आलोक में तुरंत टीम बनाकर उसे रोका गया। इसके बाद बारीकी से छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान रघुनाथ मलिक व दूसरे का भी नाम रघुनाथ मलिक उड़ीसा निवासी दोनों को पकड़ा और उनसे कड़ाई से पूछताछ की गयी। उनके पास 3 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में जलडेगा(बांसजोर ओपी) में मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया।

### अज्ञात हमलावर ने महिला को धारदार हथियार से वार कर किया घायल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड काजू बगान के पास देर शाम अज्ञात हमलावरों एक महिला के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को तुरंत इलाज के लिए बानो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना रात्रि लगभग 8:00 बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रीता देवी राउरकेला इंटरसिटी ट्रेन से उतरकर अपने घर पैदल जा रही थी। इसी क्रम में काजू बागान में अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से गर्दन और चेहरे पर वार कर महिला को घायल कर दिया। रेलवे स्टेशन समीप दुकान लगा रहे उसके बेटे रवि कुमार ने घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों को जानकारी दिया।

# शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए 'सीटी बजाओ - चलो पढ़ें' अभियान का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** ग्राम पंचायत कोनजोबा के सभी बच्चों का भविष्य संवारने के लिए विशेष ग्राम सभा सह टीचर लर्निंग साम्रगी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से अंचल पदाधिकारी देवकांत सिंह और जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा की उपस्थिति थीं। सबसे पहले पारम्परिक तरीके से अथितियों का स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। गांधी फेलो संचिता शरद गरडे ने पंचायत के नेतृत्व में हुए बेसलाइन असेसमेंट का सैंपल डाटा पीपीटी के माध्यम से सबके सामने प्रस्तुत किया। इस दौरान असर रिपोर्ट 2022 के साथ वर्तमान पंचायत के बच्चो का अधिगम स्तर बताया गया। वहीं बच्चों के अधिगम स्तर को कैसे बढ़ाया जाये, इसके समाधान पर प्रकाश डाला गया। पंचायत मुखिया ने अपने सम्बोधन में जान मानस को अवगत कराया की पंचायत के बच्चों का अधिगम स्तर बढ़ाने के लिए ' सीटी बजाओ - चलो पढ़े' अभियान के अंतर्गत 36 जगह में मोहल्ला क्लास का संचाल किया जायेगा। इस दौरान 36 स्वयंसेवक चिन्हित जगहों में 1 घंटे प्रतिदिन पंचायत के बच्चों को पढ़ाएंग। बच्चे सीटी बजाते हुए अपने -अपने घरो से मोहल्ला क्लास के लिए आएंगे इसी दौरान उपायुक्त के नेतृत्व मे चलाये जा रहे प्रोजेक्ट समर्थन के बारे मे बात की गयी। पूरे कार्यक्रम के दौरान देवकांत सिंह, पंचायत के मुखिया मुंज खेश, सचिव रीना दास, जिला परिषद सदस्य प्रेमा बाड़ा, वार्ड मेंबर, पीरामल फाउंडेशन से प्रतिनिधि और जन समुदाय उपस्थित रहे।

# डीएओ ने कृषि योजनाओं का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** प्रखंड अंतर्गत संचालित कृषि योजनओं का जिला कृषि पदाधिकारी (डीएओ) मुनीन्द्र दास ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जलडेगा में कृषि का अपार संभावनाएं हैं। किसान कृषि से अपना तकदीर बदल सकते हैं। जिला कृषि या प्रखंड कृषि परिवार हर किसानों को मदद के लिए हर संभव प्रयासरत है। जिला कृषि अधिकारी ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत स्थापित टपक सिंचाई, मिलेट मिशन, सौर सिंचाई योजनाओं का जायजा लिया। किसानों के खेत तक पहुंच कर योजनाओं से संबंधित लाभ एवं परेशानी को समझा। वहीं किसानों से कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ बढ़-चढ़ कर लें। अपनी आजीविका को कृषि से मजबूत बनाएं। सरकार मोटे अनाज लगाने वाले किसानों को भी प्रोत्साहन राशि दे रही है, उसका भी लाभ उठाएं। रबी के मौसम में वितरित की जाने वाली बीज भी प्रखंड कृषि परिवार से संपर्क कर सभी किसान अपने खेतों में लगाएं। कृषि उत्पादन बाजार समिति के पणंन सचिव दीपांकर राम ने भी किसानों को बाजार से संबंधित हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को ई-नाम से जोड़ा जाएगा जो एक इलेक्ट्रॉनिक नेशनल मार्केट है। इसमें किसान अपने उत्पादन को देश के किसी भी कोने में बेच सकते हैं। उत्पाद का उचित मूल्य मिलेगा। मौके पर जलडेगा एग्रो के सीईओ सोनू सिंह एवं किसान उपस्थित थे।

# 2004 से मनोज और अकेला में हो रही है काटे की टक्कर



**बरही ।** झारखंड विस चुनाव में बरही विस का सीट 2004 से ही हॉट सीट बन गया है, जिसका मुख्य कारण दो यदुवंशियों के बीच के द्वंद है। इस द्वंद में वर्तमान नव निर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव और निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव मुख्य धुरी रहे हैं। 2004 के विस चुनाव में कांग्रेस (वर्तमान भाजपा) के मनोज कुमार यादव ने समाजवादी पार्टी के सीट से चुनाव लड़ रहे उमाशंकर अकेला यादव को कड़े मुकाबले में हराकर बरही विस से तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुए थे। इस चुनाव में कांग्रेस को 58313 और सपा को 49990 मत मिले थे। कांग्रेस 8323 मतों से विजेता बनी थी। वही 2009 के चुनाव में भाजपा के सीट से चुनाव लड़ कर श्री अकेला ने कांग्रेस के श्री यादव को हराकर पहली बार विधायक बन भाजपा का खाता खोले थे। इस चुनाव में भाजपा को 60044 और कांग्रेस को 51959 मत मिले थे। कांग्रेस 8085 मतों से पराजित हुई थी। 2014 के चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस के मनोज कुमार यादव ने 57818 मत लाकर भाजपा के श्री अकेला को 7085 मतों से पराजित किया था। इस चुनाव में भाजपा के श्री अकेला को 50733 वोट मिले थे। 2019 के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा में भारी उलट फेर हुआ।

जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

# जनजातियों के बलिदान और उनके शौर्य को याद करने की जरुरतः हनुमान बोंदिया




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा में सोमवार को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उन तमाम जनजाति शूर वीरों और वीरांगनाओं को याद किया गया। जिन्होंने अपने देश की आजादी और अपनी गौरवशाली परंपरा के स्थायित्व के लिए सर्वोच्च कृतिमान स्थापित किया है। भारत जनजातीय समुदाय के लोगों ने न सिर्फ. ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि अपनी रोटी और माटी की पहचान, अपनी संस्कृति और अधिकारों की रक्षा में अपना सब कुछ बलिदान कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा विद्यालय के अध्यक्ष हनुमान बोंदिया, विद्यालय के सचिव चंदेश्वर मुंडा तथा प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर हनुमान बोंदिया ने कहा कि जनजातियों के बलिदान और उनकी शौर्य गाथा और उनके कीर्तिमान को याद कर उनकी कीर्तियो को जीवन में आत्मसात करने की जरुरत है। जिन्होंने अपनी सीमित संसाधनों और न्यूनतम आर्थिक, सामाजिक और न्यूनतम सुविधाओं के बावजूद भी उन्होंने बड़ी शिद्दत से अपने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलि तक दे दी। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने सामूहिक रूप से शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। भैया बहनों के विभिन्न दलों के साथ कई खेलों का भी आयोजन किया गया। विद्या मंदिर स्तर पर आयोजित रस्सा कस्सी में भैया की ओर से शिवाजी दल विजेता रहा तथा बहनों की ओर से भरत दल विजेता रहा। मेंढक रेस में भैया की ओर से राम गोंड भरत दल, शिवम प्रसाद आरूणी दल, भूषण सिंह आरूणि दल तथा बहनों की ओर से सोनाक्षी कुमारी भरत दल, आकृति बड़ाईक आरूणि दल, जयंती कुमारी एकलव्य दल, बिस्किट रेस में युवराज टोप्पो एकलव्य दल, दीपक सिंह आरूणी दल, आर्यन कुमार महतो आरुणि दल, बिस्किट रेस बहनों की ओर से श्वेता कुमारी एकलव्य दल शिखा कुमारी एकलव्य दल, पिंकी कुमारी शिवाजी दल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य तथा भैया बहन उपस्थित थे।

लैंपस में धान की नहीं हो रही खरीदारी

# किसान बिचौलियों से बेचने को मजबूर

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा कृषि बहुल क्षेत्र होने के साथ-साथ यहां पर धान प्रमुख फसलों में से एक है। जहां के किसान धान की खेती पर निर्भर रहते हैं। फसल पक कर तैयार हो गया है। इसके बाद धान कटनी जोर पकड़ा और लोग अपने फसलों को काटकर अपने घरों पर रख रहे हैं। इधर जिले में ऋण लेकर खेती करने वाले किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है। समय पर लैंपस में धान की खरीदी नहीं होने की वजह से किसानों को बिचौलियों के पास औने पौने दामों पर अपने धन को बेचने पर मजबूर हैं। इधर जलडेगा लैंपस में धान की खरीदारी अब तक शुरू नहीं हुई है। इससे किसान परेशान हैं। किसान अपने धान को कम मूल्य पर बेचने को विवश हैं। किसान खुले बाजार में 18 से 19 रुपये प्रतिकिलो की दर पर धान बेचने को मजबूर हैं। कोनमेरला टोंगरीटोली निवासी नरेश नाग ने कहा कि खेती के समय कुछ लोगों से उधारी लेकर खेती की थी। देनदारी होने के कारण धान काटने के बाद खुले बाजार में 18 रुपये के दर से धान की बिक्री कर दिये। डुमरबेडा के सुंदरू ठाकुर ने कहा कि लैंपस में धान खरीदी समय से नहीं होती है। महीनों बीतने के बाद खरीदी होती है और पैसा भी तत्काल नहीं मिल पाता है। फलस्वरूप वह अपने उपज खुले बाजार में ही बेचते हैं। लोंबोई तिलाईजारा गंझुटोली निवासी गुलाब सिंह ने कहा कि लैंपस में धान बेचने के लिए लैंपस का चक्कर काटना पड़ता है। बहुत सारे नियम होने के कारण धान बेच नहीं पाते हैं और खुले बाजार में धान की बिक्री कर देते हैं। केलुगा निवासी जोगेश्वर बिंझिया ने कहा कि लैंपस में धान बिक्री करने के बाद लंबे समय तक भुगतान का इंतजार करना पड़ता है तथा रजिस्ट्रेशन कराने के साथ भी बहुत सारे नियम हैं। नकद भुगतान भी नहीं किया जाता है। ठिंगुरपानी लक्षणपुर निवासी मनभरण सिंह ने कहा कि लैंपस में धान की खरीदी बहुत देर से होती है और नकद पैसा भी नहीं मिलता है। गांव से धान लैंपस तक ले जाने में भी परेशानी होती है, जिससे घर का खर्चा रख कर बाकी धान को खुले बाजार में ही बेच देते हैं।

बरकट्ठा विधानसभा में 10 सालों बाद भाजपा ने जीत का परचम लहराया

# भाजपा के चार बागी उम्मीदवार भी नहीं रोक पाए बीजेपी की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** 2024 विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में 10 वर्ष बाद भाजपा ने जीत का परचम लहराया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व 2019 में विधायक अमित कुमार यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपनी जीत हासिल की थी। हालांकि उसके बाद वे बीजेपी को नैतिक समर्थन देते रहे। इसके ठीक पूर्व 2014 विधानसभा चुनाव में बरकट्ठा से झारखंड विकास मोर्चा के प्रत्याशी रहे जानकी प्रसाद यादव ने जीत हासिल की थी। जीत हासिल करने के बाद वह बीजेपी में शामिल हो गए थे। इस बार जनता ने लगभग 82221 वोट बीजेपी उम्मीदवार अमित कुमार यादव को दिया। हालांकि उनके नजदीकी प्रतिद्वंदी रहे झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव भी 78561 हजार मत प्राप्त हुआ। अर्थात इनके मतों में कुल अंतर 3660 का ही रहा। कांटे की टक्कर में अमित कुमार यादव मुकाबले में विजय घोषित हुए। बताते चलें कि बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी से कद्दावर नेता रही कुमकुम देवी, बटेश्वर मेहता, सुरेंद्र भाई मोदी तथा अनूप कुमार को बीजेपी से टिकट नहीं मिलने के कारण अन्य पार्टियों तथा निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया और दमखम से चुनाव लड़े। चुनाव के पूर्व चौक चौराहों पर ऐसी चर्चा हो रही थी कि ये चारों बागी नेता बीजेपी को शिकस्त देंगे। लेकिन जनता जनार्दन का जनादेश ऐसा रहा जिसमें बीजेपी ने यहां चुनाव में जीत हासिल की। वही लोकगीत अधिकार पार्टी की प्रत्याशी रही कुमकुम देवी तथा निर्दलीय प्रत्याशी रहे सुनील कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जो जनादेश जनता ने दिया है उसका सम्मान हृदय से करते हैं और आगे भी जनता के साथ सच्चे मन से हर दुख सुख में शामिल रहेंगे

# गुमला विस : भूषण तिर्की ने भाजपा को हराकर दर्ज की प्रचंड जीत

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** झारखंड विधानसभा चुनाव में गुमला सीट पर झामुमो के प्रत्याशी भूषण तिर्की ने 26,301 मतों के अंतर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी सुदर्शन भगत को हराकर शानदार जीत दर्ज की। यह जीत झामुमो की गुमला में मजबूत पकड़ और भाजपा की रणनीति की विफलता को रेखांकित करती है। चुनाव में कुल 1,65,060 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**भूषण तिर्की की जीत का संदेश :** भूषण तिर्की की 84,974 मतों की जीत झामुमो की गहरी रणनीति और गुमला के आदिवासी मतदाताओं पर उनकी मजबूत पकड़ को दशार्ती है। क्षेत्रीय मुद्दों को प्राथमिकता देकर उन्होंने न केवल भाजपा के मजबूत उम्मीदवार को हराया, बल्कि अपनी राजनीतिक स्थिति को और सुदृढ़ किया।

**नोटा का प्रभाव :** इस चुनाव में नोटा (किसी भी उम्मीदवार को वोट नहीं) ने चौथे स्थान पर रहकर चौंका दिया। 3,308 मतदाताओं ने नोटा का चयन किया, जो कि कई प्रत्याशियों से अधिक है। यह दशार्ता है कि मतदाताओं का एक वर्ग सभी उम्मीदवारों से असंतुष्ट था।

**चुनावी चर्चा :** गुमला विधानसभा सीट जिला मुख्यालय की सीट होने के कारण राजनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। चुनाव परिणाम के बाद गांवों, शहरों और चौक-चौराहों पर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। भाजपा की हार और नोटा के प्रदर्शन को लेकर विशेष बहस हो रही है।

**भाजपा के लिए झटका :** भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रत्याशी सुदर्शन भगत को इस हार से बड़ा झटका लगा है। भाजपा का कमजोर प्रदर्शन पार्टी के लिए मंथन का विषय बन गया है।

**गुमला की राजनीतिक तस्वीर :** झामुमो की इस जीत ने स्पष्ट कर दिया है कि गुमला के आदिवासी बहुल इलाकों में अभी भी क्षेत्रीय दलों का दबदबा है। भाजपा और अन्य राष्ट्रीय पार्टियों को भविष्य में आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा।

गुमला के मतदाताओं ने भूषण तिर्की को पुनः चुना। इस चुनाव ने यह भी साबित किया कि क्षेत्रीय राजनीति में मुद्दों और स्थानीय जुड़ाव का महत्व राष्ट्रीय दलों से अधिक होता है।

### विजेता व अन्य उम्मीदवारों का क्रमवार प्रदर्शन निम्नलिखित है

- भूषण तिर्की (झामुमो)
  ईवीएम वोटः 83,242
  पोस्टल बैलटः 1,732
  कुल वोटः 84,974
- सुदर्शन भगत (भाजपा)
  ईवीएम वोटः 57,996
  पोस्टल बैलटः 677
  कुल वोटः 58,673
- मिशिर कुजूर (निर्दलीय)
  ईवीएम वोटः 9,701
  पोस्टल बैलटः 172
  कुल वोटः 9,873
- नोटा (कोई उम्मीदवार नहीं)
  ईवीएम वोटः 3,293
  पोस्टल बैलटः 15
  कुल वोटः 3,308
- निशा कुमारी भगत (जेएलकेएम)
  कुल वोटः 1,535
- सुधीराम किसान (निर्दलीय)
  कुल वोटः 1,455
- कुलदीप मिंज (निर्दलीय)
  कुल वोटः 1,000
- विनय भूषण टोप्पो (निर्दलीय)
  कुल वोटः 904
- बोनीफास कुजूर (निर्दलीय)
  कुल वोटः 616
- रोज मधु तिर्की (निर्दलीय)
  कुल वोटः 612
- महेश्वर बैगा (निर्दलीय)
  कुल वोटः 336
- चंदर टोप्पो (निर्दलीय)
  कुल वोटः 263
- मंगल इंदवार (निर्दलीय)
  कुल वोटः 263
- धर्म मुंडा (निर्दलीय)
  कुल वोटः 290
- चापा उरांव (निर्दलीय)
  कुल वोटः 275
- प्रदीप उरांव (निर्दलीय)
  कुल वोटः 223

## एक नजर

### स्कूटी व बाइक की टक्कर में 4 घायल एक रिम्स रेफर

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के भंडार टोली के पास रविवार शाम एक तेज रफ्तार स्कूटी और बाइक की जोरदार टक्कर में चार लोग घायल हो गए। हादसे में काटा मुखा, सिमडेगा निवासी नेल्सन सोरेंग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आईं। गुमला सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। नेल्सन सोरेंग भिंजपुर स्कूल में शिक्षक हैं और शनिवार को गुमला के चंदाली में मतगणना ड्यूटी पर थे। रात होने के कारण वे गुमला में रुके हुए थे और रविवार की शाम अपने घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। स्कूटी सवार तुरीडीह, रायडीह के निवासी राजेश मिंज, अमित टोप्पो और अंजन मिंज भी हादसे में घायल हुए हैं। तीनों युवक कपोडीह में आयोजित एक मैच देखकर अपने घर लौट रहे थे। हादसे के बाद सभी को गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### नागफेनी मोड़ पर बाइक दुर्घटना, तीन लोग घायल

**गुमला।** गुमला-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग पर नागफेनी मोड़ के पास रविवार रात एक बाइक दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में टुकु टोली निवासी अजय लकड़ा, गणेशपुर डिपा निवासी विवेक तिर्की और चेटर निवासी अंजना तिर्की शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर भरनो किसी कार्यक्रम में जा रहे थे। नागफेनी मोड़ पर बाइक का अगला चक्का स्लिप हो गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए तीनों को निजी वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

### युवक पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** गुमला शहर में सरना टोली और डिक्शनरी मोहल्ला के 10 से 12 युवकों ने नदी टोली निवासी 19 वर्षीय विष्णु राम पर जानलेवा हमला कर दिया। युवकों ने उसे लात-घूंसों और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसका एक हाथ टूट गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन शाम करीब 6 बजे फिर हमलावरों ने विष्णु के घर पर हमला कर दिया। विष्णु ने तुरंत गुमला थाना को सूचना दी। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने घायल विष्णु को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। विष्णु ने बताया कि वह इस घटना को लेकर थाना में शिकायत दर्ज कराएगा। उसने बताया कि एक सप्ताह पहले फोन कॉल को लेकर हुई गाली-गलौज के बाद यह विवाद शुरू हुआ। विष्णु के अनुसार, हमलावरों ने सरना टोली स्थित मंदिर के पास उसे निशाना बनाकर हमला किया।

### डीसी ने उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय तुरीअम्बा का किया निरीक्षण

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर दिया जोर



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला डीसी कर्ण सत्यार्थी ने भरनो प्रखंड के तुरीअम्बा गांव स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने लगभग तीन घंटे विद्यालय में बिताए और छात्रों को विज्ञान विषय पढ़ाया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, शौचालय, बाउंड्रीवाल, कार्यालय और भवन की स्थिति का जायजा लिया।

डीसी ने छात्र-छात्राओं से पढ़ाई, छात्रवृत्ति और साइकिल वितरण से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। शिक्षकों के साथ बैठक में उन्होंने विद्यालय में मौजूद समस्याओं पर चर्चा की और छात्रों की पढ़ाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

आगामी 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डीसी ने कहा कि परीक्षा के लिए समय सीमित है, ऐसे में सभी शिक्षक पूरी लगन से छात्रों को तैयार करें। उन्होंने इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत लाने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान डीसी ने विद्यालय परिसर में चहारदीवारी और अन्य सुविधाओं को जल्द बहाल करने का आश्वासन दिया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, बीडीओ अरुण कुमार सिंह, बीपीओ सूरज लकड़ा, पंचायत सचिव सरफराज अहमद, रोजगार सेवक शिवदेव लोहारा, एचएम बलवीर तिग्गा समेत विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## सिसई में मंत्रमुग्धता की शिकार हुई भाजपा, आत्ममंथन की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता



**बसिया(गुमला)।** गुमला जिले के सिसई विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की हार कोई अप्रत्याशित हार नहीं है। स्थानीय राजनीति के जानकारों के अनुसार यह अवश्यंभावी था परन्तु कैडर आधारित इस पार्टी की इतनी छीछालेदर होगी इसका अनुमान किसी को नहीं था।

उल्लेखनीय है कि गुमला जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा का घोर पराजय हुआ है परन्तु पार्टी की सबसे अधिक दुर्गति सिसई में हुई है। ऐसा तब हुआ है जब कुछ महीनों पहले हुए लोकसभा चुनाव में इसके स्पष्ट संकेत मिल गए थे। पार्टी ने समय रहते इस संकेत को न गंभीरता से लिया और न उम्मीदवार चयन के वक्त इसका कोई संज्ञान लिया। यह एक बड़ी वजह है कि अब भाजपा के आंतरिक लोकतंत्र व इसकी तत्संबंधी यांत्रिकी को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। शायद पार्टी में इस हार को लेकर मंथन हो परन्तु वर्तमान चुनाव तक प्रत्याशियों के चयन में ऐसे किसी संदर्भ की जानकारी सार्वजनिक पटल पर नहीं है। चौपालों की मानें तो यदि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा अपनी हार पर मंथन करती तो प्रत्याशियों के चयन में आम कार्यकर्ताओं और स्थानीय थिंकटैंक समझे जाने वाले पार्टी समर्थक बुद्धिजीवियों को विश्वास में लेकर मैदान में उतरती तो ऐसा नहीं होता। पार्टी मंत्रमुग्धता की शिकार हो कर रह गई। पार्टी अपने घर की उपेक्षा करते हुए उस कट्टर कांग्रेसी परिवार से उम्मीदवार लेकर मैदान में आ गई। जिनके खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता विगत कई दशकों से लगातार लड़ते रहे। इसके अतिरिक्त थोपे गए उम्मीदवार को न पार्टी की नीति व रीति की जानकारी थी और न दलीय निष्ठा रखने वाले समर्थकों से कोई संबंध या परिचय ही था। नतीजा यह आया कि इस चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं का वह समर्पण कहीं नजर ही नहीं आया जिसे लेकर भाजपा इतराती रही है। बात केवल कार्यकर्ताओं के समर्पण पर जाकर समाप्त नहीं हुई बल्कि बगावत के सुर भी सुनने को मिले। उम्मीदवार चयन को लेकर पार्टी के सतह पर आए आलाकमान संस्कृति का नतीजा यह भी रहा कि जिस समस्या के समाधान के लिए कभी जिला कमेटी सक्षम साबित हुआ करती थी उसके लिए अब प्रदेश कमेटी भी असक्षम साबित हुआ और पार्टी के चुनाव प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री तक को मैदान में आना पड़ा। भाजपा के लिहाज से यह एक अपमानजनक स्थिति रहा और नतीजा सामने है जबकि जयराम फैक्टर के यहां सक्रिय नहीं होने बावजूद भाजपा न केवल हारी बल्कि गत चुनाव की तुलना में अधिक मतों से हारी और पूरे जिले में सर्वाधिक मतों से हारी।

### जंगली हाथियों ने बर्बाद किया धान की फसल

## किसान ने मुआवजे की लगाई गुहार

नवीन मेल संवाददाता


फाइल फोटो

**गुमला।** जिले के जारी प्रखंड अंतर्गत श्रीनगर गांव में जंगली हाथियों का कहर जारी है। सोमवार की अहले सुबह चार जंगली हाथियों ने किसान विकास टोप्पो के खेत में लगे धान की फसल को खा और रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया। पीड़ित किसान विकास टोप्पो ने बताया कि खम्हन जंगल के समीप उनके लगभग दो एकड़ खेत में धान की अच्छी फसल खड़ी थी, जिसे काटने की तैयारी चल रही थी। लेकिन जंगली हाथियों ने फसल को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, साल भर के खाने का अन्न जंगली हाथियों ने नष्ट कर दिया। अब परिवार का पालन-पोषण कैसे होगा, यह सोचकर चिंतित हूं।

पीड़ित किसान ने वन विभाग से मुआवजे की माँग की है। क्षेत्र के अन्य किसान भी हाथियों के लगातार हमले से भयभीत हैं और फसल सुरक्षा के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

### डब्ल्यूएचएच टीम ने किया पंचायत कार्यों का निरीक्षण

**गुमला।** जिले के घाघरा प्रखंड के चुंदरी पंचायत के बुरजू गांव में सोमवार को डब्ल्यूएचएच टीम ने दौरा किया। टीम ने बुरजू पहाड़ की तराई से होकर कच्ची नाली और लूज बोल्डर से बने तालाब का निरीक्षण किया। इस व्यवस्था के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचने और धान की अच्छी पैदावार से टीम काफी प्रभावित हुई। इसके बाद टीम ने पंचायत भवन में जाकर पंचायत की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे जीपीडीपी, ग्राम सभा, कार्य करणी की बैठक, वार्षिक बजट और योजनाओं की प्राथमिकता की समीक्षा की।

## राजद प्रदेश महासचिव कैलाश यादव ने पार्टी नेताओं को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजद के प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पार्टी कार्यालय में मौजूद पूर्व केंद्रीय मंत्री सह झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, नवनिर्वाचित विधायक सह प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, विधायक सुरेश पासवान, वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा एवं पूर्व मंत्री विजय प्रकाश को सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। यादव ने कहा कि पार्टी कार्यालय और कार्यकर्ताओं में उत्सव का माहौल बना हुआ है। राजद और लालू प्रसाद एवं तेजस्वी यादव को चाहने वालों लोगों का आए दिन चहल-पहल बढ़ी हुई है, जिसे आगामी राजनीति और प्रदेश के लिए शुभ संकेत माना जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजद संगठन में प्रतिदिन मजबूती और बहुसंख्यक जनाधार को अधिक से अधिक बढ़ाने के लिए सभी साथीगण एक विकसित लक्ष्य के साथ कार्य करने का संकल्प ले रहे हैं। क्योंकि, सामूहिक मेहनत का नतीजा सफल परिणाम है। 28 को मोरहाबादी मैदान में शपथ ग्रहण के दौरान राज्यभर से बड़ी संख्या में राजद के लोग शामिल होंगे।

# भाजपा के संगठन में व्यापक बदलाव की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** कभी गुमला जिला भाजपा का अभेद्य गढ़ माना जाता था। यहां सांसद से लेकर विधायक तक भाजपा के ही होते थे। लेकिन इस बार हुए विधानसभा चुनाव में जिले की तीनों सीटों पर भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। झामुमो ने न केवल जीत दर्ज की बल्कि भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक में भी सेंध लगा दी। इस हार ने भाजपा की रणनीति, संगठन और जमीनी स्तर पर कमजोरियों को उजागर कर दिया है।

भाजपा के पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ता इस चुनाव में खुद को उपेक्षित महसूस कर सक्रिय भूमिका नहीं निभा पाए। जानकारों का कहना है कि भाजपा की आंतरिक कलह और कार्यकर्ताओं के बीच संवाद की कमी ने पार्टी की स्थिति को कमजोर किया। बूथ प्रबंधन, जो भाजपा की सबसे बड़ी ताकत मानी जाती थी, इस बार विफल रही। पार्टी समर्थकों को मतदान केंद्रों तक लाने में भाजपा असफल रही, जिससे उसका परंपरागत वोट बैंक भी प्रभावित हुआ।

### झामुमो की आक्रामक रणनीति और भाजपा का कमजोर प्रचार अभियान

चुनाव प्रचार के मामले में झामुमो ने भाजपा को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया। झामुमो की योजनाएं, जैसे मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी योजना, और अबुआ आवास योजना, घर-घर तक पहुंचाई गईं। झामुमो कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण इलाकों में व्यापक प्रचार किया और मतदाताओं से सीधे संपर्क साधा। दूसरी ओर, भाजपा का घोषणापत्र और प्रचार सामग्री आम मतदाताओं तक पहुंचने में विफल रही। भाजपा के प्रचार में नेतृत्व तो दिखा, लेकिन कार्यकर्ताओं का जमीनी स्तर पर जुड़ाव नदारद था।

विश्लेषकों का मानना है कि झामुमो ने मतदाताओं के बीच अधिक संसाधन उपलब्ध कराए। उनकी रणनीति संगठित और प्रभावशाली रही। झामुमो के पास कार्यकर्ताओं की एक लंबी फौज थी, जो घर-घर जाकर मतदाताओं को जोड़ने में सफल रही। भाजपा में नेता अधिक दिखे, लेकिन कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी कम थी। झामुमो के कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण और शहरी इलाकों में घर-घर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित किया, जबकि भाजपा यह करने में असफल रही। भाजपा के लिए गुमला जिले का बदलता सियासी परिदृश्य बड़ा झटका है। यह जिला कभी भाजपा का गढ़ था, जहां पार्टी के सांसद और विधायक लगातार जीतते आए थे। अब न तो जिले में भाजपा का कोई विधायक है और न ही सांसद। भाजपा की इस हार ने न केवल पार्टी के गढ़ को कमजोर किया बल्कि नेतृत्व पर सवाल भी खड़े किए।

चुनाव हार के बाद भाजपा समर्थकों और राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी को गुमला में अपनी रणनीति और संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव करने की जरूरत है।

भाजपा को अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवाद बढ़ाना होगा। कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका देने के साथ ही उनके सुझावों को शामिल करना जरूरी है।

भाजपा को गुमला के स्थानीय मुद्दों को समझकर उन्हें चुनावी एजेंडा बनाना होगा।

प्रचार सामग्री और घोषणापत्र को मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए नई रणनीति अपनानी होगी।

जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रिय और संगठित करना होगा।

### बच्चों ने भारतीय संस्कृति का किया जीवंत प्रदर्शन

**गुमला।** भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को दर्शाने के उद्देश्य से फैंसी ड्रेस समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों ने शिव शंकर, दुर्गा माता, काली माता, अन्नपूर्णा, राधा-कृष्ण, यमराज, मोर, भारत माता, डॉक्टर, सरना माता, किसान, आर्मी, इंजीनियर, परी, चाचा नेहरू और शिक्षक जैसे विभिन्न पात्रों की वेशभूषा में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शैलेश सिंह, असिता उरांव, रूपा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, चैना राजेश पांडेय और मनीषा कुमारी शामिल रहे। कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों ने रैंप वॉक के जरिए मॉडलिंग और फैशन डिजाइनिंग के गुर सीखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर सहित शिक्षकों और सहकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### बोकारो की नव निर्वाचित विधायक श्वेता सिंह पहुंची कतरास



**कतरास।** बोकारो की नव निर्वाचित विधायक श्वेता सिंह कतरास पहुंची। उनके आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने खाटू श्याम बाबा के दरबार में माथा टेका एवं पंडित अजय शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराया। मौके पर उन्होंने कहा कि बोकारो को विकसित कर हर समस्या का समाधान करेंगे।

### बच्चों ने भारतीय संस्कृति का किया जीवंत प्रदर्शन

**गुमला।** भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में भारतीय संस्कृति और सभ्यता को दर्शाने के उद्देश्य से फैंसी ड्रेस समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों ने शिव शंकर, दुर्गा माता, काली माता, अन्नपूर्णा, राधा-कृष्ण, यमराज, मोर, भारत माता, डॉक्टर, सरना माता, किसान, आर्मी, इंजीनियर, परी, चाचा नेहरू और शिक्षक जैसे विभिन्न पात्रों की वेशभूषा में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में शैलेश सिंह, असिता उरांव, रूपा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, चैना राजेश पांडेय और मनीषा कुमारी शामिल रहे। कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों ने रैंप वॉक के जरिए मॉडलिंग और फैशन डिजाइनिंग के गुर सीखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर सहित शिक्षकों और सहकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस अनोखे आयोजन की सराहना की।

### सिंदरी बस्ती में विजय जुलूस निकाला गया



**सिंदरी।** भाकपा माले प्रत्याशी चंद्रदेव महतो के विधायक निर्वाचित होने पर रविवार को सिंदरी बस्ती में सैकड़ो महिला एवं पुरुष ने गाजे बाजे के साथ अबीर, गुलाल उड़ाते हुए विराट विजय जुलूस निकाला। जिसमें विधायक की धर्मपत्नी सुमित्रा महतो, बलियापुर प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी एवं छोटन चटर्जी सहित अन्य उपस्थित थे।

### एनएसयूआई ने बीएसके कॉलेज इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए दिया आवेदन



**निरसा।** एनएसयूआई बीएससी मैथन टीम ने नवनिर्वाचित विधायक अरूप चटर्जी से मुलाकात की। अरूप चटर्जी को निरसा निर्वाचन क्षेत्र से चौथी बार विधायक बनने के लिए शुभकामनाएं देने के साथ-साथ बीएसके कॉलेज इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के लिए आवेदन भी दिया। मौके पर बीएसके कॉलेज एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष रितिक चटर्जी, उपाध्यक्ष रवि कुमार, शिवम भगत, सचिव राकेश गोराई मौजूद थे।

### अलकतरा खाली करते समय पाईप फटा, मजदूर झुलसा



**गुमला।** गुमला-रांची नेशनल हाईवे स्थित हीरानगर के पास सोमवार को डामर वाहन का पाइप फटने से एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। इस घटना में मजदूर का चेहरा, हाथ और शरीर के कई हिस्से जल गए। घायल मजदूर की पहचान घाटशिला जिला अंतर्गत चाकुलिया गांव निवासी मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, पलमा से गुमला तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। हादसा उस वक्त हुआ जब डामर वाहन से अलकतरा खाली किया जा रहा था। अचानक पाइप फटने से गर्म अलकतरा मजदूर के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घायल को तुरंत गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अगहन पूर्णिमा पर धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक मेला 15 दिसंबर को


फाइल फोटो

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के ऊपर खटंगा ग्राम में अगहन पूर्णिमा पर 15 दिसंबर को धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक मेले का आयोजन किया जाएगा। हिंदू विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस संदर्भ में हिंदू विकास समिति की बैठक सीताराम बैगा की अध्यक्षता में ऊपर खटंगा चबूतरा पर आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। भव्य कलश जल यात्राः सुबह 9 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश जल यात्रा से होगा। पहाड़ पर स्थित भगवान भोले शंकर के मंदिर में पूजा होगी। इसके बाद पहाड़ के नीचे मां पार्वती मंदिर में पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रात में धार्मिक मेले का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय लोक कलाकार ठेठ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। आयोजन की अगली बैठक 28 नवंबर 2024 को होगी, जिसमें मेले की तैयारियों की समीक्षा और मेला समिति का पुनर्गठन किया जाएगा। बैठक में कर्मपाल सिंह, बीरबल सिंह, बागर सिंह, राम बैगा, सोहन पुजार, सीताराम साय, महजू सिंह, दुर्गा सिंह, वरुण लोहरा, सुरजन सिंह, इंद्रजीत लोहरा, संजय सिंह, विजय दास समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

> आपके सच्चे व्यक्तित्व का विकास तभी शुरू होता है, जब आप गहरे अंतर्ज्ञान द्वारा यह अनुभव करने में सक्षम हो जाते हैं कि आप यह ठोस शरीर नहीं, बल्कि शरीर के भीतर विद्यमान जीवन एवं चैतन्य का दिव्य शाश्वत प्रवाह हैं। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, 'मानव की निरन्तर खोज'



## संपादकीय

# चुनाव में निर्णायक बनतीं महिलाएं

झारखंड में पुरुषों से ज्यादा वोट देकर महिलाओं ने बिना शोर शराबे के राजनीति की दिशा बदल दी भले इसमें मईयाँ सम्मान योजना की बड़ी भूमिका हो। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका हो गई है। महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों में महिलाओं के 6 प्रतिशत अधिक मतदान ने चुनावी परिणामों को ही पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इसी साल की शुरूआत में हुए लोकसभा के चुनाव परिणामों से महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाअघाड़ी गठबंधन अतिउत्साह में था और लगभग यह मानकर ही चल रहे थे कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे उनके पक्ष में ही होंगे। अत्यधिक आत्मविश्वास के चलते चुनावी अभियान को सही दिशा व समझ नहीं बैठा पाएं और इसका परिणाम यह रहा कि भाजपा नीत गठबंधन ने विजय के सारे रेकार्ड तोड़ दिए। माने या ना माने पर इसमें कोई दो राय नहीं कि चुनावी नतीजों को बदलने में महिलाओं की प्रमुख भूमिका रही। मध्यप्रदेश से निकली लाड़ली बहना महाराष्ट्र तक आते आते माझी लाड़की बहना योजना ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा इसी साल लागू करने और चुनाव से पहले ही तीन किश्तें लक्षित महिलाओं के खातों में जाने से पूरा माहौल ही बदल गया। योजना शुरू करने पर विपक्ष ने विरोध किया और यहां तक कि कोर्ट में जनहित याचिकाएं लगाई गई पर कोर्ट द्वारा योजना को सही ठहराने और सीधे खाते में पैसे आने से महिलाओं में सरकार के प्रति विश्वास जगा वहीं महाअघाड़ी गठबंधन महिलाओं से जुड़ी इस योजना को समझने में ही देरी कर दी और भले ही बाद में चुनाव घोषणा पत्र या यों कहे कि चुनावी वादों में अधिक पैसा देने का वादा भी किया पर महिलाओं का विष्वास नहीं जीत पाएं। परिणाम सामने हैं जो मिल रहा है वह बढ़कर मिलेगा इस पर महिलाओं ने अधिक विश्वास जताया। सही मायने में देखा जाए तो महिला शक्ति गेम चेंजर बन कर सामने आई। कहा तो यहां तक जाने लगा है कि महिलाएं जिनके साथ है सत्ता भी उनके हाथ ही लगेगी। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने लगे हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2024 के आमचुनाव में 74 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है।

> **विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत चुनावों, चाहे वे लोकसभा के हों या राज्यों की विधानसभाओं के, देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव... अतीत की स्मृतियां

**शिलादित्य सेन**

पायल कपाड़िया की फिल्म के लिए आईनॉक्स के सामने लंबी कतार लगी है, मेरे पीछे और भी कई लोग खड़े हैं. 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' इस साल पणजी में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पहले दिन दिखाई गई थी। मृणाल सेन की फिल्म 'खारिज' ने वर्ष 1983 में कान में जूरी पुरस्कार जीता था और उसके चालीस साल बाद, पायल कपाड़िया ने इस साल कान में ग्रैंड प्रिक्स जीतकर फिर से अगली भारतीय निर्देशक बनकर इतिहास रच दिया। समाज के अलग-अलग तबके से आए लोग इस फिल्म को देखने के लिए सुबह 9 बजे ही एकत्रित हो गए। यह लोग देश के विभिन्न हिस्सों से गोवा आए हैं, जिनमें युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। ऐसा लगता है कि जागने के बाद वे सीधे थिएटर ही आ गए हों, वो भी बिना नाश्ता पानी किए! इस पल ने मुझे तीस साल पहले वर्ष 1995 की याद दिला दी जब अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तत्कालीन बंबई में आयोजित किया गया था। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता फेडेरिको फेलिनी, जिनका कुछ समय पहले ही निधन हो गया था, उनकी फिल्में उस वर्ष महोत्सव में हर सुबह दिखाई जाती थीं। एक पूर्वव्यापी अनुभाग फेलिनी की फि ल्मों को समर्पित था। मैं उस समय एक युवा पत्रकार और सिनेमा प्रेमी था। सिनेमा के प्रति जुनून में आकर, मैं सांता क्रूज से चर्चगेट तक भीड़-भाड़ वाली लोकल ट्रेनों में चढ़ता था और फिर मरीन ड्राइव के सुदूर छोर तक राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) तक पहुंचने के लिए जल्दी से नरीमन पॉइंट के लिए बस पकड़ता था। हालांकि यह कोई सिनेमा हॉल नहीं था, लेकिन राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) का प्रदर्शन अद्भुत था। यहां मैंने पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उप-शीर्षक देखा! फेलिनी की फिल्म में नीले समुद्र के मनमोहक दृश्य, उसके बाद स्क्रीनिंग के अंत में मरीन ड्राइव का शानदार समुद्र तट, साथ में कटिंग चाय और पाव भाजी... भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मेरे जैसे फिल्म-प्रेमियों के लिए धरती पर स्वर्ग ला सकता है! और अब, जब एक और तटीय शहर पणजी इस फिल्म महोत्सव के आयोजन के लिए स्थायी स्थल बन गया है, तो भी अच्छी फिल्में देखने का मेरा उत्साह कम नहीं हुआ है! ऐसा पहली बार था जब मैंने पीआईबी के प्रेस-कार्ड के साथ महोत्सव में फिल्में देखीं। पीआईबी के इस कार्ड के साथ मेरा फिल्म महोत्सव में फिल्में देखना अब भी जारी है। मेरे पिता का निधन और कोविड 19 से संक्रमित होने जैसे व्यक्तिगत कारणों की वजह से एक या दो बार छोड़कर मैं हमेशा इस फिल्म महोत्सव में शामिल होता रहा हू। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने मेरे लिए सिनेमा की पूरी दुनिया खोल दी हैं। इस महोत्सव ने मुझमें और अच्छी फिल्में देखने की ऐसी लालसा पैदा की कि, अब भी, यह मुझे सिनेमा के प्यार के लिए दुनिया भर में यात्रा करने पर मजबूर कर देता है। जिस शहर में मेरा जन्म हुआ, उस कोलकाता ने दो विश्व प्रसिद्ध फिल्म निमार्ताओं - सत्यजीत रे और मृणाल सेन को जन्म दिया है। इन दो दिग्गजों ने हमें सिखाया कि सिनेमा की कला को हमेशा क्षेत्रवाद से ऊपर उठना चाहिए और एक राष्ट्रीय और संभवतः वैश्विक परिप्रेक्ष्य रखना चाहिए।

उस समय भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन हमारे विशाल देश के विभिन्न शहरों में किया जाता था। हर वैकल्पिक वर्ष में आयोजन स्थल दिल्ली ही होता था, जबकि बीच-बीच में यह फिल्म महोत्सव बॉम्बे, त्रिवेन्द्रम, हैदराबाद, कलकत्ता जैसे शहरों में भी आयोजित होता रहा। वर्ष 2004 से, खूबसूरत राज्य गोवा को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए एक स्थायी स्थल बना दिया गया। तब से, सिनेमा प्रेमियों का स्वागत स्क्रीनिंग के साथ-साथ गोवा बीच पर ताजा समुद्री हवा से किया जाता है। कला अकादमी के ठीक पीछे समुद्र है, जहां वर्षों से महोत्सव में कई अच्छी फिल्में दिखाई जाती रही हैं। अब उस स्थान को एक सेमिनार हॉल में बदल दिया गया है, जहां फिल्म जगत के लोग और विद्वान सिनेमा के सैद्धांतिक पहलुओं पर चर्चा करते हैं। फिल्म प्रेमियों के लिए विभिन्न सार्वजनिक व्याख्यानों की व्यवस्था की जाती है। सिनेमा केवल मनोरंजन ही नहीं करता, बल्कि हमारे नैतिक मूल्यों को भी शिक्षित करके उन्हें आकार देता है। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने आधी सदी से साल दर साल इस दिशा में ठोस प्रयास किए है। महोत्सव के आयोजकों ने उभरते फिल्म निमार्ताओं को निपुण निर्देशकों से मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक नया कार्यक्रम भी शुरू किया है। इस साल, भारतीय नवोदित निर्देशकों को पुरस्कार देने की एक श्रेणी शुरू की गई है। ये पहल निश्चित रूप से देश की सिनेमा संस्कृति को फलने-फूलने में मदद कर सकती हैं। वर्ष 2000 में, नई सहस्त्राब्दी की शुरूआत में, भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन दिल्ली में किया गया था। उस समय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली थे। प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता मृणाल सेन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता अनुभाग के जूरी अध्यक्ष थे, जबकि प्रसिद्ध ईरानी फिल्म निर्देशक अब्बास किरोस्तामी जूरी सदस्य थे और प्रसिद्ध अभिनेता सौमित्र चटर्जी उस फिल्म महोत्सव के मुख्य अतिथि थे। मैं उस वर्ष भारतीय पैनारोमा अनुभाग का जूरी सदस्य भी था, और इसलिए मुझे सिनेमा जगत के इन दिग्गजों के साथ एक ही होटल में ठहरने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। स्क्रीनिंग में भाग लेने के पूरे दिन के अंत में, हम सच्चे बंगालियों की तरह अड्डा में शामिल होते थे। मृणाल बाबू, जो पूरा दिन किरोस्तामी और अन्य जूरी सदस्यों के साथ समय बिताते थे, हमें किरोस्तामी की फिल्म निर्माण की शैली की बारीकियों के बारे में बताते थे। दूसरी ओर, सौमित्र बाबू बताते थे कि कैसे उनके सिनेमा शिल्प को विदेशी भूमि में बहुत सम्मान मिलता है, जहां वह सत्यजीत रे की फिल्मों में मुख्य अभिनेता होने के कारण अनगिनत बार गए थे। इन वातार्लापों में मुझे अनंत तारों वाले आकाश की ओर ले जाने की क्षमता थी। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिताए गए दिनों ने मेरे लिए जीवन के बारे में सीखने के लिए कई द्वार खोल दिए हैं। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने मुझे और भी बहुत सारे सुखद अनुभव दिए हैं। उस समय की बात करें जब तत्कालीन बंबई में फिल्म महोत्सव आयोजित किया गया था - ऐसा पहली बार था जब मैं एक पत्रकार के रूप में किसी फिल्म महोत्सव में भाग लेने गया था। उस वर्ष फिल्म महोत्सव की समापन फि ल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की 'शिंडलर्स लिस्ट' थी। स्पीलबर्ग ने ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म के उस आखिरी दृश्य को रंगीन कर दिया था जिसमें यहूदी अत्याचारी नाज़ियों के हाथों से बचकर आगे बढ़ रहे थे। उस दिन सांता क्रूज में अपने होटल वापस लौटते समय, मुझे लगा कि केवल सिनेमा में ही हमें अपना इतिहास याद दिलाने की शक्ति है... और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जैसे फिल्म महोत्सवों में पूरी दुनिया को हमारे द्वार तक लाने की शक्ति है।



**(एक वरिष्ठ पत्रकार, फिल्म समीक्षक और विद्वान, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में जूरी सदस्य हैं और उन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय फिल्मों, फिल्मी हस्तियों और लोकप्रिय सिनेमा के सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर किताबें लिखी हैं)**

## आज की बात

### भारतीय संविधान : महत्वपूर्ण तथ्य



श्वेता गोयल

भारत का संविधान दुनिया का सबसे लंबा लिखित संविधान है, जो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हालांकि इसे स्वीकृत 26 नवम्बर 1949 को ही कर लिया गया था। इसीलिए इसी दिन संविधान दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह अवसर इसलिए विशेष है क्योंकि इस साल भारतीय संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी हो रही है। 26 नवंबर को भारतीय संविधान को अपनाए जाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संविधान भवन में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों के साथ संविधान दिवस मनाया जाएगा। ऐसे में इस विशेष अवसर पर भारत के गौरव के प्रतीक भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को जानना बेहद जरूरी है।

- सर्वप्रथम सन 1895 में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने मांग की थी कि अंग्रेजों के अधीनस्थ भारतवर्ष का संविधान स्वयं भारतीयों द्वारा ही बनाया जाना चाहिए लेकिन तिलक के सहयोगियों द्वारा भारत के लिए स्वराज्य विधेयक के प्रारूप को, जिसमें पहली बार भारत के लिए स्वतंत्र संविधान सभा के गठन की मांग की गई थी, ब्रिटिश सरकार द्वारा ठुकरा दिया गया था।
- 1922 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने मांग की कि भारत का राजनैतिक भाग्य भारतीय स्वयं बनाएंगे। 1924 में पं. मोतीलाल नेहरू ने संविधान सभा के गठन की फिर मांग की लेकिन अंग्रेजों द्वारा उनकी मांग को भी ठुकरा दिया गया। तब से संविधान सभा के गठन की मांग लगातार उठती रही लेकिन अंग्रेजों द्वारा उसे हर बार ठुकराया जाता रहा।
- 1939 में कांग्रेस अधिवेशन में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कहा गया कि स्वतंत्र देश के संविधान के निर्माण के लिए संविधान सभा ही एकमात्र उपाय है और अंततः 1940 में ब्रिटिश सरकार ने इस मांग को मान लिया कि भारत का संविधान भारत के लोगों द्वारा ही बनाया जाए।
- 1942 में क्रिप्स कमीशन ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि भारत में निर्वाचित संविधान सभा का गठन किया जाएगा, जो भारत का संविधान तैयार करेगी।
- 9 दिसंबर सन 1946 को संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में पहली बार समवेत हुई थी लेकिन मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर इस बैठक का बहिष्कार किया।
- 11 दिसम्बर 1946 को हुई संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान के निर्माण का कार्य पूरा होने तक इस पद पर रहे।
- 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुता सम्पन्न संविधान सभा पुनः समवेत हुई और 29 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डा. भीमराव अम्बेडकर को बनाया गया।
- संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिन तक चली।
- संविधान के निर्माण में कुल 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा।
- संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया।
- संविधान के निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई।
- 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने के बाद से अब तक हुए अनेक संशोधनों के बाद भारतीय संविधान में 440 से भी अधिक अनुच्छेद व 12 परिशिष्ट हो चुके हैं।

## देश की बात

# संभल से इंफाल तक हिंसा की एक ही बीमारी



राकेश अचल

उत्तर प्रदेश में संभल हिंसा की आग में जल रहा है। हिंसा में 4 लोग मारे जा चुके हैं। मणिपुर में हिंसा का जघन्य रूप सामने है लेकिन सरकार महाराष्ट्र में जीत का जश्न मना रही है। उत्तर प्रदेश में सरकार और सरकारी पार्टी के लोग मस्जिदों के नीचे दबे मंदिरों को खोजने की सनक में गड़े मुर्दे उखाड़ने से पीछे नहीं हट रहे। वैसे भी उसका नारा है बटोगे तो कटोगे का है। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव ने समाज को एक नहीं किया बल्कि बाँट दिया है। ये बँटवारा मणिपुर में पूरी तरह हो चुका है और उत्तर प्रदेश में जारी है। उत्तर प्रदेश बहराइच से होता हुआ साम्भल तक आ पहुंचा है। मणिपुर और संभल की बीमारी एक जैसी है ,लेकिन उसका इलाज अलग-अलग तरीके से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में सरकार और सरकार संरक्षित लोग/संस्थाएं जामा मस्जिद की जामा तलाशी लेने के लिए अदालती आदेशों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण महकमे का सहारा ले रही है। ये काम अयोध्या की बाबरी मस्जिद से शुरू हुआ था और आज तक जारी है। कभी ज्ञानवापी के रूप में तो कभी संभल के रूप में। ये घृणित कोशिश उत्तराखंड में भी हुई और देश के दूसरे हिस्सों में भी। देश में लोगों के पास महंगाई के खिलाफ लड़ने का माद्दा नहीं है। लोग बेरोजगारी के खिलाफ नहीं लड़ सकते, महिला हिंसा के खिलाफ खड़े नहीं हो सकते। भूख-गरीबी के खिलाफ एकजुट होकर अदालतों के चक्कर नहीं काट सकते, लेकिन जामा मस्जिद की जामा तलाशी के लिए अदालतों के चक्कर काटने की फुरसत उन्हें है। देश में स्पष्ट कानून है कि आजादी के बाद जिन पूजा स्थलों की जो स्थिति है उसमें कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, किन्तु देश की अदालतों को इस कानून से शायद कोई लेना-देना नहीं है। वे कभी भी, किसी को भी किसी भी मस्जिद का सर्वे करने का आदेश दे सकतीं हैं। अदालतों को भी सियासत और सत्ता की तरह गड़े मुर्दे उखाड़ने में मजा आता है शायद। अन्यथा क्या जरूरत है किसी मस्जिद की जड़ें खोदने की? माना कि अतीत में किसी मस्जिद को, किसी मंदिर को जमीदोज कर बनाया गया होगा, लेकिन क्या आज फिर वो ही गलती जानबूझकर दोहराये जाने की जरूरत है? महाराष्ट्र विधान सभाचुनावों में मिली प्रचंड जीत ने भाजपा और उसके अनुसांगिक संगठनों का हौसला और बढ़ा दिया है। वे हर कीमत पर अल्पससंख्यक समाज को सबक सिखाना चाहते हैं और इसी का नतीजा बहराइच और संभल की हिंसा है। सरकार और सरकारी लोगों को रोज-रोज ये नाटक करने के बजाय एक बार में देश की तमाम मस्जिदों के सर्वेक्षण का आदेश अदालत से हासिल कर लेना चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**महल लाख का, आग के सारे खिड़की, द्वार।**
**चली हवाएं रार की, पिघल रहीं दीवार।।**

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

## आपकी बात

# जरूरी है इनके भी नागरिक अधिकारों की रक्षा



राकेश दुबे

सरकार के संज्ञान में भी यह तथ्य है कि देश की जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा जा रहा है और तो और इन कैदियों में 75 प्रतिशत उन कैदियों का है जो विचाराधीन हैं। तभी तो केंद्रीय गृह मंत्री की यह घोषणा करनी पड़ी। कहा गया है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस तक अपनी अधिकतम सजा की एक तिहाई अवधि काट चुके कैदियों के लिये न्याय सुनिश्चित करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह न्याय सुनिश्चित करने के मार्ग में चुनौतियां बहुत अधिक हैं। विडंबना यह है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 जैसे हालिया विधायी सुधारों के बावजूद प्रणालीगत विसंगतियां बनी हुई हैं। विचाराधीन कैदियों की रिहाई में तेजी लाने के सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक जटिल समस्या के निराकरण की जरूरत को बताया है। दरअसल, नौकरशाही की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जेल में बंद विचाराधीन कैदियों की रिहाई में देरी होती रही है। यही वजह है कि गरीब कैदियों के लिये वित्तीय सहायता के प्रावधान जैसी सहायक योजनाओं के बावजूद क्रियान्वयन असंगत बना हुआ है। जिसके चलते बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं।

समस्या की जड़ आपराधिक न्याय प्रणाली में निहित रही है। जो सुधारात्मक और पुनर्वास की प्राथमिकताओं वाले न्याय की बजाय दंडात्मक उपायों को प्राथमिकता देती है। वहीं जमानत की शर्तों को उदार बनाने में न्यायिक हिचकिचाहट, पात्र कैदियों की पहचान करने में प्रणालीगत देरी के चलते इस मुद्दे को जटिलता में उलझा देती है। वहीं दूसरी ओर कानूनी सेवा प्राधिकरणों के बजाय जिला कलेक्टरों पर इस योजना की निर्भरता ने इस प्राथमिकता को गौण बना दिया है। दरअसल, जेलों में कैदियों की भीड़ कम करने के लिये देश को प्रतीकात्मक समय सीमा से आगे जाने की जरूरत है। न्याय सुनिश्चित करने के लिये हमें समीक्षा समितियों के माध्यम से पहचान और रिहाई की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना होगा, वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी इस पहल में शामिल करना आवश्यक है।

यद्यपि प्रौद्योगिकी एकीकरण और सुधारों के गृहमंत्री अमित शाह के आश्वासन उम्मीद जगाते हैं, लेकिन क्रियान्वयन में तेजी लाने की जरूरत है। निस्संदेह, प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने के लिये न्यायपालिका, कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना चाहिये।

यहाँ यह याद रखना जरूरी है कि न्याय मिलने में देरी का होना न केवल कैदियों को न्याय से वंचित करना है बल्कि यह संविधान में निहित व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का भी अतिक्रमण है। निस्संदेह, विचाराधीन कैदियों की दशा में सुधार करना मानवीय गरिमा के प्रति देश की प्रतिबद्धता की परीक्षा भी है। ऐसे में सलाखों के पीछे कैद करीब पांच लाख कैदियों की आवाज को अनसुना नहीं किया जाना चाहिए। यह तार्किक व ठोस कार्रवाई करने का वक्त भी है। तभी विचाराधीन कैदियों को खुली हवा में सांस लेने का मौका मिल सकेगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलों में जो जरूरत से ज्यादा कैदी भरे हुए हैं उनमें अधिकांश गरीब व वंचित तबके के लोग हैं। उनमें ऐसे गरीब लोगों की संख्या अधिक है जिनकी जमानत लेने वाला भी कोई नहीं है। नीति नियंताओं को याद रखना चाहिए कि जेलों का मकसद परिस्थितिवश अपराध की गलियों में फिसले लोगों के जीवन में सुधार होता है न कि सिर्फ दंडित करना।

दुर्दांत व पेशेवर अपराधियों को छोड़ दें तो विषम हालात या आवेश में अपराध कर बैठे कैदियों की सोच बदलकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना जेलों का पहला मकसद होना चाहिए। विगत में सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश दिया था कि विचाराधीन कैदियों की सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों पर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि रिहाई की शर्तों में ढील दी जा सके। ऐसे में खचाखच भरी जेलों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये विचाराधीन कैदियों को समय रहते न्याय दिलाने की जरूरत है। निस्संदेह, भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में न्यायिक व्यवस्था का चेहरा मानवीय होना चाहिए। यह नजरिया न केवल प्रगतिशील है बल्कि न्यायपूर्ण भी है। ऐसे में गृह मंत्रालय की न्याय दिलाने की पहल का स्वागत किया जाना चाहिए।





## बोधि वृक्ष

**भीतर की ईर्ष्या, भय, क्रोध को जड़ से समाप्त कर दें, ताकि जब भी कोई आवेग आपको घृणा करने या चोट पहुंचाने के लिए उकसाता है, तो भीतर की दूसरी उससे भी शक्तिशाली वाणी आपको प्रेम और क्षमा करने के लिए प्रेरित करती है।**

# नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

परन्तु जब तक आप उस नकारात्मक भाव को अपने मन में सुरक्षित आश्रय देते रहेंगे, तब तक चाहे आप कितना भी प्रयास कर लें, आप उस बुराई को बाहर निकालने में सक्षम नहीं होंगे। भीतर की ईर्ष्या, भय, क्रोध को जड़ से समाप्त कर दें, ताकि जब भी कोई आवेग आपको घृणा करने या चोट पहुँचाने के लिए उकसाता है, तो भीतर की दूसरी उससे भी शक्तिशाली वाणी आपको प्रेम और क्षमा करने के लिए प्रेरित करती है। उस वाणी को सुनें।

ईर्ष्या हीनभाव से आती है, और शंका एवं भय से स्वयं को अभिव्यक्त करती है। यह स्पष्ट करती है कि व्यक्ति दूसरों के साथ अपने सम्बन्धों में स्वयं को सम्भाल न सकने के कारण डरता है, चाहे वे सम्बन्ध वैवाहिक हों, सन्तान के प्रति हों, या सामाजिक हों। यदि आपको लगता है कि आपके पास किसी के प्रति ईर्ष्यालु होने का कारण है-उदाहरण के लिए, यदि आपको यह डर है कि जिससे आप प्रेम करते हैं वह व्यक्ति अपना ध्यान किसी अन्य की ओर स्थानान्तरित कर रहा है- तो सर्वप्रथम यह समझने का प्रयास करें कि क्या आपके अपने भीतर कोई कमी तो नहीं है। स्वयं का सुधार करें; स्वयं का विकास करें। किसी अन्य व्यक्ति के प्रेम और सम्मान को बनाए रखने का एक मात्र तरीका प्रेम के नियम लागू करने में और आत्म-सुधार द्वारा उस मान्यता को महत्त्व देने में है।...

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## भारत ने हमेशा एकता और अखंडता के सत्य को किया है स्वीकार : मोहन भागवत



**हैदराबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जहां दुनिया अपनी मंजिल पर विचार किए बिना आगे बढ़ रही है, वहीं भारत ने हमेशा एकता और अखंडता के गहरे सत्य पर विचार किया है। 'लोकमंथन भाग्यनगर 2024' में बोलते हुए, आरएसएस प्रमुख ने भारत की 'धर्म' और जीवन के निर्माण की शाश्वत अवधारणाओं पर अपने विचार रखे। भागवत ने कार्यक्रम में कहा, हमारे पूर्वज अस्तित्व की एकता की सच्चाई जानते थे, वे समझते थे कि यही सब कुछ है इसलिए विविधता है। यह कुछ समय तक चलती है, फिर केवल एकता रह जाती है।

## रामगोपाल वर्मा के घर हैदराबाद पहुंची आंध्र प्रदेश पुलिस

**हैदराबाद।** मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक कंटेंट पोस्ट करने के मामले को लेकर आंध्र प्रदेश पुलिस की टीम सोमवार को रामगोपाल वर्मा के हैदराबाद स्थित घर पहुंची। हालांकि, वह घर पर नहीं थे और कोयंबटूर के लिए रवाना हो चुके थे। आरजीवी के नाम से लोकप्रिय फिल्म निर्माता सोमवार को पुलिस के सामने पेश नहीं हुए थे। आरजीवी पर आरोप हैं कि उन्होंने सीएम नायडू, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री नारा लोकेश के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट शेयर किया, इससे नेताओं की इमेज खराब हुई।

## गुरुग्राम के ओरिस बिल्डर के ठिकानों पर ईडी की रेड

**गुरुग्राम।** ईडी के अधिकारियों ने कथित 500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के सिलसिले में कुछ रियल एस्टेट कंपनियों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में कई परिसरों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी ओरिस बिल्डर के ठिकानों के साथ-साथ उसकी सहयोगी कंपनियों के ठिकानों पर की गई। केंद्रीय एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिल्ली-एनसीआर में लगभग 12 से अधिक परिसरों की तलाशी ली जा रही है।



# संभल मस्जिद विवाद मामले में अब तक 25 गिरफ्तार , सात प्राथमिकी दर्ज

### सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सपा विधायक के बेटे नवाब सुहैल इकबाल नामजद अभियुक्त बनाए गए

### पत्थरबाजी में 15 पुलिसकर्मी और चार अधिकारी घायल हुए थे, बर्क ने मना किए जाने के बाद भी लोगों को भड़काया

**एजेंसी। संभल**

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर रविवार को हुए पथराव एवं आगजनी को लेकर प्रशासन बड़े स्तर पर कार्रवाई कर रहा है। इस मामले में संभल कोतवाली में समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर्रहमान और विधायक नवाब इकबाल के बेटे सुहेल इकबाल के खिलाफ उपद्रव की साजिश रचने का मुकदमा दर्ज हुआ है। इस मामले में अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और दो थानों में सात प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने मीडियाकर्मियों बताया कि संभल हिंसा मामले में दो थानों में 07 प्राथमिकी दर्ज की गयी हैं। इसमें सांसद जियाउर्रहमान बर्क और सपा विधायक नवाब इकबाल महमूद के बेटे नवाब सुहैल इकबाल को भी आरोपित बनाया गया है। उन पर दंगाईयों को भड़काने का आरोप है। उन्होंने बताया कि उपद्रवियों के हमले में घायल एकता चौकी के प्रभारी दीपक राठी ने 800 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जिया उर्रहमान बर्क और सोहेल इकबाल नामजद अभियुक्त हैं। बर्क को पहले भी नोटिस दिया गया था। उन्होंने पहले भी भड़काऊ भाषण दिए थे और उन्हें ऐसा करने के लिए मना किया गया था। भाषण के दौरान उन्हें पहले भी कहा गया था कि आप इस तरह के भाषण न दें लेकिन उन्होंने इसके बाद भी भीड़ को उकसाने और जामा मस्जिद की हिफाजत के लिए लोगों को उकसाने का काम किया। इस दौरान जब सर्वे का काम चल रहा था तो एकाएक भीड़ ने पथराव कर दिया। पत्थर चलाने वाले सभी रुमाल से मुहं बांधे हुए थे। पत्थरबाजी में 15 पुलिसकर्मी और चार अधिकारी घायल हुए थे।

### महिलाओं ने ईंट से प्रहार किया, फायर भी किए

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक जब वे और डीएम इलाके में गश्त कर रहे थे तो महिलाओं ने ईंट से प्रहार किया गया। फायर भी किए, जिसमें पीआरओ भी घायल हुए थे। उनकी तरफ से भी 150 अज्ञात के खिलाफ थाना नखासा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र से 22 और थाना नखासा क्षेत्र से तीन लोग गिरफ्तार किए गये हैं। कुल 25 लोग गिरफ्तार हुए हैं। ड्रोन कैमरे में जो फोटो कैद हुई है उनकी पासपोर्ट साइज फोटो बनाकर चिह्नित किया जा रहा है। इनके बारे में जानकारी देने वालों को इनाम भी दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्थिति नियत्रंण में हैं। कुछ लोग अपनी दुकान खोले हुए हैं। इंटरनेट सेवा अगले आदेश तक निलंबित हैं और कल भी बंद रखने के लिए जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है।

पत्थरबाजों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संभल मामले में भाजपा दोषी, सुप्रीम कोर्ट करे हस्तक्षेप : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उप्र के संभल में मस्जिद में सर्वे कराए जाने के प्रशासनिक आदेश के बाद हुई हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और सुप्रीम कोर्ट से मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस नेता ने इसके लिए सीधे तौर पर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। राहुल ने कहा है कि संभल में प्रशासन की असंवेदनशीलता से माहौल बिगड़ा है। राहुल ने कहा कि संभल में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और यह कई लोगों की मृत्यु का कारण बना। इसकी सीधी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता हिंदू-मुसलमान के बीच दरार और भेदभाव पैदा कर रही है।

### विहिप ने संभल हिंसा की निंदा की

**नई दिल्ली।** विहिप के संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने सोमवार को संभल में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा पुलिस पर पथराव, गोलीबारी और आगजनी किए जाने की घटना की घोर निंदा की है। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि मुस्लिम नेताओं, मौलाना तथा राहुल गांधी समेत अनेक सपा और कांग्रेस के नेताओं ने जिस प्रकार इस हिंसा का समर्थन किया है, वह भी चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ये लोग ऐसी आग से न खेलें, जो अनियंत्रित होकर उनके घरों को भी जला सकती हो। उन्होंने मांग की कि दंगाइयों और उनके पैरोकारों पर रासुका लगा कर उनकी अविलंब गिरफ्तारी हो तथा उनसे सारे नुकसान की भरपाई कराई जाए।

### सीओ के पैर में लगी है गोली, एसडीएम का पैर टूटा

एसडीएम रमेश बाबू के पैर में फैक्चर हो गया था। सीओ संभल के पैर में गोली लगी थी। जिलाधिकारी ने कमेटी का गठन किया था, जिसमें एसडीएम संभल, सीओ और अन्य अधिकारी शामिल थे। इन पर सर्वे को पूरा कराने की जिम्मेदारी थी। रविवार को जब सर्वे कराया जा रहा था तो इन अधिकारियों ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ ने पथराव और फायरिंग शुरू कर दी। इसमें सीओ के पैर में गोली लगी। संजीव कुमार नाम के एक व्यक्ति ने भी लूट का मुकदमा दर्ज कराया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला :**: शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-7


**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

### महादेव सट्टा एप मामला

## ईडी ने छत्तीसगढ़ में पांच सौ करोड़ की संपत्ति जब्त की

**एजेंसी। रायपुर**




बहुचर्चित महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपितों की रायपुर और अभनपुर में 500 करोड़ रुपये की 19 संपत्तियां जब्त की हैं। इनमें 200 एकड़ की जमीन शामिल हैं। इन संपत्तियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई गई है। बताया गया है कि इन सम्पतियों में सृजन एसोसिएट, सुनील दम्मानी, अनिल दम्मानी और माधुरी वर्मा की सम्पतियां शामिल हैं। रायपुर के तहसीलदार पवन कोसमा ने आज बताया कि मनी लान्ड्रिंग मामले में ईडी ने रायपुर और अभनपुर की 19 संपत्तियों को अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने राजस्व विभाग को पत्र लिखकर संपत्ति की जानकारी मांगी थी जो दे दी गई है। उन्होंने बताया कि मनी लान्ड्रिंग के मामले में ईडी जब किसी संपत्ति को अटैच करता है तो उस पर मामले के निस्तारण तक संपत्ति के स्वामी का अधिकार नहीं रहता है। मनी लान्ड्रिंग की पुष्टि होने पर ईडी ऐसी संपत्ति को नीलाम भी कर देता है, ताकि ठिकाने लगाई गई रकम की भरपाई की जा सके। ईडी ने ऐसी ही 19 संपत्ति को अटैच कर कब्जे ले लिया है। इन संपत्तियों की खरीद-ब्रिक्री को रोकने के लिए पंजीयन विभाग से भी पत्राचार किया गया है। अब सभी खसरों को ब्लाक कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 23 अगस्त को महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले में रायपुर और दुर्ग में छापा मारा था। प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी को ईडी ने अरेस्ट किया था।

## प्रयागराज कुंभ विहिप करेगा कई बड़े कार्यक्रम

**एजेंसी। अयोध्या**

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने अपने सभी सांगठनिक कार्यक्रम और बैठकें और सम्मेलन प्रयागराज में आयोजित कुंभ में करने का निर्णय लिया है। विहिप महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा की ओर से इस सिलसिले में विस्तृत कार्य योजना जारी कर दी गई है। इसके अनुसार पूरे कुंभ भर संगठन का वहीं पर जमावड़ा रहेगा। बजरंग लाल बागड़ा की ओर से सितम्बर में ही जारी पत्र के अनुसार 19 जनवरी को मेरठ, लखनऊ, पटना क्षेत्र का मातृशक्ति सम्मेलन, 24 को केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की बैठक, अगले दिन 25 को प्रथम बेला में साध्वी सम्मेलन, द्वितीय बेला में संत सम्मेलन होगा। 27 जनवरी को युवा संत सम्मेलन, छह फरवरी को मंत्रियों एवं संगठन मंत्रियों की बैठक, सात से नौ फरवरी तक प्रन्यासी मंडल की बैठक, 10 फरवरी को विमर्श कार्यशाला, 10-11 फरवरी को विभाग मंत्री और संगठन मंत्रियों का अभ्यास वर्ग होगा।

## अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार

**जयपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा को सोमवार को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने फोन टैपिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, क्राइम ब्रांच ने इस मामले में कई बार उन्हें नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। पहले तो हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। इसके बाद उन्होंने अपनी याचिका वापस ले ली। केंद्र सरकार में संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद लोकेश शर्मा पर यह मामला दर्ज हुआ। क्राइम ब्रांच अभी इस मामले की जांच कर रही है।

# सहकारिता भारतीय संस्कृति का आधार बताया और जीवनशैली : पीएम मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। उन्होंने सहकारी आंदोलन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया। अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन का वैश्विक सम्मेलन पहली बार भारत में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से हमें भारत की भावी सहकारिता यात्रा के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही, भारत के अनुभवों के माध्यम से वैश्विक सहकारी आंदोलन को 21वीं सदी के उपकरण और नई भावना मिलेगी। प्रधानमंत्री ने सहकारिता को भारतीय संस्कृति का आधार बताया और कहा कि भारत के लिए सहकारिता जीवनशैली है। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन को भी सहकारिता ने प्रेरित किया है। इससे आर्थिक सशक्तिकरण में तो मदद मिली ही साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों को एक सामूहिक मंच भी मिला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज ने सामुदायिक भागीदारी को फिर से नई ऊर्जा दी। उन्होंने खादी और ग्रामोद्योग जैसे क्षेत्रों में एक नया आंदोलन खड़ा किया और आज खादी और ग्रामोद्योग को हमारी कॉपरेटिव ने बड़े-बड़े ब्रांड से भी आगे पहुंचा दिया है। इस मौके पर भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे, फिजी के उप प्रधानमंत्री मनोआ कामिकामिका, केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और यूएन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### खरगे से मिले पटोले, विधानसभा के चुनाव नतीजों पर जताया संदेह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से आज महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मुलाकात की। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने खरगे के समक्ष अपनी चिंतायें जाहिर कीं। इस पर खरगे ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में नाना पटोले ने अपने इस्तीफे की बात को खारिज किया। उन्होंने कहा कि न ही उनसे इस्तीफा मांगा गया है और न ही उन्होंने इस्तीफा दिया है। विधानसभा चुनाव के नतीजों पर पटोले ने कहा कि जमीन पर काम करने वाले सभी नेताओं का मानना है कि नतीजे अपेक्षा से विपरीत आए हैं। सभी को आशा थी कि नतीजे महा विकास आघाड़ी के पक्ष में आएंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ है।

### देवेंद्र परमार का राष्ट्रीय गोपाल-रत्न पुरस्कार 2024 के लिए चयन



**भोपाल।** पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में उपलब्धि के लिए प्रदेश के शाजापुर जिले के किसान देवेंद्र परमार का केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गोपाल-रत्न पुरस्कार 2024 के लिए चयन हुआ है। उन्हें बेस्ट डेयरी फार्मर वर्ग में देशी पशु नस्ल सुधार के लिए द्वितीय पुरस्कार केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन द्वारा राष्ट्रीय दुग्ध दिवस 26 नवंबर के अवसर पर नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी पंकज मित्तल ने सोमवार को बताया कि दुग्ध उद्यमी किसान देवेंद्र परमार शाजापुर जिले के पटलावदा के हैं, जो भोपाल दुग्ध संघ के अंतर्गत शुजालपुर दुग्ध उत्पादन समिति के सदस्य हैं। वह बड़ी संख्या में दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। उन्होंने देशी गायों की नस्ल सुधार में उल्लेखनीय कार्य किया है। वह देव डेयरी के नाम से पैकेज्ड दूध बेचते हैं। उन्होंने अपने खेत में गोबर गैस संयंत्र भी लगाया है, जिससे बड़ी मात्रा में गोबर गैस का भी उत्पादन करते हैं, साथ ही जैविक खाद बेचकर भी अच्छी आमदनी लेते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय मेले में बिहार के लोकगीतों की धूम

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में रविवार की संध्या बिहार के लोकगीतों के नाम रही। सबसे पहले दीप प्रज्वलित करके बिहार दिवस सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन बिहार के उद्योग एवं पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया। उद्घाटन के बाद बिहार के चोटी के पांच लोकगीत गायकों ने भोजपुरी मैथिली, मगही और अंगिका लोकगीतों की झड़ी लगा दी। कलाकारों में नीतू कुमारी नवगीत, सत्येंद्र कुमार संगीत, अमर आनंद, नीतू कुमारी नूतन और उषा सिंह ने एक से बढ़कर एक लोकगीत गाए। प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने भगवान प्रभु श्री राम और माता सीता के विवाह के अवसर पर गाए गए गीत बता द बबुआ लोगवा देत काहे गारी बता द बबुआ, भिखारी ठाकुर रचित जतसारी गीत डगरिया जोहत ना हो बीतत बाटे अठपहरिया हो डगरिया जोहत ना, पिया गइले कलकतवा ए सजनी, पटना से बैदा बुलाई दा, पनिया के जहाज से पलटनिया, कोयल बिना बगिया ना शोभे राजा और कहे तोसे सजना तोहरी सजनिया जैसे गीत गाकर धमाल मचाया।

### मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में फिर बढ़ा चीतों का कुनबा



**श्योपुर/भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से एक खुशखबरी आई है। यहां केन्द्र सरकार द्वारा चीता प्रोजेक्ट के तहत बसाए गए चीतों का कुनबा एक बार फिर बढ़ गया है। दरअसल, दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता निर्वा ने कूनो में चार शावकों को जन्म दिया है। इसके बाद यहां चीतों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इनमें 12 वयस्क और 12 शावक शामिल हैं। सिंह परियोजना के सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दक्षिण अफ्रीका से लाई मादा चीता निर्वा ने गत 22 नवंबर को चार शावकों को जन्म दिया है। गौरतलब है कि भारत सरकार ने चीता प्रोजेक्ट के तहत कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीते लाकर बसाए थे। इनमें से प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2022 में अपने जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनों नेशनल पार्क के बाड़ों में रिलीज किया था। इसके बाद 12 चीते दक्षिण अफ्रीका से लाए गए थे। इनमें मादा चीता निर्वा भी शामिल है। साउथ अफ्रीका से लाई गई निर्वा को मई 2023 में पहली बार कूनो के खुले जंगल में छोड़ा गया था। इसके पहले निर्वा को बाड़े में ही दूसरे चीतों के साथ रखा गया था। मादा चीता निर्वा के पिछले दिनों गर्भवती होने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद से पार्क प्रबंधन ने इस पर निगरानी बढ़ा दी थी। अब निर्वा द्वारा शावकों के जन्म दिए जाने के बाद से चीता प्रोजेक्ट को एक बड़ी सफलता मिली है।

### रोपवे परियोजना के विरोध में प्रदर्शन व हड़ताल, पुलिस पर पथराव

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित वैष्णो देवी मंदिर तक जाने के लिए प्रस्तावित रोपवे परियोजना के खिलाफ चौथे दिन भी स्थानीय दुकानदारों और मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन किया। सोमवार को बड़ी संख्या में दुकानदारों और मजदूरों ने श्रद्धालु बेस कैंप पर पुलिस पर पथराव किया, जिससे कटरा में हड़ताल तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रस्तावित रोपवे परियोजना के विरोध में भवन मार्ग पर दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे हैं। भवन मार्ग पर पंचायत पुराना दारूड के निवासियों के साथ ही घोड़ा, पिट्टू तथा पालकी के मजदूरों ने अपना काम बंद रखा हुआ है। भवन मार्ग पर बाणगंगा क्षेत्र से लेकर मिल्कबार क्षेत्र तक सभी निजी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद हैं। प्रदर्शनकारियों ने कटडा के मुख्य बस अड्डा पर भी प्रदर्शन किया। बेरोजगार होने से सशंकित प्रदर्शनकारियों ने श्राइन बोर्ड और रोपवे परियोजना के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव भी किया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि रोपवे परियोजना हिंदू श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के समान है और तीर्थयात्रियों को सेवाएं प्रदान करने वाले मजदूरों के हितों को भी नुकसान पहुंचा रही है।

### महाराष्ट्र के पांच निर्दलीय विधायकों ने दिया भाजपा को समर्थन

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के लिए नवनिर्वाचित 5 निर्दलीय सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दिया है। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 132 सीटें जीती हैं। भाजपा-नीत राजग में शामिल किस दल का नेता मुख्यमंत्री बनेगा, इसकी घोषणा नई दिल्ली में आज शाम तक हो सकती है। भाजपा को समर्थन देने वाले निर्दलीय विधायकों में रत्नाकर गुट्टे, विनय कोरे, अशोकराव माने, रवि राणा और विजय पाटिल शामिल हैं। पांचों नवनिर्वाचित विधायकों ने सोमवार को मुंबई में भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और समर्थन का पत्र सौंपा। विधानसभा चुनाव में राजग ने 230 सीटें जीती हैं। इसमें भाजपा 132, शिवसेना 57 और एनसीपी (एपी) ने 41 सीटें जीती हैं।

**295**
**रनों की जीत भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर से बाहर रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत है**

# पर्थ टेस्ट जीतने के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में नंबर-1 पर पहुंचा भारत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पर्थ स्टेडियम में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के शुरुआती टेस्ट में भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सोमवार को पहले टेस्ट के चौथे दिन 295 रनों की शानदार जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में नंबर-1 पर पहुंच गया है। 295 रनों की जीत भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर से बाहर रनों के मामले में सबसे बड़ी जीत थी, जिसने 1977 में मेलबर्न में मिली 222 रनों की जीत को पीछे छोड़ दिया। इस महीने की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से हारने के बाद भारत को डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह पक्की करने के लिए बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के पांच मैचों में से कम से कम चार मैच जीतने की जरूरत थी। इस क्रम में भारत ने पर्थ में शानदार जीत के साथ एक पड़ाव पार कर लिया है।

भारत का पॉइंट प्रतिशत बढ़कर 61.11 हो गया, जबकि ऑस्ट्रेलिया 9 टीमों की पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर खिसक गया। हालांकि कंगारू टीम 57.69 पीटीसी के साथ अभी भी अपने खिताब को बचाने की दौड़ में है। भारत को 11 जून को लॉड्र्स में होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफिकेशन सुनिश्चित करने के लिए अपने शेष चार मैचों में से तीन जीतने की जरूरत है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी अब एडिलेड ओवल में डे-नाइट पिंक बॉल टेस्ट के लिए एडिलेड की यात्रा करेंगे, जो 6-10 दिसंबर तक होगा। इसके अलावा, दो अन्य टीमें भी फाइनल मुकाबले में जगह बनाने की दौड़ में हैं, जिसमें श्रीलंका भी शामिल है जो 55.56 अंक प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर है, तथा घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड पर 2-0 की श्रृंखला जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है। श्रीलंका को अपने बचे हुए चार टेस्ट मैचों में से तीन और जीत की जरूरत है, लेकिन उनका काम मुश्किल होगा क्योंकि 27 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका में दो टेस्ट मैच होने हैं। 2025 में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की सीरीज भी होनी है।

इस बीच, न्यूजीलैंड 54.55 पीसीटी के साथ चौथे स्थान पर है और 28 नवंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड के साथ भिड़ने पर लॉर्ड्स में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगा। फाइनल में जगह बनाने के लिए ब्लैक कैप्स को बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली मजबूत इंग्लैंड टीम के खिलाफ वाइट वॉश की जरूरत है। कीवी टीम इससे पहले भारत को उसकी ही जमीन पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 3-0 से हरा चुकी है।



**ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी (लक्ष्य: 534 रन)**

| बल्लेबाज़ी | रन | बॉल | चार | छह |
|---|---|---|---|---|
| नेथन मैकस्वीनी | 0 | 4 | 0 | 0 |
| उस्मान ख़्वाजा | 4 | 13 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस | 2 | 8 | 0 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 3 | 5 | 0 | 0 |
| स्टीव स्मिथ | 17 | 60 | 0 | 0 |
| ट्रैविस हेड | 89 | 101 | 8 | 0 |
| मिचेल मार्श | 47 | 67 | 3 | 2 |
| एलेक्स कैरी | 36 | 58 | 2 | 0 |
| मिचेल स्टार्क | 12 | 35 | 0 | 0 |
| नेथन लायन | 0 | 2 | 0 | 0 |
| जॉश हेज़लवुड | नाबाद | 4 | 25 | 0 |

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप**

| टीम | अंक | प्रतिशत |
|---|---|---|
| भारत | 110 | 61.11 |
| ऑस्ट्रेलिया | 90 | 57.69 |
| श्रीलंका | 60 | 55.56 |
| न्यूज़ीलैंड | 72 | 54.55 |

## दबाव में भी टीम ने कमबैक किया उस पर गर्व है : बुमराह



**पर्थ।** टीम इंडिया ने पर्थ टेस्ट मैच में 295 रन की जीत के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का शानदार आगाज किया है। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर भारत की रनों के मामले में ये सबसे बड़ी जीत है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत ने 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पर्थ में भारत की जीत के मुख्य 'सूत्रधार' कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह रहे, जिन्होंने अकेले दम पर ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाने के लिए कुल 8 विकेट चटकाए। मैच खत्म होने के बाद कप्तान के तौर पर अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल करने वाले बुमराह ने कहा, "इस जीत से बहुत खुश हूं। पहली पारी में हम पर दबाव बनाया गया। लेकिन जिस तरह से हमने वापसी की, मुझे उस पर गर्व है। हम वाकई अच्छी तरह से तैयार थे। मैं बस सभी से कह रहा था कि अपनी प्रक्रिया और क्षमता पर भरोसा रखें क्योंकि यहां हमारे पास कुछ खास करने का मौका है। चाहे चुनौती कैसी भी हो अनुभव मायने रखता है, लेकिन अगर आपको अपनी क्षमता पर भरोसा है तो आप कुछ खास और अलग कर सकते हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को भी श्रेय दिया, जिन्होंने 161 रन बनाकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

**आईपीएल नीलामी के दूसरे दिन सबसे महंगे बिके भुवनेश्वर**

| क्रिकेटर | कीमत(₹) | टीम ने खरीदा |
|---|---|---|
| भुवनेश्वर कुमार | 10.75 करोड़ | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| रोवमैन पॉवेल | 1.5 करोड़ | कोलकाता नाइट राइडर्स |
| फॉफ डुप्लेसिस | 2 करोड़ | दिल्ली कैपिटल्स |
| वाशिंगटन सुंदर | 3.20 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| सैम करन | 2.40 करोड़ | चेन्नई सुपर किंग्स |
| मार्को जेनसन | 7 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| क्रुणाल पांड्या | 5.75 करोड़ | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु |
| नीतिश राणा | 4.20 करोड़ | राजस्थान रॉयल्स |
| रयान रिकेल्टन | 1 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| जोश इंग्लिस | 2.60 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| गेराल्ड कोएट्ज़ी | 2.40 करोड़ | गुजरात टाइटंस |
| तुषार देशपांडे | 6.50 करोड़ | राजस्थान रॉयल्स |
| मुकेश कुमार | 8 करोड़ | दिल्ली कैपिटल्स |
| दीपक चाहर | 9.25 करोड़ | मुंबई इंडियंस |
| आकाशदीप सिंह | 8 करोड़ | लखनऊ सुपर जाइंट्स |
| लॉकी फर्ग्यूसन | 2 करोड़ | पंजाब किंग्स |
| अल्लाह गजनफर | 4.80 करोड़ | मुंबई इंडियंस |

**नहीं बिके केन विलियमसन**

| क्रिकेटर | नहीं बिके | क्रिकेटर | नहीं बिके |
|---|---|---|---|
| केन विलियमसन | अनसोल्ड | एलेक्स कैरी | अनसोल्ड |
| ग्लेन फिलिप्स | अनसोल्ड | डोनोवन फरेरा | अनसोल्ड |
| अजिंक्य रहाणे | अनसोल्ड | मुजीब उर रहमान | अनसोल्ड |
| मयंक यादव | अनसोल्ड | अकील हुसैन | अनसोल्ड |
| पृथ्वी शॉ | अनसोल्ड | आदिल राशिद | अनसोल्ड |
| शाई होप | अनसोल्ड | केशव महाराज | अनसोल्ड |
| केएस भरत | अनसोल्ड | शार्दुल ठाकुर | अनसोल्ड |
| | | विजयकांत वियासकांत | अनसोल्ड |

## शाश्वत गोयनका बोले, ऋषभ पंत हमेशा हमारे रडार पर थे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आईपीएल इतिहास में ऋषभ पंत ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। वह लीग के इतिहास में अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने विकेटकीपर-बल्लेबाज को 27 करोड़ रुपये में खरीदा। यह लखनऊ का एक रणनीतिक मास्टरस्ट्रोक था, जो अपनी टीम की कमान संभालने के लिए एक अनुभवी लीडर की तलाश में थे। लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका के बेटे शाश्वत गोयनका ने दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान को हासिल करने के बाद फ्रेंचाइजी के विचारों को साझा किया।

शाश्वत ने आईएएनएस से कहा, "ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी को टीम में शामिल करना शानदार है। मुझे लगता है कि हर कोई इसी सोच के साथ आया था और यह हमारी सूची में भी था। इसलिए हमारे लिए यह एक अच्छी खरीद थी। ऋषभ को लेकर पैसे के बारे में नहीं सोचा गया था, वह हमारे रडार पर थे क्योंकि हम एक अनुभवी कप्तान की तलाश में थे। पंत के पास टूर्नामेंट में कप्तानी करने का अच्छा अनुभव है, लेकिन हमारे पास यह तय करने के लिए समय है कि टीम का नेतृत्व कौन करेगा। हमारी प्राथमिकता कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो सभी मैच खेल सके और टीम का अच्छे से मार्गदर्शन कर सके। फ्रेंचाइजी के इरादे साफ थे, वे पूरी तरह से दांव लगाने को तैयार थे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर भी इस होड़ में शामिल हो गई, और हर बोली के साथ कीमत बढ़ती गई। जैसे-जैसे यह आंकड़ा 20 करोड़ रुपये के पार पहुंचा, यह स्पष्ट हो गया कि पंत की कीमत उनकी बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग कौशल से भी परे है।



## अर्शदीप सिंह के कोच ने कहा ये उनकी कड़ी मेहनत का फल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को पंजाब किंग्स ने आरटीएम के जरिये 18 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। उन्हें लेकर कई फ्रेंचाइजी में जबरदस्त होड़ देखने के लिए मिली, लेकिन पंजा किंग्स आखिर में आरटीएम का इस्तेमाल कर उसे अपने पास बरकरार रखने में सफल रही। हाल के दिनों में अर्शदीप सीमित ओवर की क्रिकेट में टीम इंडिया के मुख्य गेंदबाज बनकर उभरे हैं। उन्होंने भारत की ओर से सफेद बॉल की क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया और खूब विकेट चटकाए। अर्शदीप साल की शुरुआत में टी20 विश्व कप में 8 मैचों में 17 विकेट लेकर हीरो बनकर उभरे थे। वह भारत के सफल टी20 विश्व कप 2024 अभियान में एक अहम खिलाड़ी रहे। अर्शदीप सिंह के कोच जसवंत राय ने कहा, "वह नीलामी में अर्शदीप की बंपर कीमत से काफी खुश हैं। कई टीमों ने उनके लिए बड़ी बोली लगाई जबकि पंजाब किंग्स ने इन पर एक बार फिर भरोसा जताया। यह सभी चीजें उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। इस बार उम्मीद है कि पंजाब टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। कोच और कप्तान नए हैं, टीम कॉम्बिनेशन भी अच्छा है।



## मंडाविया ने विश्व एथलेटिक्स अध्यक्ष से 2036 ओलंपिक मेजबानी पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य सेबेस्टियन कोए के साथ बैठक की। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बैठक में 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की मंशा और भारत में जमीनी स्तर से लेकर उत्कृष्टता प्राप्त करने तक एथलेटिक्स के विकास से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। सेबेस्टियन के साथ विश्व एथलेटिक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉन रिजन और विश्व एथलेटिक्स के अंतर्राष्ट्रीय संबंध एवं विकास निदेशक हेलेन डेलानी भी थे।

### पुनेरी पलटन के कोच बीसी रमेश ने कहा
## 'हम अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध'

**एजेंसी । नोएडा**



पीकेएल सीजन 11 के पहले मैच में रविवार को पुनेरी पलटन ने बंगाल वॉरियर्स को नोएडा इंडोर स्टेडियम में 51-34 से रौंद दिया। इस जीत के साथ ही टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जिससे प्लेऑफ की दौड़ में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है। हेड कोच बी.सी. रमेश ने आगे की रणनीति के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि सीजन का पहला भाग बीत चुका है, इसलिए हर आने वाला मैच महत्वपूर्ण है। जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ रहा है, हम टीमों के बीच बहुत ही कम अंतर देख रहे हैं।

हर टीम अपनी स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष करेगी। हम पहले या दूसरे स्थान के लिए प्रयास करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। पुनेरी पलटन ने मोहित गोयत, आकाश शिंदे और पंकज मोहित की शानदार रेडिंग तिकड़ी के दम पर चार ऑल आउट किए, यह बेहतरीन प्रदर्शन इससे बेहतर समय पर नहीं हो सकता था।रमेश ने कहा, "मोहित बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और पूरी टीम ने बेहतरीन तालमेल दिखाया है।" उन्होंने सीजन के अहम चरण में प्रवेश करने के लिए टीम के एकजुट होने के महत्व पर प्रकाश डाला।प्लेऑफ की तस्वीर को देखते हुए रमेश ने आगे की चुनौतियों के बारे में स्पष्ट रूप से कहा, "इस स्तर पर, हम किसी भी मैच को हल्के में नहीं ले सकते।

# व्यापार/लाइफ व साइंस



# आने वाले महीनों में देश में घटेगी महंगाई विकास दर में होगा इजाफा : वित्त मंत्रालय

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत में आने वाले समय में खाद्य महंगाई दर में कमी आ सकती है और साथ ही आर्थिक विकास दर में तेजी देखने को मिल सकती है। इसकी वजह अच्छे मानसून और न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के कारण कृषि क्षेत्र को फायदा होना है। यह जानकारी सोमवार को जारी वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में दी गई। भारत की रिटेल महंगाई दर अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत रही है, जो कि 14 महीनों का सबसे उच्चतम स्तर था। इसकी वजह प्रमुख उत्पादक राज्यों में भारी बारिश से आपूर्ति में व्यवधान के कारण टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों पर दबाव बढ़ना था। रिपोर्ट में कहा गया कि चुनिंदा खाद्य वस्तुओं पर मौजूदा मूल्य दबाव के बाद भी कृषि उत्पादन की अच्छी संभावनाओं ने महंगाई के आउटलुक को नरम बना दिया है। नवंबर की शुरूआत में रुझानों ने प्रमुख खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी का संकेत दिया है। हालांकि, भू-राजनीतिक कारक घरेलू महंगाई दर और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करना जारी रख सकते हैं। वैश्विक अस्थिरता के बीच मानसून के महीनों में कुछ समय तक धीमी गति के बाद भारत में आर्थिक गतिविधि के कई हाई फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर में अक्टूबर में सुधार देखने को मिला है।

इसमें ग्रामीण और शहरी मांग को दर्शाने वाले इंडिकेटर जैसे परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स और ई-वे बिल शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रोजगार के मोर्चे पर औपचारिक कार्यबल का विस्तार हो रहा है, मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में नौकरियों में मजबूत वृद्धि हुई है और संगठित क्षेत्रों में युवाओं की संख्या में इजाफा हुआ है। बाहरी सेक्टर को लेकर चिंताएं बरकरार हैं। विकसित बाजारों में मांग धीमी होने से निर्यात में सुधार को लेकर चुनौतियां बरकरार रहेंगी। हालांकि, सेवाओं के निर्यात में वृद्धि जारी रहेगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि रूस और यूक्रेन में युद्ध ने वित्तीय बाजारों के लिए चिंता पैदा की है। इसके कारण यूएस ट्रेजरी और गोल्ड जैसी सुरक्षित संपत्तियों की मांग में बढ़त देखी गई है। हालांकि, वैश्विक भू-राजनीतिक स्थितियां नाजुक बनी हुई हैं।

## बीआईएस 214 चिकित्सा उपकरणों के लिए मानक विकसित करेगी

**नई दिल्ली।** देश का राष्ट्रीय मानक निकाय भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) 214 महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों के लिए मानक विकसित कर रहा है। इस पहल को दिसंबर 2025 तक चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने की योजना है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि विश्वसनीय और किफायती चिकित्सा सहायक प्रौद्योगिकी की बढ़ती जरूरत को पूरा करने के लिए बीआईएस 214 महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों के लिए मानक विकसित कर रहा है। इसके तहत ब्यूरो दिव्यांगजनों की सहायता और उनके जीवन में गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए चिकित्सीय जूते, पोर्टेबल रैंप, ब्रेल डिस्प्ले और फॉल डिटेक्टर जैसे अभिनव उत्पादों के लिए मानक तैयार कर रहा है। मंत्रालय के मुताबिक फार्मास्यूटिकल्स विभाग (डीओपी) के परामर्श से इनकी पहचान भी की गई है।

इसमें सेप्टल क्लोजर डिवाइस, प्लाज्मा स्टेरिलाइजर और फोटोथेरेपी मशीनें शामिल हैं। यह मानकीकरण पहल "राष्ट्रीय चिकित्सा उपकरण नीति, 2023 के अनुरूप है, जिसको दिसंबर 2025 तक चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने की योजना है। गौरतलब है कि बीआईएस ने चिकित्सा क्षेत्र के लिए अबतक 1,700 से अधिक मानक प्रकाशित किए हैं, जिनमें कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, नेत्र विज्ञान और अन्य विशेषज्ञताएं शामिल हैं।

# शेयर बाजार में आई तूफानी तेजी सेंसेक्स 992 अंक बढ़कर हुआ बंद
### अदाणी पोर्ट्स और एलएंडटी रहे टॉप गेनर्स

**एजेंसी । मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 992 अंक या 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,109 और निफ्टी 314 अंक या 1.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,221 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों की ओर से किया गया। निफ्टी बैंक 1,072 अंक या 2.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,207 पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में लगातार दो कारोबारी सत्रों से तेजी देखी जा रही है। इस दौरान सेंसेक्स करीब 3,000 अंक बढ़ा है। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 360 अंक या 2.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,115 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 883 अंक या 1.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,900 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर करीब सभी सेक्टरोल सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। ऑटो, पीएसयू बैंक, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और पीएसई सबसे अधिक तेजी देखी गई।सेंसेक्स पैक में एलएंडटी, एसबीआई, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, रिलायंस, कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, एचयूएल, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, एनटीपीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक और मारुति सुजुकी टॉप लूजर्स थे। बाजार के जानकारों का कहना है कि महाराष्ट्र के चुनावी नतीजों का शेयर बाजार पर सकारात्मक असर देखने को मिला है। इससे उम्मीद बढ़ी है कि सरकार वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही के अपने पूंजीगत खर्च के लक्ष्य को पूरा कर पाएंगी। यह एक व्यापाक तेजी है। इसमें कैपिटल गुड्स, इन्फ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल सेक्टर की कंपनियों ने आउटपरफॉर्म किया है। अच्छे मानसून और फेस्टिव सीजन के बाद शादियों के सीजन से बाजार का रुझान आने वाले समय में तेजी का रह सकता है।

## मुंबई व कई शहरों में सीएनजी की कीमत में दो रुपये की वृद्धि

**मुंबई/नई दिल्ली।** मुंबई सहित देश के कई शहरों में विधानसभा चुनाव खत्म होते ही महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) और इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के कीमतों में 2 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा किया है, लेकिन चुनावी राज्य दिल्ली में उपभोक्ताओं को फिलहाल इससे छूट दी गई है। नई दरें लागू हो गई हैं। महानगर गैस लिमिटेड की वेबसाट के मुताबिक मुंबई में सीएनजी की कीमत में 2 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी के बाद इसकी कीमत 75 रुपये प्रति किलोग्राम से 77 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। आईजीएल और एमजीएल ने सीएनजी की कीमत में इजाफा सरकार के 16 नवंबर से पुरानी गैस फील्ड से मिलने वाली सस्ती प्राकृतिक गैस की सप्लाई में 20 फीसदी की कटौती करने के बाद की गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में सीएनजी की कीमत 75.09 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित बनी हुई हैं। लेकन नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में इसकी कीमतें 2 रुपये प्रति किलोग्राम बढ़कर 81.70 रुपये और गुरुग्राम में 82.12 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं।

# मुआवजे की मांग को लेकर रयतों ने 22 घंटा किया एनएच जाम

**सीओ के आश्वासन के बाद जाम हटा**

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड के मिशन स्कूल के पास जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार सुबह से ही रांची-चतरा एनएच 22 को जाम कर दिया। जाम होने से सैकड़ों माल वाहक गाड़ी, पैसेंजर वाहन का लंबी कतारे लग गई। पैसेंजर वाहन में बैठे पैसेंजर को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क जाम की जानकारी मिलते ही बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार दलबल के साथ जाम स्थल पर पहुंच ग्रामीणों को उचित आश्वासन के बाद लगभग चार घंटे बाद जाम हटवाया। सड़क जाम के कारणों की बात करें तो लातेहार जिले के चंदवा से चतरा तक हुए सड़क निर्माण कार्य के लिए तीन साल पहले बालूमाथ प्रखंड के ग्रामीणों की जमीन अधिग्रहित कर ली गई थी। ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था कि उन्हें जमीन के बदले उचित मुआवजा दिया जाएगा, लेकिन तीन वर्ष तक मुआवजा नहीं मिला। इसके बाद नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क जाम कर दिया। सुबह 7 बजे से ग्रामीण सड़क पर जाम लगाकर बैठ गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान उनकी जमीन को अधिग्रहित किया गया था। जिस पर जमीन के बदले मुआवजा देने की बात कही गई थी, ग्रामीणों ने कहा कि जब भी मुआवजे का मांग की जाती है तो अधिकारियों के द्वारा लगातार टाल मटोल किया जाता है. जिसके चलते मजबूरी में सड़क जाम करना पड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि यदि हमें उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में सड़क जाम कर देंगे।



# सत्येंद्रनाथ तिवारी की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाली जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** हासनदाग गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की जीत पर विजय जुलूस निकाला। विजय जुलूस में पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष विनय चौधरी, मनोज कुमार रजक, मुन्ना चौबे, राजबली चौधरी, दिलीप विश्वकर्मा के नेतृत्व में हासनदाग बाजार चौक से त्रिवेणी चौक, देवी धाम, केवाल टोला होते पूरे गांव में भ्रमण किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ बाजे-गाजे पर थिरकते हुए जमकर नारेबाजी किए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए अबीर गुलाल लगाकर जीत की बधाई दिया। साथ ही जूलुस में जमकर आतिशबाजी किया गया। मौके पर सुमेर चौधरी, छठन चौधरी, मुकेश ठाकुर, अरुण कुमार चौबे, उपेंद्र चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव चौधरी, हीरा चौधरी, अंतू चौधरी, बिहारी चौधरी, मुन्ना चौधरी, रितेश चौबे, रमेशी चौधरी, मथुरा चौधरी, शिव बालक चौधरी, जग्गू चौधरी, फुदेनी राम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।



# झारखंड सरकार में संजय सिंह यादव को मंत्री बनाये जाने की चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद -हरिहरगंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी संजय कुमार सिंह यादव के विजयी होने के बाद कार्यकर्ताओं ने मंत्री की मांग की है। बता दें कि संजय कुमार सिंह यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के कमलेश कुमार सिंह को 34 हजार 364 मतों से हराकर विधायक बनने में सफल रहे हैं। संजय कुमार सिंह यादव हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधान सभा क्षेत्र से वर्ष 2024 में तीसरी बार निर्वाचित हुए हैं। पहली बार वे वर्ष 2000 में, दूसरी बार वर्ष 2009 में विधायक बने।

फिर वे 10 वर्षों में वह अपने कड़े संघषों के बल पर 2024 में विधायक बनने में सफल रहे। वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में हुसैनाबाद से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता कमलेश कुमार सिंह विधायक चुने गए। 2014 के चुनाव में यहां से बहुजन समाज पार्टी के नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता विधायक चुने गए। वर्ष 2019 के चुनाव में यहां से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कमलेश कुमार सिंह दुबारा विजयी हुए थे। ऐसी चर्चा है कि झारखंड सरकार में संजय कुमार सिंह यादव को मंत्री बनना तय माना जा रहा है। साथ ही इसके खुशी में हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड एक स्थित पुरंदर विगहा आवास पर राजद कार्यकर्ताओं व समर्थकों में खुशी की लहर देखी जा रही हैं। लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत व मंत्री बनने की खुशी का इजहार कर रहे हैं। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मना रहे है। हुसैनाबाद शहर में राजद कार्यकर्ताओं व समर्थकों मे खुशी से झूम रहे हैं। पलामू जिला का हुसैनाबाद निर्वाचन क्षेत्र विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए सियासी गतिविधियों को संचालित करने का मुख्य केंद्र बिन्दु माना जाता रहा है। संजय कुमार सिंह यादव हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 81,476 वोटों से जीत हासिल किया है।



# अंतिम चरण में पहुंचा धनकटनी का काम खुले बाजार में धान बेचने लगे किसान

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** धनकटनी का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। इसके साथ ही बड़े किसान धान को थ्रेशर से निकालकर खुले बाजार में बेचने भी लगे हैं। इसकी वजह उन्होंने धान अधिप्राप्ति केंद्र का अबतक नहीं खोला जाना बताया। सड़कों पर इन दिनों ट्रैक्टरों में भर-भर कर धान से भरे बोरे ले जाते अक्सर देखा जाता है। बताया जाता है कि कहीं एडवांस देकर तो कहीं बाद में दाम देने का वास्ता देकर गांव-गांव में आढ़तियों की दौड़धूप धान खरीदी के लिए देखी जा रही है। इतना तो तय बताया जाता है कि एमएसपी की दर से काफी कम कीमत पर किसान धान बेचने को विवश हैं। किसानों की मानें तो शायद ही कभी स समय धान अधिप्राप्ति केंद्र खोले जा सके हैं। जबतक धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलते हैं, तबतक अब पछताए होत क्या, चिड़िया चूंग गई खेत वाली कहावत चरितार्थ हो जाती है। अर्थात धन रोपनी को लेकर भारी निवेश और महाजनों के कर्ज लेने की वजह से धनकटनी के साथ ही ऐसे किसानों को औने-पौने दाम पर धान बेचनी पड़ रही है। जब धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलते हैं, तो उन्हीं आढतियों से उनके रजिस्ट्रेशन से धान की एमएसपी पर खरीदारी कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है।



# मतदाताओं ने एक दशक बाद राज परिवार पर जताया भरोसा

नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** विधानसभा चुनाव में भवनाथपुर के मतदाताओं ने एक दशक बाद एक बार फिर नगर गढ़ राज परिवार पर भरोसा जताया है। 10 वर्षों के बाद एक बार फिर से भवनाथपुर की राजनीतिक नगर गढ़ में शिफ्ट हो गयी है। नगर गढ़ में जारी राजनीतिक सुखाड़ अब समाप्त हो गया है। भवनाथपुर विधानसभा के इतिहास में पहली बार झामुमो का परचम लहराते हुए अनंत प्रताप देव भवनाथपुर में तीर-धनुष चलाने में सफल हुए। जानकारी के अनुसार इस सफलता में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना, बिजली बिल माफी, केसीसी ऋण माफी, सावित्री बाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना के साथ हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, अनंत प्रताप देव के चचेरे भाई भोजपुर गढ़ के प्रमुख दीपक प्रताप देव, अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चुनाव में अनंत प्रताप देव की सरलता भी काम आई है। मंईयां सम्मान योजना अनंत प्रताप देव के जीत के लिए संजीवनी साबित हुआ है। झामुमो नेता ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव, अनंत प्रताप देव के पुत्र मानवेन्द्र प्रताप देव ने इस बार कुशल रणनीति के तहत क्षेत्र का घेराबंदी किया था। इस का परिणाम रहा की अनंत प्रताप देव भानू प्रताप शाही के अभेद्य किले भवनाथपुर, खरौंधी और केतार प्रखंड को भेदने में न सिर्फ कामयाब हुए बल्कि इन तीनों प्रखंडों में भानू को बढ़त भी नहीं बनाने दिया। इससे पूर्व अनंत प्रताप देव 2009 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर जीत दर्ज किया था।




## डोजर गिरने से ऑपरेटर की मौत

**चतरा।** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सरसीएल की कोल परियोजना के मगध क्षेत्र अंतर्गत कुंडी माइंस में डोजर गिरने से ऑपरेटर की दर्दनाक मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम आग लगस कोयला की स्टॉक को पानी डालकर डोजर से समतलीकरण किया जा रहा था। इस दौरान ऑपरेटर 42 वर्षीय कालूराम तमांग असम प्रदेश निवासी डोजर में गिरकर दब गया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक पिछले छह वर्ष से आउटसोर्सिंग कंपनी वीपीआर में काम कर रहा था। घटना के बाद वीपीआर कंपनी ने मृतक के आश्रित को 15 लाख मुआवजा राशि का चेक और क्रिया क्रम के लिये नकद एक लाख सौंपा। सोमवार को पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। डीजीएमएस के डायरेक्टर मो. आफताब, आईएसओ की टीम ने माइंस के अंदर पहुंचकर घटना की जांच पड़ताल की। महाप्रबंधक नृपेन्द्रनाथ ने ऑपरेटर की मौत होने की पुष्टि की। सूत्रों के अनुसार रविवार शाम डोजर से स्टॉक का समतलीकरण किया जा रहा था। इस दौरान डोजर 20 फीट नीचे गिर जाने ऑपरेटर की दब जाने से मौत हो गयी। तत्काल ऑपरेटर को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-कुडू मार्ग पर अमझरिया घाटी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुअनि पूरन सिंह सदलबल घटना स्थल पर पहुंच सड़क पर पड़े व्यक्ति को उठाकर अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार रवि पिता मुनित मोची कोढ़ास (लातेहार) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जितेंद्र कुमार अपने बाइक से कुडू के तरफ से लातेहार की ओर आ रहे थे। इस दौरान अमझरिया घाटी में अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## एनडीए के विजय जुलूस में शामिल हुए नव निर्वाचित विधायक

**कान्हाचट्टी (चतरा)।** कान्हाचट्टी प्रखंड में चतरा विधानसभा से नव अनिर्वाचित लोजपा विधायक जनार्दन पासवान एनडीए द्वारा निकाले गए विजय जुलूस में शामिल हुए। एनडीए के चतरा से जीत पर प्रखंड के कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। विजय जुलूस में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाने के साथ मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया। साथ ही लोग पटाखे आदि छोड़कर विजय की दिवाली मनाई। कार्यकर्ता देशभक्ति गानों के साथ झूमते हुए विजय जुलूस निकालकर अपना खुशियों का इजहार किया। विजय जुलूस में पहुंचे विधायक जर्नादन पासवान का कार्यकताओं ने स्वागत किया। इसके बाद जुलूस में शामिल होकर कान्हाचट्टी बाजार होते हुए राजपुर बाजार तक भ्रमण किया। जुलूस में प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह, शंकर सिंह, राजेश कुमार दुबे, गणेश यादव, लालधारी ठाकुर, प्रदीप पासवान, तिलेश्वर पासवान, शालिग्राम सिंह, अरुण कुमार सिंह, अजय कुमार यादव, केदार पासवान, राजेश ठाकुर आदि शामिल थे।

# मत्स्य मेला का आयोजन, दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** दिल्ली के प्रगति मैदान मे मत्स्य निदेशालय रांची द्वारा मत्स्य पालन को लेकर मेला का आयोजन किया गया है। इसमें झारखंड के लातेहार जिले के मत्स्य विभाग के पदाधिकारी रणविजय कुमार ने मत्स्य पालन को लेकर कई जानकारी दी है। मेला मे मत्स्य पालन को लेकर कई जानकारी साझा किया जा रहा है। राज्य में मत्स्य पालन की संभावनाओ को देखते विशेषज्ञों ने कई महत्पूर्ण जानकारी दी है। मेला मे कई स्टॉल लगाये गये है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री संजय सेठ व राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी भोर सिंह यादव समेत कई अधिकारियो ने मेला मे लगे स्टॉल का निरीक्षण किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ को मत्स्य पालन से संबंधित पुस्तक भी भेट की गई। मत्स्य पालन को लेकर लगे मेला मे देश के सभी राज्यो का स्टॉल लगा है. मेला 13 नवंबर से लगा है जो 27 नवंबर चलेगा।




## 4 सीट जीतने पर राजद नेताओं ने दी बधाई

बालूमाथ। राष्ट्रीय जनता दल के लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव ने झारखंड में राष्ट्रीय जनता दल से चार विधायक के विजयी होने पर खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले चुनाव में राजद से मात्र एक विधायक ने जीत दर्ज किया था, लेकिन इस बार राजद को झारखंड में 6 सीट दिया गया था, जिसमें चार विजयी होने में सफल रहें। नव निर्वाचित राजद विधायक गोड्डा से संजय प्रसाद यादव, देवघर से सुरेश पासवान, हुसैनाबाद से संजय सिंह यादव विश्रामपुर से नरेश प्रसाद सिंह को राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव सहित राजद प्रखंड परिवार ने बधाई दिया है। उन्होंने उपरोक्त विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के सभी कर्मठ कार्यकर्ता व वहां की जनता को भी आभार व्यक्त किया है। बधाई देने वालों में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव के अलावा अजय कुमार गुप्ता, राजेश कुमार रजक, दशरथ यादव, अजमल हुसैन, निरंजन यादव ,हरिहर यादव, विजय यादव ,पिंटू यादव, जगत नारायण यादव ,राजेश कुमार कुशवाहा, कमलेश यादव ,रेवालाल यादव, आशीष यादव ,बीरेंद्र यादव ,सत्येंद्र यादव, प्रमोद राम, संदीप उरांव,कुलदीप राम के नाम शामिल हैं।

## नोटा से भी कम मिले 7 प्रत्याशियों को मत

**केतार।** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं, जो अपनी शौक के लिए चुनाव मैदान में उतरते है और जीत नहीं पाते हैं। यहां तक की नोटा से भी कम वोट लातें है। इस बार भवनाथपुर से विधानसभा चुनाव में 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे थें। इसमें 7 उम्मीदवारों नोटा को मिले मत से भी पीछे रहत हुए हार गये। नोटा को 1234 वोट मिला है। 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले हैं। इसमें इंडियन फारवर्ड ब्लॉक के प्रत्याशी आदित्य कुमार गुप्ता को 567 वोट, समाजवादी पार्टी के उमेन्द्र यादव को 497 वोट, लोकहित अधिकार पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ें जयराम पासवान को 750 वोट, निर्दलीय चुनाव लड़ें नंदलाल राम को 800 वोट, देवेन्द्र प्रजापति को 601 वोट, वरूण बिहारी यादव को 605 वोट मिला है। जबकि आजाद समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ें रोशन कुमार को 666 वोट मिला है। इस चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा से चुनाव जीते झामुमो के अनंत प्रताप देव को एक लाख 44 हजार 837 वोट प्राप्त हुआ है। दूसरे स्थान पर रहे भाजपा के भानू प्रताप शाही को 1 लाख 23 हजार 702 वोट मिला है। तीसरे स्थान पर रहे निर्दलीय प्रत्याशी राहुल कुमार गुप्ता को 5946 वोट मिले हैं। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में देखें तो नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव और भानू प्रताप शाही को छोड़कर शेष सभी 15 प्रत्याशियों का जमानत जब्त हो गया है।

# लेवी मांगने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** नेतरहाट व महुआडांड़ थाना क्षेत्र में चल रही विकास कार्यों में कार्य कर रहे संवेदकों को धमकाने और लेवी की मांग करने के मामले में नेतरहाट पुलिस ने तीन आरोपियों सुजीत कुमार उर्फ कुणाल ग्राम कसियाडीह थाना सतबरवा, शक्ति सिंह फुलवार बगीचा महुआडांड़, विकास कुमार उर्फ छोटू ग्राम दीपा टोली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि 21 नवंबर को नेतरहाट थाना क्षेत्र के गढ़बुढ़नी व लुरगुमी के संवेदक द्वारा धमकी देने, उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के नाम से लेवी की मांग करने, घर में तोड़फोड़ करने के संबंध में मामला दर्ज कराया गया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार, नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस बल के साथ छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान मिले तथ्यों पर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले कई दिनों से इन आरोपियों द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कई तरह के ठेकेदारों को धमकी देने, उनके कार्यों, गतिविधियों और संपर्क नंबर उग्रवादियों तक पहुंचाने, नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़बुढ़नी के संवेदक के घर में तोड़फोड़ करने के मामले के साथ जान से मारने की धमकी का पर्चा छोड़ने में संलिप्त थे।

## विद्युत कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू, ऑफिस बंद, बिजली गुल

**महुआडांड़।** प्रखंड के विधुत कर्मी अपनी मांगों को लेकर सोमवार से हड़ताल पर चले गए है। विद्युत कर्मियों की हड़ताल पर चले जाने के कारण आने वाले कुछ दिनों तक महुआडांड़ प्रखंड वासियों को बिजली संकट से जुझना पड़ सकता है। मोबाइल चार्ज समेत अन्य बिजली से जुड़े कार्य ठप हो गए हैं। महुआडांड़ बिजली विभाग में कार्यरत मिस्त्री सुचित कुजूर, पारस राम, सकलेन इकबाल, श्याम बिहारी यादव, राजेन्द्र नाथ साय,जुगेश्वर सिंह, करमचंद उरांव, बबलू राम, दयाल लकड़ा, लखेपुर ग्रिड में कार्यरत अमित बेग,सुमित एक्का, सान्तनु कुजुर, गोपाल सिंह ने बताया कि पूर्व में मानव दिवस पांच महीने का कटौती किया गया। साथ ही जुलाई से वेतनमान मिला नहीं मिला है। इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से महाप्रबंधक (तकनीकी) विअर क्षेत्र मेदिनीनगर, सहायक विद्युत अभियंता बरवाडीह को सूचना दी जा चुकी है।



**स्वास्थ्य**

## फोर्टिज मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

# रोगियों को निः शुल्क दवा वितरण किया गया

नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** नौगढ़ा फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से चेचरिया मध्य विद्यालय के प्रांगण में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचने वाले लोगों का उनके जरूरत के अनुकूल चिकित्सकों द्वारा जांच, उपचार, आदि कराई जा रही थी। स्वस्थ शिविर में अस्पताल के चिकित्सक, फिजिशियन, डॉक्टर सरफराज आलम, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीष शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रानी कुमारी, एएनएम सुनीता सिंह, प्रदीप कुमार, मुस्कान सिंह, रिया रानी, अली नवाज, देवेंद्र पाठक सहित पूरी टीम ने भाग लिया। जहां आने वाले ग्रामीणों की चिकित्सकीय जानकारी लेते हुए जरूरत के अनुकूल चिकित्सकों के द्वारा उचित परामर्श दिया गया। साथ हीं निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। स्वास्थ्य जांच व चिकित्सकीय परामर्श के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए थे। शिविर में 200 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच व उपचार किया गया। इसके पूर्व स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन श्री सत्य साइन एजुकेशनल ट्रस्ट सह फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी होस्पीटल के चेयरमैन नीतीश पाठक, निदेशक प्रेम पाठक, पंचायत की मुखिया सुगंधा देवी, पंचायत समिति सदस्य हरिशंकर दुबे, विद्यालय के शिक्षक रमेश चंद्र दुबे, समाजसेवी राम तिवारी, अशोक तिवारी, अरुण दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर श्री सत्य साइन एजुकेशनल ट्रस्ट सह अस्पताल के चेयरमैन नीतीश पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, जिसकी जानकारी के अभाव में ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों को तरह-तरह के बीमारियों का सामना करना पड़ता है। धीरे-धीरे ये बीमारियां गंभीर रुप धारण कर लेती हैं। सही समय पर बीमारियों का समुचित इलाज होने से किसी की जान बचाई जा सकती है। किसी भी रोग को छिपाना नही चाहिए। उन्होंने लोगों को रहन-सहन, खान-पान में सावधानी बरतने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर स्वास्थ्य शिविर लगाना शिविर का आयोजन नियमित ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाता रहेगा। शिविर में सभी रोग के स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम आमंत्रित कर शिविर लगाया जाता रहा है। वैसे लोग जो शिविर में भाग नहीं ले सके उन्हें फोर्टिस मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पंचायत समिति सदस्य हरिशंकर दुबे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित अस्पताल का होना अपने आप में गर्व की बात है। जहां समर्पित भाव से चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों की ओर से सेवा भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। बताया कि जरूरत पड़ी तो आगे बढ़कर संस्थान व संस्थान हित में कार्य किया जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ मिल सके।



## पेज एक के शेष

### राष्ट्रपति करेंगी संबोधित...

भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति भी दोनों सदनों राज्यसभा एवं लोकसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगे। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला स्वागत भाषण देंगे। लोकसभा सचिवालय ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर कई महत्वपूर्ण गतिविधियों आयोजित की जानी है। भारत के संविधान को अंगीकृत किए जाने की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक स्मारक सिक्के और डाक टिकट का विमोचन किया जाएगा। ह्यभारत के संविधान का निमाणः एक झलकह्न नामक पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। ह्यभारत के संविधान का निर्माण और इसकी गौरवशाली यात्राह्न शीर्षक से प्रकाशित एक और महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन भी इस दौरान किया जाना है। इस अवसर पर, भारतीय संविधान की महिमा, इसके निर्माण और ऐतिहासिक यात्रा को दशार्ते हुए एक लघु फिल्म भी दिखाई जाएगी। गौरतलब है कि सोमवार 25 नवंबर से संसद का शीतकालीन सत्र प्रारंभ हो गया है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का आशीष लेने पहुंचे सीएम योगी



**वाराणसी**। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सोमवार को काशी कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे। दस दिन के भीतर सीएम योगी ने दूसरी बार बाबा के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। मुख्यमंत्री योगी इसके पहले 15 नवंबर को देव दीपावली पर वाराणसी आए थे। इस दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे।

## इस्कॉन के चिन्मय प्रभु हुए गिरफ्तार, हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ किया था प्रदर्शन

**ढाका** । बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को गिरफ्तार कर लिया गया है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि चिन्मय कृष्ण दास प्रभु को ढाका एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने उन्हें राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया है।

## इस्लामाबाद में तनाव आमने-सामने इमरान खान के समर्थक और सुरक्षा बल

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की सरकार विरोधी 'फाइनल कॉल' रैली, इस्लामाबाद के बाहरी इलाके में पहुंच गई है। यह रैली रविवार को खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर से शुरू हुई थी। देश की राजधानी में इसके प्रवेश को रोकने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही हैं।

## दिनेश भाटिया ब्राजील और जी बालसुब्रमण्यम मालदीव में राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली**। अर्जेंटीना में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया को ब्राजील का राजदूत नियुक्त किया गया है और नाइजीरिया में भारत के उच्चायुक्त जी बालासुब्रमण्यम को मालदीव में भारत के अगले उच्चायुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। भाटिया 1992 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए और उन्हें एलबीएसएनएए, मसूरी और विदेश सेवा संस्थान, नई दिल्ली में प्रशिक्षित किया गया। वह नेशनल डिफेंस कॉलेज (एनडीसी) के पूर्व छात्र हैं। जी बालासुब्रमण्यम 1998 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए।

# सांसदों ने लगाई डिजिटल हाजिरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सांसदों ने सोमवार को 18वीं लोकसभा के तीसरे सत्र के पहले दिन ऑनलाइन डिजिटल हाजिरी लगाई। स्टाइलस पेन और डिजिटल टैब के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराने का विकल्प सोमवार को पहली बार सांसदों को उपलब्ध कराया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की इस पहल का स्वागत करते हुए सदस्यों ने इसे सरल, सुविधाजनक और अधिक अनुकूल बताया है। इस दौरान कई सांसद डिजिटल हस्ताक्षर करते दिखे। डिजिटल हाजिरी के लिए लोकसभा के सभी सदस्यों को स्टाइलस पेन दिया गया है। संसद भवन में पहले से ही इसके लिए पेन रख दिए गए थे। संसद पहुंचने के बाद सांसदों को सबसे पहले अपना नाम खोजना होगा। इसके बाद वे अपनी हाजिरी लगा सकेंगे। ऐसा करके अब संसद की कार्यप्रणाली का पूरी तरह से डिजिटलीकरण किया जा रहा है। सांसद डिजिटल तरीके से अपनी हाजिरी लगाते हुए उत्साहित दिखे। सभी ने इस पहल का दिल खोलकर स्वागत किया। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में उन सभी कार्यों को डिजिटल कर दिया जाएगा, जो मौजूदा समय में कागजों पर हो रहे हैं। अभी संसद में कई कार्य कागजों पर किए जा रहे हैं, जिसे जल्द ही डिजिटल तरीके से किए जाने की कवायद जारी है। डिजिटल हाजिरी के लिए संसद की लॉबी में इलेक्ट्रॉनिक टैब भी लगा दिए गए हैं। इन्हीं टैब का इस्तेमाल कर सांसद अपनी हाजिरी लगाएंगे। ऐसा करके संसद को हाईटेक बनाने की कोशिश की जा रही है। सांसदों को हाजिरी लगाते वक्त कोई दिक्कत न आए, इसके लिए नेशनल इंफॉर्मेशन सेंटर की तरफ से इंजीनियरों की टीम मौजूद रहेगी।

## कांग्रेस नेताओं ने अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया

**नई दिल्ली**। संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया। इस बीच कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने अडाणी समूह के कथित कदाचार और इस मुद्दे पर जेपीसी गठन के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। कांग्रेस के हिबी ईडन ने भी गौतम अडाणी के खिलाफ अभियोग के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। इसके अलावा सीपीआई (एम) के राज्यसभा सदस्य जॉन ब्रिटास ने शून्यकाल नोटिस दिया है और केरल के वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए केंद्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता की मांग की है। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने 'कल उत्तर प्रदेश के संबल में पुलिस गोलीबारी' के मुद्दे पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने नियम 267 के तहत राज्यसभा में कार्य स्थगन नोटिस दिया है और गौतम अडाणी के अभियोग के मुद्दे पर चर्चा की मांग की है। कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने दिल्ली में वायु प्रदूषण पर अल्पकालिक चर्चा के लिए राज्यसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियम के नियम 176 के तहत राज्यसभा के महासचिव को पत्र लिखा।

## वक्फ विधेयक पर बनी जेपीसी की समय सीमा बढ़ाने की मांग

इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर वक्फ विधेयक पर बनी संयुक्त संसदीय समिति की समयसीमा को बढ़ाए जाने की मांग की है। 'इंडिया' ब्लॉक के सांसदों ने अपने पत्र में कहा, हम आपसे यह अनुरोध करते हैं कि वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल उचित समय तक बढ़ाया जाए। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि समिति की पहली बैठक 22 अगस्त 2024 को हुई थी। इसकी केवल 25 बैठकें हुई हैं जिनमें विभिन्न अप्रासंगिक संगठनों और व्यक्तियों के साक्ष्य और प्रस्तुतियां शामिल हैं। उन्होंने कहा, बिहार, नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्य सरकारों को अभी भी समिति के सामने पेश होना बाकी है। इसके अलावा, विभिन्न प्रतिनिधि हितधारक संगठन अभी भी समिति के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए समय मांग रहे हैं। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि वक्फ संशोधन विधेयक एक व्यापक कानून है जिसमें मौजूदा कानून में कई बड़े बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर भारत की आबादी के बड़े हिस्से पर पड़ेगा, इसलिए रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले केवल तीन महीने का समय न केवल अपर्याप्त है, बल्कि इसके परिणामस्वरूप अनुचित सिफारिशें हो सकती हैं।

## लोस में सकारात्मक संवाद व सहयोग की उम्मीद : बिरला



संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत हो चुकी है। संसद का यह सत्र बेहद हंगामेदार होने की संभावना जताई जा रही है। सरकार ने सदन चलाने के लिए विपक्ष से सहयोग की अपील की है। वहीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद सत्र के दौरान सकारात्मक संवाद और सहयोग की उम्मीद जताई है। इससे न केवल सदन की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी हमारे योगदान का मार्ग प्रशस्त होगा। मैं आशान्वित हूं कि सभी माननीय सदस्य संसदीय प्रक्रियाओं का सदुपयोग करते हुए सदन में प्रभावी कार्यकरण सुनिश्चित करेंगे। संसद के शीतकालीन सत्र में कई मुद्दे पर चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। वक्फ संशोधन विधेयक समेत कुल 16 विधेयक संसद में पेश करने के लिए सूचीबद्ध किया गए हैं।









# 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को गुयाना के राष्ट्रपति का समर्थन, पीएम ने जताया आभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का समर्थन करने के लिए गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली को धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति अली ने एक्स पर पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी थी।

राष्ट्रपति अली के ट्वीट पर रिएक्ट करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, आपके सहयोग को हमेशा संजोकर रखा जाएगा। मैंने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान इस बारे में बात की थी। उसी एपिसोड में गुयाना में भारतीय समुदाय की भी सराहना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में गुयाना की अपनी हालिया यात्रा का एक उदाहरण साझा करते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अन्य देशों में भी फैल रहा है। उन्होंने बताया कि गुयाना



के राष्ट्रपति इरफान अली और उनके परिवार ने भी इस कैंपेन में भाग लिया। गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली ने एक्स पर एक पोस्ट में इस बारे में लिखा, मेरे मित्र नरेंद्र मोदी की गुयाना की हालिया यात्रा के दौरान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाली 'एक पेड़ मां के नाम' पहल का समर्थन करना मेरे लिए सम्मान की बात थी।

## मप्र के सीएम यूके के दौरे पर, ब्रिटिश पार्लियामेंट का करेंगे भ्रमण

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन दिनों ब्रिटेन (यूके) और जर्मनी के छह दिवसीय प्रवास पर हैं। वे रविवार रात लंदन पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सुबह 10 (जीएमटी) बजे ब्रिटिश पार्लियामेंट (संसद) के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां उनका स्वागत ब्रिटिश सांसद बैरोनेस (संदीप के वर्मा) करेंगी। मुख्यमंत्री यहां सांसद बैरोनेस वर्मा के साथ ब्रिटिश पार्लियामेंट का भ्रमण करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने बताया कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के भ्रमण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव पार्लियामेंट्री स्क्वायर, वेस्टमिंस्टर में प्रतिष्ठित महात्मा गांधी की प्रतिमा स्थल पहुंचकर उन्हें आदरांजलि समर्पित करेंगे।

## रूस समर्थक स्वतंत्र उम्मीदवार की बढ़त ने सबको चौंकाया

**रोमानिया राष्ट्रपति चुनाव**

**एजेंसी । बुखारेस्ट**

रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार कैलिन जॉर्जेस्कु ने बढ़त हासिल कर सबको चौंका दिया है। उन्हें 77 प्रतिशत मतों की गिनती के बाद 21.9 फीसदी वोट मिले हैं। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकू 21.3 प्रतिशत वोट के साथ पीछे चल रहे हैं। सेव रोमानिया यूनियन की नेता एलेना लासकोनी 16.3 प्रतिशत वोट के साथ तीसरे नंबर पर हैं। वहीं रोमानियन यूनियन के लिए गठबंधन के नेता जॉर्ज सिमियन को 14.5 फीसदी वोट मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्जेसकू की अपनी कोई पार्टी नहीं है। उन्होंने मुख्य रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक पर प्रचार किया। जॉर्जेस्कू को रूस समर्थक और यूरोपीय संघ व नाटो का आलोचक माना जाता है। बुखारेस्ट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वोटों की गिनती अभी होना बाकी है। इन इलाकों में कुल मिलाकर 2.8 मिलियन वोटों में से 1.7 मिलियन वोट आते हैं। उम्मीद है कि इन क्षेत्रों के मतों की गिनती चुनाव के पहले दौर के नतीजों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगी। एग्जिट पोल संकेत देते हैं कि लास्कोनी इन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं, जिससे संभवतः सिओलाकू के साथ उनके वोटों का अंतर कम हो सकता है। यदि वह उनसे आगे निकल जाती हैं।

## एजुकेशन/करियर

# 10वीं- 12वीं में चाहिए अच्छा स्कोर तो ये अपनाएं ये प्लान

### कम समय में होगी पूरी तैयारी, बोर्ड परीक्षा में करेंगे टॉप

किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए पूरे साल मेहनत करना जरूरी है, लेकिन आप चाहें तो डबल मेहनत के साथ कम समय में की तैयारी में अच्छा स्कोर हासिल कर सकते हैं। सीबीएसई, आईसीएसई, आईएससी, बिहार, यूपी समेत ज्यादातर बोर्ड की परीक्षाओं का आयोजन फरवरी से अप्रैल 2025 के बीच किया जाएगा। इस साल 10वीं और 12वीं की परीक्षा देने जा रहे स्टूडेंट्स इन दिनों बोर्ड एग्जाम्स की फाइनल तैयारी में जुटे हुए हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी करने और टॉप करने के लिए अभी से कमर कस लें। यहां जानिए बोर्ड एग्जाम में टॉप करने के तरीके। इन टिप्स की मदद से आप अपना परीक्षा में अच्छा स्कोर कर सकते हैं।

### ऐसे करें कम समय में बोर्ड परीक्षा की तैयारी

गैजेट से दूरी- अगले कुछ महीनों तक स्ट्रिक्ट टाइम मैनेजमेंट के साथ पढ़ाई करें और अपना वक्त बर्बाद न करें। खासकर गेमिंग का शौक कुछ ज्यादा ही है, तो आप कुछ टाइम के लिए इसमें कटौती करें।



हालांकि, स्टडी मटेरियल के लिए ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं। 3 महीनों तक अपना पूरा फोकस सिर्फ बोर्ड परीक्षा पर ही बनाकर रखें। कुछ समय के लिए सोशल मीडिया और अन्य डिस्ट्रैक्शन से दूरी बनाकर रखने से भी बहुत मदद मिलेगी।



**जंप न करें :** कई बार छात्र जो आसान लगता है उसे पहले कंप्लीट करते हैं और कठिन टॉपिक को बाद के लिए छोड़ देते हैं। इससे परीक्षा का समय नजदीक आ जाता है और छोड़ गए टॉपिक के लिए समय कम मिलता है, जिसकी तैयारी पहले से ही नहीं हुई है। इसीलिए पहले टफ टास्क पूरे कर लें।

### न करें रट्टा मार पढ़ाई

हर साल की तरह इस साल भी लाखों स्टूडेंट्स 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होंगे। यह समय परीक्षा की तैयारियों का है। अगर आप परीक्षा में अच्छा स्कोर पाना चाहते हैं तो किसी भी टॉपिक को रटने की बजाए, उसे समझने की कोशिश करें। अक्सर होता है कि पेपर के दौरान कई सवाल ऐसे बदल कर आ जाते हैं, जिनके बारे में छात्रों को समझ ही नहीं आ पाता हैं। अक्सर स्टूडेंट्स नोटबुक्स और गाइड को तोते की तरह रट लेते हैं, जिससे पेपर को देखकर घबराहट होने लगती हैं। ऐसे में रटने से बेहतर हैं, उस टॉपिक को अच्छी तरह से समझना। इससे एग्जाम में सब्जेक्ट से रिलेटेड हर सवाल का जवाब आप लिख पाएंगे।

**1. टाइम टेबल करें फॉलों :** बोर्ड परीक्षा में टॉप करना है तो अपना एक टाइम टेबल बनाएं और उसी को सब्जेक्ट्स के मुताबिक डिवाइड करके पढ़ाई करें। जिस विषय में आप ज्यादा कमजोर हैं, उस ज्यादा से ज्यादा टाइम दें। वहीं, जिस विषय पर अच्छी पकड़ है, उसका रिवीजन भी जरूरी हैं। स्टूडेंट्स की सबसे बड़ी समस्या होती हैं कि वो टाइम टेबल तो बना लेते हैं, लेकिन उसे फॉलों नहीं करते, लेकिन आपको अच्छे अंको से पास होना हैं तो ऐसी गलती न करें।

**2. नोट्स बनाएं :** नोट्स हमेशा आपकी मदद करेंगे, जब भी आप पढ़ें या रिवीजन करें तो उसके नोट्स बनाते चलें। आपके बनाए नोट्स रिवीजन करने और जो भी आप पढ़ रहे है उसे समझने में बहुत काम आते हैं, नोट्स बनाने में लापरवाही न बरतें।

**3. अच्छी डाइट लें :** आपकी डाइट ऐसी होनी चाहिए, जिससे शरीर को प्रोटीन ज्यादा मिले। खाने में हरी सब्जियां, सूप, ताजा फल, अंडें, डेयरी प्रोडक्ट्स को शामिल जरूर करें। जंक फूड से दूरी बनाए रखें।

**4. लिखकर करें प्रैक्टिस :** बोल कर या मन में याद करते हुए पढ़ना ही काफी नहीं, आपको लिखने की प्रैक्टिस भी करनी चाहिए। इससे आपकी लिखने की स्पीड भी अच्छी होगी और हैंड राइटिंग में भी सुधार होगा, जो बेहतर मार्क्स के लिए आपकी मदद करेगा।

**5.जल्दी उठने की आदत :** सुबह जल्दी उठना हर किसी के लिए अच्छा होता है। स्टूडेंट्स के लिए यह खास तौर पर फायदेमंद होता है। परीक्षा के कुछ महीनों पहले से ही सुबह जल्दी उठने का प्रयास करें। सुबह अपने नियमित कार्यों को कर अपनी पढ़ाई शुरू करें। जल्दी उठ जाने पर आपका बहुत सा समय बच जाता है और दिन में आपको अधिक समय अपनी पढ़ाई के लिए मिलता है। सुबह पढ़ना बहुत लाभदायक है क्योंकि आप एकदम फ्रेश और एनर्जेटिक रहते हैं।